सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.4 न्यू | 28.9 अधि |
| धर्मशाला | 16.9 न्यू | 33.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75410.39 |
| निफ्टी | 22957.10 |

सोना 70,770 | चांदी 92,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



जिनेवा ओपन: उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 26 मई, 2024 | 13 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 158, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान अपील: वोट हमारा है अनमोल, कभी न करें इसका मोल

फाइनल

कोलकाता नाइट राइडर्स vs सनराइजर्स हैदराबाद

समय: रात 7:30 बजे (चेन्नई)

# छठा चरण: आठ राज्यों की 58 सीटों पर 58.82 फीसदी मतदान



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



उपराष्ट्रपति धनखड़



अरविंद केजरीवाल



राहुल गांधी



सोनिया गांधी



प्रियंका गांधी



एस. जयशंकर



बांसुरी स्वराज



नायब सैनी



नवीन पटनायक



नवीन जिंदल



सीपी राधाकृष्णन



साक्षी मलिक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव के छठे चरण के लिए शनिवार को 7 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर 58.82 फीसदी मतदान हुआ।

पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 78.19 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि जम्मू-कश्मीर में सबसे कम 51. 41 फीसदी वोट पड़े। बिहार की 8, हरियाणा 10, झारखंड 4, ओडिशा 6, जम्मू-कश्मीर एक, उत्तर प्रदेश 14, पश्चिम बंगाल 8, जबकि दिल्ली की 7 सीटों के लिए मतदान हुआ। छठे चरण के लिए हुई वोटिंग में ओडिशा की पुरी सीट से भाजपा के संबित पात्रा और संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग राजौरी सीट से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से मेनका गांधी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, भोजपुरी गायक मनोज तिवारी, कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार, आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, प. बंगाल से पूर्व जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय, नवीन जिंदल, राज बब्बर, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और अपराजिता सारंगिया का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है।

**प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद**

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी और भाजपा के समर्थकों के बीच झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों से हिंसा की छिटपुट घटनाओं की खबरें आई हैं। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग को पूर्वाह्न 11 बजे तक विभिन्न राजनीतिक दलों से 954 शिकायतें मिली हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में खराबी और अभिकर्ताओं (एजेंट) को बूथ में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया गया है। मतदान अभिकर्ताओं को बूथ में प्रवेश करने से रोकने को लेकर घाटल निर्वाचन क्षेत्र में टीएमसी और भाजपा के समर्थकों के बीच कथित तौर पर झड़पें हुईं। भाजपा उम्मीदवार हिरन चटर्जी ने दावा किया कि टीएमसी के गुंडों ने मतदान प्रक्रिया में बाधा पहुंचाई।

**बंगाल में सबसे ज्यादा 78.19 प्रतिशत मतदान**

| राज्य | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 78.19 |
| झारखंड | 62.13 |
| ओडिशा | 59.72 |
| हरियाणा | 58.06 |
| दिल्ली | 54.31 |
| उत्तर प्रदेश | 54.02 |
| बिहार | 52.80 |
| जम्मू-कश्मीर | 51.41 |
| औसत | 58.82 |

न्यूज शॉर्ट्स

### हेमकुंड साहिब के कपाट खुले



**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर के कपाट शनिवार को आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। शनिवार सुबह सैकड़ों की तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं ने हेमकुंड साहिब में मत्था टेका।

### राहुल गांधी आज करेंगे नाहन और ऊना में रैली



**नाहन।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी 26 मई को नाहन और ऊना के ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की जनसभा नाहन के चंबा मैदान में होगी, जिसका मुख्य कारण चौगान मैदान में भाजपा की जनसभा होने के कारण इतनी जल्दी खाली नहीं किया जा सकता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 मई को नाहन में जनसभा को संबोधित किया था।

### यूक्रेन को 27.50 करोड़ रुपए देगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध जारी है। इस बीच अमेरिका ने एक बार फिर यूक्रेन के लिए नई सुरक्षा सहायता की घोषणा की है। इसमें गोला-बारूद, तोपखाना राउंड और हवाई युद्ध सामाग्री शामिल है। नया सुरक्षा सहायता पैकेज 27.50 करोड़ का है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सुरक्षा सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सहायता कीव को मॉस्को के हमले को विफल करने में मदद करेगा।

### हरियाणा के विधायक राकेश का निधन



**चंडीगढ़।** गुरुग्राम के बादशाहपुर से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। राकेश दौलताबाद की उम्र 45 साल थी। साल 2019 में बादशाहपुर से भाजपा प्रत्याशी को हराकर राकेश दौलताबाद विधायक बने थे। राकेश को सुबह करीब 10 बजे हार्ट अटैक आया।

### छत्तीसगढ़ की फैक्टरी में विस्फोट से एक की मौत



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को विस्फोटक बनाने वाली एक फैक्टरी में विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हुए है, जिनकी हालत गंभीर है। वहीं, मलबे में कई लोग दबे होने की आशंका है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए डॉ. बीआर अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल रायपुर लाया गया है, जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

अनंत व्यंग्य






खड़गे के साथ भूपेश बघेल, पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी, कुलदीप राठौर और रोहित ठाकुर लोगों का अभिवादन करते हुए।

## चीन ने हमारी जमीन पर किया कब्जा कहां है 56 इंच का सीना: खड़गे

**दशमी रावत, रोहड़ू**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रामलीला मैदान रोहड़ू में चुनावी जनसभा के दौरान शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में वोट मांगे।

उन्होंने रैली में कहा कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर और सड़कें बना रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है? उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर हम सत्ता में आए तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। उन्होंने 2023 में आई आपदा पर हिमाचल सरकार को कथित तौर पर सहायता न देने के लिए केंद्र पर हमला बोला। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बाढ़ के बाद केंद्र से 10,000 करोड़ रुपए की सहायता मांगी थी, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोलते कुछ हैं और करते विपरीत हैं। केंद्र सरकार ने सेब पर लगने वाले आयात शुल्क को घटाकर सेब बागवानों का भारी आर्थिक नुकसान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह जरूर देगी। इस दौरान उन्होंने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आनंद शर्मा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सतपाल रायजादा व मंडी संसदीय क्षेत्र से विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में भी मतदान कर उन्हें संसद में भेजने की अपील है। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल में अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में गर्मी से लोगों को अभी राहत नहीं मिलेगी। पिछले दो दिन से कुछ क्षेत्रों में बारिश भी हुई है, लेकिन अभी भी गर्मी से हाल बेहाल है। 29 मई तक गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। 30 और 31 मई को कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग शिमला के अनुसार, 31 मई तक येलो अलर्ट जारी है। 28 मई तक कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। 29 मई को एक या दो स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने और लू चलने की संभावना है।

# पाक के एटम बम का डर दिखाने वालो, पीओके भी हमारा : शाह

## अंब और धर्मशाला में कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- कांग्रेस 40 सीटें भी नहीं ले पाएगी

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/धर्मशाला**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ऊना जिले के अंब और धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला।

शाह ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का अभिन्न अंग है। कांग्रेसी हमें डराते हैं कि पीओके की बात मत करो, क्योंकि पाकिस्तान के पास एटम बम है, लेकिन मैं देवभूमि-वीरभूमि से बोल रहा हूं कि हम भाजपा वाले हैं और एटम बम से नहीं डरते।

पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो तथा हमीरपुर लोकसभा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में भी डराते थे कि अगर अनुच्छेद-370 को हटाया तो खून की नदियां बहेंगी, लेकिन आज पांच साल हो गए, खून की नदियां तो छोड़ो, किसी की कंकड़ मारने की हिम्मत भी नहीं हुई। शाह ने कहा कि पांच चरण में मोदी 310 पार कर चुके हैं और अब सातवें चरण में 400 पार करेंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 40 के नीचे सिमट रही है। सुक्खू सरकार दस गारंटियों को लेकर सत्ता में आई है, लेकिन अभी तक सुक्खू सरकार एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है। न महिलाओं के 1500 रुपए प्रति माह मिले, न 300 यूनिट बिजली फ्री मिली।



धर्मशाला में अमित शाह पार्टी प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज और सुधीर शर्मा के साथ लोगों का अविभादन करते हुए। साथ हैं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता।

### मोदी के आशीर्वाद व अनुराग की प्लानिंग से मिली हिमाचल के विकास को गति

शाह ने कहा कि पिछले 10 साल में हमीरपुर का भर-भर कर विकास हुआ है, क्योंकि मोदी हिमाचल और हिमालय के लिए विशेष प्यार रखते हैं। कई बार तो गुजरात वालों को ईर्ष्या हो जाती है कि मोदी गुजरात के हैं या हिमाचल के। अनुराग ने भी बड़ी प्लानिंग के साथ इस क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया है। 10,000 करोड़ की लागत से किरतपुर-नेरचौक फोरलेन रोड, 1300 करोड़ की लागत से हमीरपुर-मंडी खंड का चौड़ीकरण, 1200 करोड़ की लागत से हमीरपुर धर्मपुर मंडी हाईवे, 871 करोड़ की लागत से लाठियानी मंडली पुल बनाया, 350 करोड़ की लागत से कंदरौर से हमीरपुर एनएच 88 पर 11 नए पुल और सड़क चौड़ीकरण कराया, 6753.42 करोड़ से भानुपली-बिलासपुर रेलवे लाइन, 2000 करोड़ से बल्क ड्रग पार्क, 1500 करोड़ से बिलासपुर में एम्स, ऊना में पीजीआई का सैटलाइट सेंटर, जोलसप्पड़ में नया मेडिकल कॉलेज, देहरा में सेंट्रल यूनिवर्सिटी, ट्रिपल आईटी ऊना में, बिलासपुर में पूरे देश का एकमात्र हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, 66 मेगावॉट का धौलासिद्ध हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट और आइओसीएल ऊना में डिपो बना है। मोदी के आशीर्वाद और अनुराग की प्लानिंग ने हमीरपुर के साथ-साथ पूरे हिमाचल के विकास को गति दी है।

## दीया लेकर भी ढूंढोगे तो अनुराग ठाकुर जैसा सांसद नहीं मिलेगा



ऊना के अंब में अमित शाह को बाबा बालक नाथ की प्रतिमा भेंट करते अनुराग ठाकुर।

**अमित शाह** ने अंब में विजय संकल्प रैली में अनुराग की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमीरपुर लोकसभा वालो, दीया लेकर भी ढूंढोगे तो अनुराग ठाकुर जैसा सांसद नहीं मिलेगा। मैं पूरे देश में जहां भी जाता हूं वहां लोग कहते हैं कि हमारे सांसद को मंत्री बना दो। मोदी ने आपको बना बनाया मंत्री दिया है। मैं अनुराग को सालों से जानता हूं। अनुराग ने मेरे साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा और क्रिकेट एसोसिएशन में काम किया है और आज मोदी के साथ उनके मंत्रिमंडल के साथी के रूप में काम कर रहे हैं। अनुराग ने न सिर्फ अपने क्षेत्र की चिंता की बल्कि इसके साथ-साथ पूरे देश के युवाओं को भाजपा की विचारधारा के साथ जोड़ने का काम किया है। अनुराग का खेलों में भी अभूतपूर्व योगदान है। जतन करके रखना, भारतीय जनता पार्टी ने आपके पास अपना बहुत बड़ा नेता भेजा है।



ऊना के अंब में पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर व देवेंद्र कुमार भुट्टो के पक्ष में आयोजित अमित शाह की 'विजय संकल्प' रैली के दौरान उमड़ा लोगों का अपार जनसमूह।

### अग्निवीर योजना पर झूठ फैला रहे राहुल

**धर्मशाला।** शाह ने भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज और सुधीर शर्मा के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि राहुल ने एक नई परंपरा शुरू की है, वह झूठी बात को ही मुद्दा बना रहे हैं। इसका उदाहरण अग्निवीर योजना है। अग्निवीर योजना के प्रति देशभर में भ्रांति फैलाई जा रही है कि 4 साल के बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों का कोई भविष्य ही नहीं है, उनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। इस योजना के तहत 100 जवान अग्निवीर बनते हैं, तो उसमें से 25 प्रतिशत की तो सीधा सेना में परमानेंट पोस्टिंग हो जाएगी और 75 प्रतिशत बचे हुए जवानों के लिए सभी राज्य सरकारों ने अपनी पुलिस फोर्स में 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है। केंद्र सरकार के पैरामिलिट्री फोर्स में भी 10 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है। राहुल पार्टी के फायदे के लिए झूठ फैला रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## शाह के नेतृत्व में भाजपा बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी : अनुराग

**राजेश शर्मा, ऊना**

**अनुराग** ठाकुर ने कहा कि अमित शाह जितने अच्छे संगठनकर्ता हैं उतने ही उत्कृष्ट प्रशासक भी हैं। इन्हीं के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी।

भाजपा और प्रधानमंत्री के संकल्पों को पूरा करने में अमित भाई का बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। अमित शाह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की यात्रा के प्रमुख सारथी के रूप में कार्य कर रहे हैं। इनके योगदान से ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा, तीन तलाक निरस्त हुआ, सीएए लागू हुआ, देश से नक्सलवाद-आतंकवाद खत्म हुआ और भव्य राम मंदिर भी बना। जब हिमाचल आपदा से जूझ रहा था तब मोदी और शाह ने हमारी सभी मांगों को पूरा किया। उन्होंने हमें 1762 करोड़, मनरेगा से हजारों करोड़ रुपए, ग्रामीण सड़कों के लिए लगभग 2300 करोड़ और लगभग 20,000 ग्रामीण आवास दिए। मोदी ने हमारी माताओं बहनों को ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से देश की विधायिकाओं में 33 फीसदी आरक्षण दिया। (अनंत ज्ञान)

**इनके योगदान से ही अनुच्छेद 370 हटा, तीन तलाक निरस्त हुआ**

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# जयराम पांच साल में लुटाते रहे जनता का खजाना : सीएम सुक्खू

## पीएम मोदी ने 10 साल में कोई भी वादा नहीं किया पूरा : आनंद शर्मा

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को लोकसभा के कांगड़ा सीट के पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में इंदौरा में चुनावी रैली की। इस दौरान उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लिया।

उन्होंने कहा भाजपा के पांच साल में जयराम केवल जनता का खजाना लुटाते रहे। जयराम सरकार ने पांच साल में केवल 20 हजार नौकरियां दी किंतु हमारी सरकार ने केवल एक साल में ही 22 हजार नौकरियां नौजवानों को दीं। वहीं, बेसहारा 4 हजार बच्चों को 27 साल की उम्र तक सारा खर्च सरकार की ओर से वहन किया जा रहा है।

अवसर पर पशुपालन विभाग मंत्री चंद्र कुमार, सुजानपुर (पंजाब) के विधायक पुरी व राजस्थान से प्रभारी धर्मेंद्र राठौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने मुख्यमंत्री का फूलमालाएं पहनाकर व ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया। राजन ने भीड़ जुटाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। इस मौके पर आनंद शर्मा ने कहा दस साल पहले जो वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादे किए थे उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। चाहे वह विदेशों से काला धन वापस लाने की बात हो या महंगाई कम करने की बात हो।

कांग्रेस ने 1950 में संविधान बनाकर सभी को बराबर वोट देने का अधिकार दिया था। आज भाजपा वाले यह जता रहे हैं कि अबकी बार 400 पार करेंगे। यह जनता का अपमान है, किसको कितनी सीटें मिलेंगी यह जनता तय करती है न कि पार्टियां। उन्होंने दावा किया कि भाजपा इस बार 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी।



इंदौरा में रैली में मौजूद मुख्यमंत्री सुक्खू, आनंद शर्मा, चंद्र कुमार व मलेंद्र राजन।

### मंड क्षेत्र से 4 प्रधान भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल

**मुख्यमंत्री** के इस कार्यक्रम में मंड क्षेत्र से चार प्रधानों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। इनमें उल्हड़िया पंचायत के प्रधान पूर्ण सिंह, बरोटा पंचायत के प्रधान बीरा, ठाकुरद्वारा पंचायत के प्रधान गणेश, बसंतपुर पंचायत के प्रधान कुलदीप सिंह भाजपा छोड़ कांग्रेस शामिल हो गए।

# भाजपा 4 जून को बनाएगी दो सरकारें : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

### बोले शाह की रैली में मिला भारी जनसमर्थन, सुरक्षा घेरे को हटाना पड़ा

भाजपा के स्टार प्रचारक अमित शाह की रैली के बाद धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कहा कि अमित शाह ने मंच से जो कुछ भी कहा वह सत्य है।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने भी मंडी में यही कहा था कि प्रदेश की यह सरकार चलने वाली नहीं है और इस सरकार का जाना तय है। 4 जून को जब परिणाम आएंगे तब भाजपा प्रदेश की 4 लोकसभा और 6 उपचुनाव जीतकर दो सरकारें बनाएगी, जिनमें एक सरकार केंद्र की होगी और दूसरी हिमाचल की होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को मिल रहे अपार जनसमर्थन को देखते हुए जनता ने मन बना लिया है कि भाजपा की ही सरकार बनानी है। इसी कड़ी में रैली के दौरान पंडाल छोटा पड़ गया। सुरक्षा के घेरे के अंदर किसी तरह की अनुमति नहीं होती, लेकिन आज सुरक्षा घेरे को खोल दिया गया और लोगों को आगे बैठने के लिए स्थान दिया गया। इससे पता चलता है कि भाजपा को जनसमर्थन मिल रहा है और इसके परिणाम आगामी 4 जून को साफ हो जाएंगे।



# प्रियंका गांधी कल कांगड़ा-चंबा में जनसभाओं को करेंगी संबोधित

**धर्मशाला।** अंतिम चरण में हिमाचल में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों ने प्रचार को धार देने के लिए हिमाचल का रुख कर लिया है। भाजपा के बाद अब कांग्रेस से भी पार्टी के केंद्रीय नेता हिमाचल में जनसभाएं कर माहौल अपनी-अपनी तरफ करने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी 27 मई को हिमाचल दौरे के दौरान कांगड़ा और चंबा में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगी। प्रियंका पहले कांगड़ा जिले के शाहपुर स्थित चंबी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगी। वहीं दोपहर में वह चंबा में जनसभा करेंगी।



## होम वोटिंग



बिलासपुर : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के पिता नारायण दास नड्डा मतदान करते हुए।

# जागरूक मतदाता ही सशक्त भारत का निर्माता : अरुण धूमल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने शनिवार को हमीरपुर में आयोजित जागरूकता मतदाता शत-प्रतिशत मतदान पर आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे मतदान को सौ फीसदी करने के लिए एक दूसरे को जागरूक करें।

इस सम्मेलन में सैकड़ों युवाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब देश और दुनिया के मीडिया में खबर छपती थी कि भारत के पास लड़ने के लिए सीमित हथियार रह गए हैं। आज वही भारत दुनिया भर के देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है और यह संभव हो पाया है देश के जागरूक मतदाता के कारण, जिन्होंने 2014 में अपने मत का सही प्रयोग करते हुए देश की बागडोर एक सशक्त नेतृत्व के हाथों में दी। धूमल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुधरी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि देश हित में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, क्योंकि जागरूक मतदाता ही सशक्त भारत का निर्माता हो सकता है। वहीं, भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने कहा कि युवाओं को तय करना है कि देश की बागडोर किन हाथों में देनी है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने अपनी काबलियत से हिमाचल और हमीरपुर का नाम देश और दुनिया में रोशन किया है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री, संजीव डोगरा, सतीश शर्मा, संजय कुमार आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



युवा सम्मेलन को संबोधित करते अरुण धूमल, साथ हैं अन्य।

# 21वीं सदी में भी महिला विरोधी है कांग्रेस : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद और प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि पांच चरणों के चुनावों में भाजपा बहुमत के आंकड़ों को पार कर चुकी है और आज छठे चरण का चुनाव हो गया है। हिमाचल प्रदेश इस बार 4-0 से हैट्रिक बनाने जा रहा है। उनका मानना है कि 4 तारीख को भाजपा 400 से अधिक सीटें हासिल करेगी। कश्यप ने हिमाचल की जनता से अपील की कि वे केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करें ताकि भाजपा के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत हासिल करें।

कश्यप ने भाजपा के पालमपुर में हुए कार्यसमिति की बैठक का भी उल्लेख किया, जिसमें अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया था। उन्होंने इसे हिमाचल प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि इस संकल्प के पूरा होने से 500 साल का इंतजार और संघर्ष समाप्त हुआ। उन्होंने इस सफलता का श्रेय जनता के एक वोट की ताकत को दिया और कहा कि कांग्रेस इस मंदिर का निर्माण नहीं होने देती, अगर उन्हें मौका मिलता। कांग्रेस पर हमला करते हुए कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक देश पर शासन किया, लेकिन भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश को पिछड़ेपन की ओर ले जाना चाहती है और विकास की राह में रुकावटें डालना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा मुस्लिम पर्सनल लॉ के बहाने शरिया कानून का समर्थन करती है और देश को विकसित नहीं होने देना चाहती। कश्यप ने कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया और कहा कि आज दुनिया 21वीं सदी में जा रही है, जबकि कांग्रेस 21वीं सदी में नहीं आ पाई है। देश आज आगे बढ़ रहा है और कांग्रेस विपरित दिशा में चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश को बर्बादी के रास्ते पर ले जा रही है, उन्होंने जनता से अपील की कि वे कांग्रेस को रोककर देश और प्रदेश को विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में प्रधानमंत्री का सहयोग करें।



कसुम्पटी में चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान सुरेश कश्यप समर्थकों के साथ।

# आठवीं व नौवीं लोकसभा में हिमाचलियों की भागीदारी

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

देश में आठवीं लोकसभा के लिए वर्ष 1984 में सामान्य चुनाव संपन्न हुए, जिनमें हिमाचल प्रदेश से चारों सीटों पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विजयी रहे। इन चुनावों में भाग लेने के लिए 23,14,024 मतदाता पात्र थे, लेकिन 61.5 प्रतिशत यानी 14,22,000 मतदाताओं ने ही चुनाव में शिरकत की।

सात दलों ने 31 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। कांग्रेस पार्टी ने चारों सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे जो विजयी रहे। इस पार्टी को 67.6 प्रतिशत यानी 9,42,657 मत मिले। भाजपा ने तीन सीटों पर ही उम्मीदवारी जताई थी, यह सभी दूसरे स्थान पर रहे। भाजपा को 3,24,630 यानी 23.3 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। जनता पार्टी ने दो सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए जिनमें से एक उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहा।

जनता पार्टी को 50,050 यानी 3.6 प्रतिशत मत मिले। इन चुनावों में सर्वाधिक 19 उम्मीदवार आजाद प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे। जिनमें से केवल एक ही उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहा। सभी आजाद उम्मीदवारों को 3.3 प्रतिशत यानी 46,174 मत प्राप्त हुए। लोक दल द्वारा एक सीट पर चुनाव लड़ा गया। जहां प्रत्याशी ने एक प्रतिशत यानी 14,591 मत लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। सीपीआई द्वारा भी एक ही सीट पर चुनाव लड़ा गया व 0.9 प्रतिशत यानी 12,920 मत लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

भारतीय कांग्रेस (जे) द्वारा भी एक सीट पर चुनाव लड़कर तीसरा स्थान हासिल किया। इस पार्टी को 0.3 प्रतिशत यानी 3,817 मत मिले। इन चुनावों में विजयी रहे कांग्रेस पार्टी के सभी उम्मीदवारों में हमीरपुर आरक्षित सीट से नारायण चंद्र पराशर को 5,90,980 में से 3,91,974 यानी 66.3 प्रतिशत मत मिले। कांगड़ा सीट पर विजयी रही चंद्रेश कुमारी को 5,68,075 मतों में से 3,81,100 यानी 67.1 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। मंडी सीट पर पंडित सुखराम को 5,89,790 मतों में से 57.5 प्रतिशत मत यानी 3,39,184 मत मिले। शिमला सीट पर कृष्णदत्त सुल्तानपुरी को 5,65,179 मतों में से 54.8 प्रतिशत मत यानी 3,09,742 मत मिले। देश में नवी लोकसभा के लिए आम चुनाव 1989 में संपन्न हुए, इसमें तीन सीटें भाजपा को व एक सीट कांग्रेस को मिली। इन चुनावों में 63.9 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 29,83,359 पात्र मतदाताओं में से 19,07,725 ने ही चुनावों में शिरकत की।

नौ दलों द्वारा कुल 33 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे गए थे। भाजपा ने प्रदेश की चारों सीटों पर चुनाव लड़ा और तीन पर विजय हासिल की। एक सीट पर दूसरा स्थान पाया। इस पार्टी को 45.3 प्रतिशत यानी 8,51,662 मत प्राप्त हुए। मंडी सीट पर भी भाजपा की महेश्वर सिंह को 62.3 प्रतिशत यानी 7,56,145 मत प्राप्त हुए जबकि शिमला सीट पर कांग्रेस पार्टी के कृष्ण दत्त को 59.3 प्रतिशत यानी 7,18,487 मत प्राप्त हुए। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा सरकार लोगों को 10 साल से कर रही गुमराह : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आंकड़ों के साथ यह बताना चाहिए कि आपदा के समय उन्होंने प्रदेश को कितनी आर्थिक मदद दी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आपदा राहत के नाम पर मंडी में अपने भाषण में प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि प्रदेश को करोड़ों रुपए दिए हैं। प्रदेश में आपदा से 12 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, जबकि केंद्र सरकार ने इस दौरान प्रदेश को केवल 300 करोड़, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जारी किए।

उन्होंने कहा यह पैसा हर साल केंद्र की ओर से सभी राज्यों को ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए मिलता है, यह सभी राज्यों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चुनाव के दौरान तो प्रदेश के दौरे पर आए, पर आपदा के समय न तो वह प्रदेश का दुख-दर्द देखने आए और न ही कोई हमदर्दी जताई। विक्रमादित्य ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ का एक आपदा राहत कोष स्थापित कर प्रभावित लोगों की पूरी मदद की।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपदा में न तो प्रदेश के लोगों की कोई मदद की और न ही सरकार को कोई सहयोग दिया। आज जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के मच्छयान, चौंतड़ा व लड़भड़ोल में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य ने कहा कि वह मंडी में बड़े विकास के विजन को लेकर लोगों से वोट मांग रहे हैं, जबकि भाजपा की प्रत्याशी इधर-उधर की बातें कर लोगों का मनोरंजन कर रही है।

उन्होंने कहा कि राजनीति कोई पार्ट टाइम जॉब नहीं होती, इसके लिए दिन-रात लोगों के बीच रहकर उनकी सेवा करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि यह मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों को तय करना है कि उन्हें कैसा सांसद चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह प्रत्याशी 4 जून को अपना बोरिया-बिस्तर समेट कर वापस मुंबई लौट जाएंगी। अब तो भाजपा के नेता भी अपनी दबी जुबान में कहने लगे हैं कि कब यह आफत अपने शहर मुंबई लौटेगी।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को मंडी में हुए विकास कार्य नजर नहीं आते। उन्होंने कहा कि मंडी में आईआईटी, मेडिकल कॉलेज व किरतपुर से कुल्लू फोरलेन का कार्य कांग्रेस सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि मंडी शहर को स्मार्ट सिटी कुल्लू में मेडिकल कालेज व नर्सिंग कॉलेज खोलना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर में एक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। विक्रमादित्य ने लोगों से उन्हें भारी मतों से विजय बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि सांसद बनने के बाद वह अपने मंडी संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ प्रदेश के विकास कार्यों की आवाज मजबूती से उठाएंगे।



जोगिंद्रनगर में विक्रमादित्य को देव पशाकोट का चित्र भेंट करते कार्यकर्ता।

# भाजपा ही कर सकती है मंडी का विकास : कंगना



चुनाव प्रचार के दौरान तलवार लहराती हुई कंगना रनौत।

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने शनिवार को द्रंग विधानसभा में अपना चुनावी जनसंवाद अभियान के दौरान दर्जन भर कार्यक्रमों में भाग लिया।

कंगना ने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र व हिमाचल प्रदेश का विकास केवल भाजपा की मजबूत सरकार ही कर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल प्रदेश को अपना घर ही नहीं मानते बल्कि हिमाचल का ध्यान भी रखते हैं। आज हिमाचल में चाहे किरतपुर मनाली फोर लेन सड़क हो या बिलासपुर में एम्स अस्पताल हो, चाहे रोहतांग टनल, आईआईएम सिरमौर, यह सब प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री मोदी की ही देन हैं व आने वाले समय में मंडी में हवाई अड्डे का कार्य भी भाजपा का कुशल नेतृत्व ही कर सकता है। कांग्रेस के लोगों को यह सब कार्य दिखते नहीं हैं, परंतु हिमाचल प्रदेश की जनता भली-भांति से इस बात को समझती है कि आज प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से ही हिमाचल प्रदेश का कायाकल्प हुआ है। कंगना रनौत ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 1989 में भाजपा की पालमपुर में कार्यसमिति की बैठक, जिसमें की अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था।

आज देश के राष्ट्रपति के पद से लेकर लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। बेटियां आज हर क्षेत्र में नेतृत्व देने का काम कर रही है, लेकिन की सोच बेटी विरोधी रही है। कांग्रेस ने मंडी की बेटियों के लिए जो भद्दी बातें कही हैं, वो मंडी का अपमान है, छोटी काशी का अपमान है, हिमाचल के अपमान है हिमाचल की हर बेटी का अपमान है। (अनंत ज्ञान)

# पड्डल मैदान बुक करके अब रैली करने से भाग रही कांग्रेस : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी के विभिन्न क्षेत्रों की जनसभाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिमाचल में मिले अपार जनसमर्थन से कांग्रेस सकते में हैं।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के लिए निर्धारित पड्डल मैदान को बुक करवा लिया और कहा कि बहुत बड़ी रैली करने वाली है, क्योंकि उन्हें लगा की प्रधानमंत्री अंतिम दौर में आएंगे। इसके लिए 27 से 29 मई के लिए पड्डल मैदान बुक करवा लिया, जिससे नरेंद्र मोदी की रैली ही न हो पाए, लेकिन उनसे 23-24 मई की बुकिंग रह गई। जिस दिन मोदी की ऐतिहासिक रैली हुई, उसे देखकर अब कांग्रेसी की पड्डल में रैली करने की हिम्मत ही नहीं हो रही है। कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि अब हम रैली का मैदान बदल रहे हैं। अब वह कुल्लू में रैली करने जा रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं ने प्रधानमंत्री की चौथाई भीड़ भी न जुटा पाने से हाथ खड़े कर दिए, इसलिए मैदान बुक करवाकर कांग्रेस अब रैली से ही भगा रही है।



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए जयराम ठाकुर।

**चुनावी जनसभा** भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर, पाई-पाई बचाकर उसे जनता की भलाई पर किया खर्च

# मोदी सरकार ने किया हर वादा पूरा: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**केंद्रीय** मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत हरनोड़ा, धारटटोह, बैरी, ठौडू मंगरोट, बिलासपुर शहर व ओयल में चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 10 साल में पूरी ईमानदारी से जनहित में काम किया है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर पाई-पाई बचाकर उसे जनता की भलाई पर खर्च किया गया है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, जनधन और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। चरमराती अर्थव्यवस्था में सुधार करके भारत को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाया है। यूपीए के समय सरकार बाहरी ताकतों के दबाव में रिमोट कंट्रोल से चलती थी, लेकिन अब विश्व के अन्य देश भारत का अनुसरण कर रहे हैं। सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है, लेकिन कांग्रेस का विकास से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस 10 गारंटियों से लोगों को गुमराह करने में सफल हो गई थी, लेकिन डेढ़ साल में एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई।



बिलासपुर में जनसभा के दौरान अनुराग ठाकुर, त्रिलोक जम्वाल व अन्य नेता।

### एससी/एसटी व ओबीसी के कोटे में कटौती करना चाहती है कांग्रेस

**अनुराग** ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता से किया हर वादा पूरा किया है। हिमाचल राम मंदिर के निर्माण की संकल्प भूमि है। पालमपुर में आयोजित भाजपा के अधिवेशन में अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया था, जिसे मोदी सरकार ने पूरा किया है। केंद्र सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों को भी 10 फीसदी आरक्षण दिया है, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस एससी/एसटी व ओबीसी के कोटे में कटौती करना चाहती है।

**जागरूकता अभियान**



जोगिंद्रनगर : राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर की अध्यक्षता में विद्यार्थियों, अध्यापकों, और कर्मचारियों को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान पोस्टर मेकिंग को दिखातीं छात्राएं।

**मतदान का संदेश**



बंगाणा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोग में नोडल अधिकारी मदन प्रेमी ने मजबूत प्रजातंत्र के लिए छात्रों को मतदान का महत्व बताया।

# फौजी वोटर बनेंगे मेरी जीत का मुख्य आधार: कैप्टन रणजीत राणा

विधानसभा उपचुनावों में हिमाचल की सबसे 'हॉट सीट' सुजानपुर बनी हुई है। इस सीट पर घोषित मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल भी चुनाव हार चुके हैं। पिछली बार जब वह चुनावी दंगल से बाहर रहे तो उन्हीं के पसंदीदा कैप्टन रणजीत राणा को भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया था। बहुत ही कम यानी 399 मतों से उन्हें तब कांग्रेस के राजेंद्र राणा ने पटखनी दी थी। ऑपरेशन लोटस को अंजाम देने वाले बागी विधायक राजेंद्र राणा अब यहां पर भाजपा के प्रत्याशी हैं और कैप्टन रणजीत राणा कांग्रेस के। क्षेत्र की समस्याओं और चुनावी समीकरणों को लेकर **'अनंत ज्ञान'** के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** ने कैप्टन रणजीत राणा से कई मुद्दों पर बातचीत की। पेश हैं मुख्यांश-

**सवाल: आपको कांग्रेस का टिकट क्यों लेना पड़ा?**

**जवाब:** क्योंकि सुजानपुर की जनता के साथ विधायक ने गद्दारी की है। सरकार को भी गिरने का प्रयास किया। इसीलिए कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने पर मजबूर हुआ। यहां मान-सम्मान बराबर मिल रहा है।

**सवाल: आप दोनों ने पार्टियां बदली हैं, इससे सुजानपुर की जनता को क्या मिला ?**

**जवाब:** यह तो जिसने सुजानपुर के साथ गद्दारी की है, उसी से पूछा जाना चाहिए। मैं तो थोड़े से वोटों से पिछली बार हार गया था, लेकिन इस बार हर हाल में जीतूंगा और सुजानपुर की जनता के साथ जो वादे किए हैं, उन्हें निभाऊंगा और पूरा करवाऊंगा।

**सवाल : जिन्होंने पिछली बार आपकी कैंपेन में आंसू बहाए थे, वे अब आपके खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। कैसे देखते हैं आप?**

**जवाब:** तब परिस्थितियां अलग थीं, अब अलग हैं। मुझे इस बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का पूरा आशीर्वाद है। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। जीत कर दिखाऊंगा।






**सवाल: आपको सुजानपुर की जनता क्यों वोट दे?**

**जवाब:** वोट तो पिछली बार भी खूब दिए थे। तब थोड़े से वोटों से हारा था, लेकिन जिसे जिताया था, उसने क्या गुल खिलाए। इस बार सुजानपुर की जनता मेरे साथ पिछले चुनावों मैं जो हुआ, उसकी 'टीस' का बदला जरूर लेगी।

**सवाल : कांग्रेस के संगठन की वर्किंग में आपको क्या फर्क नजर आ रहा, क्योंकि आपने बीजेपी के संगठन को भी देखा है?**

**जवाब :** जी, यहां पर सब बढ़िया से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। एक ही लक्ष्य है, सीएम सुखविद्र सिंह सुक्खू की प्रतिष्ठा को बढ़ाना।

**सवाल : आपका विजन क्या है सुजानपुर को लेकर? क्या-क्या दिमाग में घूम रहा, जो आप करवाएंगे?**

**जवाब :**सुजानपुर के अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना, जंगलबैरी में स्टेडियम का निर्माण, वहां के अस्पताल में एक्स-रे मशीन, सुजानपुर में पूर्व सैनिकों के बच्चों और अन्य युवाओं के लिए एक अकादमी या संस्थान खोलना, जिसमें फ्री कोचिंग दिलाई जाएगी। किसानों के खेतों की प्रोटेक्शन के लिए कंटीली तार लगाकर सुविधा दी जाएगी।

**सवाल : पिछला रिकॉर्ड देखा जाए तो आप अपनी पंचायत में बहुत कमजोर साबित रहे हैं?**

**जवाब:** इस बार 95 फीसदी वोट मुझे मिलेंगे? कुछ इक्का-दुक्का वोटर हैं, जो पार्टी बेस पर चल रहे हैं। पर्सनल किसी के साथ कोई लड़ाई झगड़ा नहीं है।

**सवाल: सुना है 'एक वोट सीएम और एक पीएम' का नारा सुजानपुर में खूब गूंज रहा है?**

**जवाब :** नारे का तो मुझे पता नहीं, लेकिन कांग्रेस के समर्थन में यहां पर अच्छा माहौल बन गया है। सीएम की खातिर लोग एकजुट हैं।

**सवाल: भाजपा संगठन और अन्य पुराने दोस्तों का कितना साथ मिल रहा इस चुनाव में?**

**जवाब:** यह न ही पूछें तो बढ़िया रहेगा। यहां क्या स्थिति है? सभी को मालूम है। फौजी वोटर यहां मेरी जीत का मुख्य आधार बनेंगे।

**सवाल: आपने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। आप तो कांग्रेस प्रत्याशी हो गए। चुनाव लड़ने की यह महत्वाकांक्षा मतदाताओं पर क्या प्रभाव डाल रही?**

**जवाब:** मतदाताओं को सब कुछ पता है। पूर्व सैनिक बड़ी तादाद में मेरे साथ हैं। यह स्थिति मेरे लिए बेहद सुखद है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



देश में संतुलित विकास को तरजीह देने की जरूरत है। शिक्षा और स्वास्थ्य को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए अभी कुछ खास कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। देश में विकास के नाम पर प्रकृति और पर्यावरण को अंधाधुंध नुकसान पहुंच रहा है। इन सुविधाओं को बेहतर बनाने की सोच वाले उम्मीदवार को इन चुनावों में वोट दिया जाना चाहिए। **-विमल वर्मा, सोलन**



जनता महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ गरीब लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। नेता अपनी अति महत्वकांक्षाओं के लिए जनता के भरोसे को तोड़ रहे हैं, जोकि दुखद। सभी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदान किया जाएगा। **-रघुवीर सिंह, जवाली**



राजनीतिक पार्टियां चुनावों के समय गरीब और गरीबी का राग अलापती हैं, लेकिन चुनावों के बाद उन्हें गरीब नजर नहीं आते। 5 वर्षों बाद अचानक से उन्हें फिर गरीबों की याद आने लगती है। सरकारी योजनाएं गरीबों तक पहुंच ही नहीं पातीं। गरीबों के लिए मतदान मात्र एक औपचारिकता रह गई है। **-रमेश कुमार, जवाली**



पिछले एक दशक में देश को मजबूत नेतृत्व मिलने से दुनिया भर में भारत को अलग पहचान मिली है। देश की आंतरिक सुरक्षा सुदृढ होने के साथ ही सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। ऐसे में देशवासियों को एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी को अवसर देना चाहिए। तभी हम विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं। **-ऋचा पुरटा, सोलन**



मोदी ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है और इंटरनेशनल पॉलिसी में भी अहम भूमिका निभाई है। ऐसे में लोगों को सोच समझकर मतदान करना चाहिए। मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। मोदी ने 10 सालों में मजबूती से देश का नेतृत्व किया है।**-बबलू, शिमला**



अपने मत का प्रयोग सूझबूझ से करें। किसी भी राजनीतिक नेता बहकावे में न आएं, आपका वोट कीमती है। आपका एक वोट आपके भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। आज बेरोजगारी सबसे मुख्य मुद्दा है, इसके लिए राजनेताओं को जमीनी स्तर मजबूत करना चाहिए। झूठ की राजनीति बंद होनी चाहिए। **-अभिषेक, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर**



हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा के कार्यकाल में काफी विकास हुआ है। बात चाहे स्वास्थ्य सुविधाओं की हो या बेहतर शिक्षा की। लोग भाजपा के साथ हैं। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जिताएंगे और विधानसभा उपचुनाव में देवेंद्र कुमार भुट्टो को जीताकर मोदी सरकार को मजबूत करेगें।**-सतपाल ठाकुर, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र**

# स्नेह और आशीर्वाद के लिए सुजानपुर की जनता का हमेशा कर्जदार हूं: राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने बमसन क्षेत्र में दर्जनों नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का अपार स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और इस आशीर्वाद के लिए वह हमेशा यहां की जनता के ऋणी रहेंगे।

राजेंद्र राणा ने कहा कि उनके कार्यक्रमों में हर वर्ग के लोग बड़े उत्साह से शामिल होकर उन्हें अपने अटूट समर्थन का भरोसा देते हैं और जनता का यही भरोसा उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना जीवन सुजानपुर हलके के लिए पूरी तरह समर्पित कर रखा है और इस विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश का सबसे विकसित और आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए वह हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। जन सेवा और विकास के इस एजेंडे से उन्हें कोई पीछे नहीं हटा सकता। उन्होंने कहा केंद्र व प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार ही विकास की नई गाथा लिख सकती है और जनता के सपने पूरे कर सकती है। कई बुजुर्ग महिलाओं ने राजेंद्र राणा के सिर पर हाथ फेर कर उन्हें अपना आशीर्वाद भी दिया। भाजपा का पूरा कैडर फील्ड में डटकर चुनाव प्रचार को लगातार शिखर पर ले जा रहा है। देर शाम तक इस विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर राजेंद्र राणा की नुक्कड़ सभाएं जारी रहती हैं और गर्मी के बावजूद उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ती है।



चुनावी सभा के दौरान सुजानपुर से भाजपा के प्रत्यशी राजेंद्र राणा व अन्य।

# आपदा के लिए आए करोड़ों रुपयों का पूर्व विधायक ने क्या किया : सुभाष ढटवालिया

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

विधानसभा उपचुनाव बड़सर में कांग्रेस के उम्मीदवार सुभाष चंद ढटवालिया ने ग्राम पंचायत कलौंण, टिक्कर, कनोह में नुक्कड़ सभा कहा कि पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के मुंह से यह बातें शोभा नहीं देतीं कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपने मित्रों का ही कार्य करते हैं।

लखनपाल यह भूल गए हैं कि वह बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर अपने रिश्तेदारों या विरोधियों के कहने पर ही सारे काम करते थे। लखनपाल ने तो सारी विधायक निधि भी अपने चेहतों या रिश्तेदारों में बांटी है। अधिकतर विधायक निधि धरातल पर दिखती ही नहीं है। लखनपाल ने आपदा में हुए नुकसान के लिए आए करोड़ों रुपए का दुरुपयोग कर बड़सर में क्या किया है वह सब जनता से छुपा हुआ नहीं है। आपकों तो जिस कांग्रेस पार्टी ने यहां तक पहुंचाया उसी पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता को आपने जलील कर घर तक बिठा दिया था और आप उसी पार्टी से गद्दारी कर छोड़कर ही चले गए। जिसका बड़सर की जनता को बड़ा मलाल है। अब बड़सर की जनता इसका जबाव आपको देगी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, पूर्व विधायक तिलक राज, अजय लखनपाल, पूर्व बीडीसी लक्की, रिटायर्ड प्रिंसीपल चकमोह कालेज सुरेश शर्मा, पवन शर्मा, डैनी जस्वाल, कमल पठानियां काकू राजेश आदि उपस्थित थे।



चुनावी सभा के दौरान सुजानपुर से भाजपा के प्रत्यशी राजेंद्र राणा व अन्य।

# अनुराग लोकल मुद्दों पर क्यों नहीं करते बात : रायजादा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सतपाल रायजादा ने चुनाव प्रचार में जाने से पहले हमीर होटल में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मैं नहीं लड़ रहा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता लड़ रहे हैं।



उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन भाजपा के उम्मीदवार अनुराग ठाकुर लोकल मुद्दों को दरकिनार कर राष्ट्र के मुद्दों की बात कर रहे हैं। उन्होंने अनुराग ठाकुर से कुछ एक लोकल मुद्दों पर सवाल पूछे थे, लेकिन वे उन मुद्दों पर बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया केवल यही कहा कि यह राष्ट्र का चुनाव है, लेकिन अब लोकल मुद्दों की भी बात कर रहे हैं।

उन्होंने ऊना से तलवाड़ा रेल लाइन लाने की बात कह रहे हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वह 1990 में राजनीति शुरू कर चुके थे, जबकि ऊना का रेल ट्रेक 1990 में बन गया था, जब उन्होंने राजनीति शुरू भी नहीं की थी। ऊना से दिल्ली रेल पहुंच गई थी, लेकिन ऊना से तलवाड़ा तक यह ट्रेन नहीं पहुंचा पाए। उन्होंने कहा कि रेल पटरी और सड़कों का काम पहले किया जाता है, उसके बाद तो सरकार रूट कभी भी चला सकती है। इसलिए रेल की पटरी बिछाने का कार्य एक इंच भी बढ़ा नहीं पाए हैं। कांग्रेस पार्टी ने जो कार्य किए वह उसे भी अपना ही बताते हैं। वह अग्निवीर की बात नहीं करते, देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया और आज फौज की भर्ती भी अनुबंध के आधार पर हो गई है। इससे हजारों युवा अब सेना में जाने से कतरा रहे हैं। इसके साथ साथ हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों का 9 हजार करोड़ रुपया और जीएसटी में 50 प्रतिशत हिस्सा बनता है उसकी बात संसद में क्यों नहीं करते।

उन्होंने कहा कि आज वह लोकल मुद्दों पर नहीं धर्म के नाम पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आप राम के आदर्शों पर चलना नहीं चाहते, लेकिन राजपाठ उनके नाम से लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है और धर्म अपनी जगह है।

# देवभूमि की मर्यादाओं को समझे भाजपा नेतृत्व : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के हिमाचल दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि में हर प्रचारक का स्वागत है, लेकिन देवभूमि की मर्यादाओं को भाजपा के नेतृत्व को समझना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देवभूमि में देश का बड़ा नेतृत्व जो सरकार में रहा है और इस चुनाव के बाद जिसकी विदाई होने वाली है, जिसके 400 पार के नारे की हवा निकल गई है, जिनको खुद सरकार में आने के लाले पड़ गए हैं, वह नेतृत्व अगर हिमाचल में आकर सरकार तोड़ने की बात करें तो यह हिमाचलवासी सहन नहीं करेंगे, जनमत का अपमान नहीं होने देंगे। इस अहंकार को हिमाचल की जनता चकनाचूर करेगी।



मुकेश ने कहा कि हिमाचल की सरकार को सपने में भी भाजपा के नेता तोड़ नहीं सकते, हकीकत में तो सरकार को उंगली लगाना भी दूर है। ऐसा लगता है कि जिस प्रकार से हिमाचल के भाजपा के नेताओं का मैथमेटिक्स कमजोर है, उसी प्रकार राष्ट्रीय नेताओं का भी मैथमेटिक्स कमजोर हो गया है।

उन्होंने कहा कि उपचुनाव की छह सीट कांग्रेस अच्छे मार्जिन से जीत रही है और यदि मान ले छह सीट बीजेपी जीत जाए तब भी अंकगणित कांग्रेस के पक्ष में है, तब भी सरकार नहीं जाती। उन्होंने कहा कि यह सरकार तो 4 जून के बाद फेविकोल के जोड़ की तरह मजबूत हो जाएगी, लेकिन भाजपा के नेताओं की नींद उड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं ओपन चैलेंज देता हूं कि केंद्र की सरकार हिमाचल में आपदा में खर्च की गई राशि पीड़ितों को दिए गए मुआवजे की जांच करें, तय समय में जांच करें, बड़ी से बड़ी एजेंसी से जांच करवाएं, का गबन या हेरा फेरी नहीं मिलेगी।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा के नेता गारंटीयों पर बोलकर गए हैं। नौकरियां देना शुरू कर दिया गया है, इंग्लिश मीडियम स्कूल बनने शुरू हो गए हैं, स्टार्टअप योजना को शुरू कर दिया गया है, कर्मचारियों को पेंशन दे दी गई है, महिलाओं को 1500 रुपए देने का वायदा पूरा कर दिया गया है।लाहौल स्पीति में 1500 रुपए महिलाओं को मिल गए हैं

# सरकार सिर्फ बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्जे माफ कर रही : विनय शर्मा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कर्ज मुक्त भारत के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ने जा रही अखिल भारतीय परिवार पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तैयारी कर ली है। मंडी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे अखिल भारतीय परिवार पार्टी के प्रत्याशी विनय शर्मा भारतीय ने कहा कि वह पिछले 2 सालों से कर्ज मुक्त भारत अभियान के तहत कार्य कर रहे हैं। देश के विभिन्न भागों में इसी अभियान के तहत कर्ज के बोझ तले दबी जनता की आवाज को उठाने का प्रयास कर रहे हैं। एक तरफ सरकार की गलत नीतियों की वजह से जनता कर्ज के बोझ तले दब कर आत्महत्या कर रही है, जबकि दूसरी तरफ सरकार सिर्फ देश के ही बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्जों को माफ करती जा रही है।



आज देश में किसान लोन, एजुकेशन लोन, हैल्थ लोन, छोटे व्यापारियों के लिए लोन का प्रावधान तो है मगर जब वही लोग लोन चुकाते चुकाते कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं तो उन्हें फिर कोई उपाय नहीं सूझता।

# हेलिकॉप्टर से पांगी पहुंचीं 55 ईवीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भरमौर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित उपमंडल पांगी के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) हेलिकॉप्टर द्वारा पांगी घाटी के उपमंडल मुख्यालय किलाड़ पहुंचा दी गई। इससे पहले मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया भरमौर में ही पूरी कर ली गई थी।



इस संदर्भ उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र भरमौर से संबंधित पांगी उपमंडल में कुल 39 मतदान केंद्र हैं, जहां के लिए कुल 55 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हेलिकॉप्टर द्वारा सुरक्षित पहुंच दी गई है। उन्होंने बताया कि पांगी उपमंडल के 39 मतदान केंद्रों के लिए 16 अतिरिक्त मशीनें भेजी गई हैं। 55 बीयूसीयू तथा वीवीपैट इकाइयां पूर्णतया सुरक्षित तरीके से भेजी गई है। मशीनों को प्रात: स्ट्रांग रूम भरमौर से सड़क मार्ग द्वारा जिला मुख्यालय चंबा के सुल्तानपुर हेलिपैड तक पहुंचाया गया, जहां से एक बड़े हेलिकॉप्टर की सहायता से उप मंडल मुख्यालय किलाड़ (पांगी) ले जाया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम मशीनों को तहसीलदार कार्यालय भवन किलाड़ में बनाए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है तथा ईवीएम को ले जाते समय भारतीय निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया गया है।

**चुनाव प्रचार** विभिन्न जनसभाओं के दौरान धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी ने मांगा समर्थन

# भाजपा कार्यकर्ता न दें बेईमान व्यक्ति का साथ: जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वह एक बेईमान व्यक्ति का साथ न दें, जिस व्यक्ति ने पैसों के लालच में अपना ईमान बेच दिया हो, वह लालच में किसी भी हद तक गिर सकता है। यह व्यक्ति धर्मशाला भाजपा को बांटने में षड्यंत्र रचने से पीछे नहीं रहेगा।

जिस तरह इस व्यक्ति ने कांग्रेस पार्टी के संगठन को तोड़ने और लगातार फूट डालने की कोशिश की, उसी तरह वह दिन दूर नहीं जब भाजपा के स्थापित नेताओं को वह राजनीतिक एवं मानसिक तौर पर तोड़ने के षडयंत्र रचेगा। यह बात कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने शनिवार को आयोजित विभिन्न जनसभाओं के दौरान की। जग्गी ने सुक्कड़, खिड़कू, सलेट गोदाम, कंड करडियाणा, ढ़ंगवार, बगली, कंदरेहड़, शील्ला, सकोह व चेलियां आदि विभिन्न क्षेत्रों में जन सभाओं में भाग लेते हुए लोगों से अपने पक्ष में मतदान का आग्रह किया। इस दौरान जग्गी ने कहा कि अपना ईमान बेच कर लोकतंत्र की हत्या करने का जो प्रयास पूर्व विधायक ने किया है, वह बेहद निंदनीय है।

भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को भी चाहिए कि वह एक गद्दार व्यक्ति का साथ न दें क्योंकि गद्दारी का यह सिलसिला भाजपा में भी यह व्यक्ति जारी रखेगा।



जनसभा के दौरान मंच पर उपस्थित कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी एवं अन्य पदाधिकारी।

## पूर्व विधायक की करतूतें बता रहे लोग

देवेंद्र सिंह जग्गी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का आशीर्वाद उनके साथ है और धर्मशाला के विकास एवं उन्नति में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। गत 15 महीनों में धर्मशाला की जनता को अपमान सहना पड़ा है, उसका हिसाब बराबर करने की बारी अब जनता की है।

जन सभाओं में लोग आपबीती सुना रहे हैं कि कैसे पूर्व विधायक के घर के अंदर जाना मुश्किल होता था। शादी समारोह अथवा किसी शुभ कार्य के लिए वह न्यौता तक स्वीकार नहीं करते थे। घर के बाहर कैमरे लगे हुए हैं, यदि कोई गरीब व्यक्ति पूर्व विधायक के घर जाता है तो पहले वह कैमरे से देखते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा भरथरी मंदिर में लगा भंडारा



डाडासीबा के बाबा भरथरी मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**डाडासीबा।** डाडासीबा के बाबा भरथरी मंदिर शतलेई के प्रांगण में शनिवार को 33वें वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया भी पहुंचे। उन्होंने मंदिर में माथा टेका और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। बाबा भरथरी मंदिर कमेटी के प्रधान चंचल मेहरा ने बताया कि भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो भी व्यक्ति यहां पर सच्ची श्रद्धा से जो कुछ मांगता है तो उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है।

### ब्राह्मण महासंस्था ने लगाई छबील



**परागपुर।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था द्वारा मोहनी एकादशी के उपलक्ष्य पर गरली परागपुर में मीठे पानी की छबील लगाकर पुन्य कमाया। इस दौरान राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के प्रदेशाध्यक्ष विनोद डोगरा, प्रदेश महासचिव आचार्य वनीश शर्मा, तहसील सचिव करण पंडित, समाजसेवी योगराज शर्मा, अमन शर्मा, मनोज शर्मा अभिनव शर्मा, अमित राणा (छोटू ), अवनीश कुमार, योगेश शर्मा, करण शर्मा, सुनील शर्मा, उदय सूद तथा परागपुर गांव के स्थानीय निवासियों एवं भारी संख्या में बच्चों और महिलाओं ने इस छबील में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेशाध्यक्ष विनोद डोगरा ने बताया कि गर्मी अधिक होने से आज का तापमान 40 डिग्री पहुंच गया है। उन्होंने बताया की हम सभा में विचार किया कि गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, जिसके चलते ठंडे मीठे पानी की छबील शुरू की। पहले हमने चामुखा मंदिर के पास रक्कड़ और शनिवार को परागपुर में उसके बाद कलोहा में फिर लाल पूखरू में छबील लगाई जाएगी। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। समाज में एकता का संदेश जाताहै और हमारी संस्कृति सभ्यता का प्रचार हो रहा है जिससे कि लोगो के सहयोग भी मिल रहा है।

### पराशर किसको देंगे समर्थन संशय बरकरार

**गरली।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जसवां- परागपुर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का माहौल है, लेकिन इस क्षेत्र से पूर्व विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहे कैप्टन संजय पराशर की राजनीतिक चुप्पी से समर्थकों में जिज्ञासा बढ़ती जा रही है। संजय पराशर क्षेत्र में डटे हुए हैं। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में कैप्टन पराशर का वोट बैंक किसके साथ जाएगा, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। दोनों प्रमुख दलों की नजरें पराशर पर हैं, जबकि पराशर ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। यहां यह दिलचस्प है कि पिछले विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले को कैप्टन संजय पराशर ने बेहद रोचक बना था और बतौर आजाद प्रत्याशी साढ़े 13 हजार वोट हासिल किए थे। भाजपा व कांग्रेस के बड़े नेता लगातार कैप्टन समर्थकों से संपर्क कर रहे हैं। इस बारे संजय पराशर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वह किसी एक पार्टी का साथ देंगे, जिस किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन करेंगे उसके साथ खुल कर चलेंगे।

# त्रिलोकपुर में फोरलेन कार्य के चलते पहाड़ी दरकी ,एनएच बंद

## तीन पोकलेन मशीनें आईं चपेट में, तीन कामगार हुए घायल

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पठानकोट-मंडी फोरलेन कार्य के चलते शुक्रवार देर रात उपमंडल जवाली के तहत त्रिलोकपुर में बड़ा हादसा पेश आया है। त्रिलोकपुर शिव मंदिर के पास पहाड़ी की कटाई करते हुए एक बड़ा ल्हासा गिर गया, इसकी चपेट में तीन पोकलेन मशीन आ गई। हादसे में तीन कामगारों को चोटें आई हैं। पहाड़ी गिरने से जहां कार्य तो रुक गया वहीं एनएच पर आवागमन भी पूरी तरह से रुक गया है जिससे भीषण गर्मी में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं यातायात को कोटला सोलधा 32 मील सड़क मार्ग पर भेजा गया है, लेकिन इस रास्ते पर भी लंबा जाम लग रहा है। 32 मील में बहुत सारी बसों व माल वाहक ट्रकों के पहिए थम गए हैं। वहीं स्थानीय वासी योगराज डोगरा ने बताया कि निर्माणाधीन कंपनी अगर सही मापदंडों के तहत कार्य करती तो ऐसा हादसा न होता। उन्होंने कहा कि पहाड़ी के ऊपर बौद्ध अनुयायियों का स्कूल भी है जिसे भी खतरा है। उन्होंने प्रसासन से मांग उठाई है कि एनएच को जल्द खोला जाए साथ एनएचएआई के मापदंडों के तहत कार्य किया जाए। इस बारे में फोरलेन निर्माणाधीन कंपनी के एचआर रोहित ने बताया कि जल्द ही एनएच को बहाल कर दिया जाएगा।





त्रिलोकपुर में पहाड़ी दरकने से लगा जाम।



# धर्मशाला उपचुनाव अब बन गया है 'धर्म युद्ध' : मदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी कोई कसर छोड़ने के मूड में नहीं है। चुनाव प्रचार को गति प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का शीर्ष नेतृत्व धर्मशाला में सक्रिय हो गया है। शनिवार को शीर्ष नेतृत्व ने विभिन्न पंचायतों, नगर निगम वार्डों में चुनाव प्रचार किया, साथ ही धर्मशाला के अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को-ऑर्डिनेटर, भारतीय युवा कांग्रेस हिमाचल, उत्तराखंड एवं जे एंड के नेशनल मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं धर्मशाला उपचुनाव प्रभारी राजन मदान और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ऑबजर्वर एवं उत्तराखंड के पूर्व कबीना मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर शनिवार को धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। गत 10 दिनों से सक्रिय उक्त नेताओं ने एक विशेष भेंट वार्ता में बताया कि धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला के लोग सरल, मिलनसार, निष्कपट एवं बेवाक हैं और वह पूर्व विधायक द्वारा किए जनमत के अपमान से बेहद नाराज हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला उपचुनाव अब धर्म युद्ध बन गया है। अधिवक्ताओं से भी शनिवार को मुलाकात हुई है और उनकी समस्याओं को जाना। अधिवक्ताओं को पूर्व भरोसा दिलाया गया कि धर्मशाला में हाई कोर्ट का सर्किट बैंच खोलने के भी भरपूर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में न केवल 6 सीटें बल्कि 4 लोकसभा की सीटें भी कांग्रेस बहुमत से जीतेगी।



अधिवक्ताओं से भेंट वार्ता के दौरान राजन मदान एवं उत्तराखंड के पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप।

# दो दिन की राहत के बाद धर्मशाला में फिर बढ़ी गर्मी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में पिछले दो दिन हुई बारिश के कारण सुहावने रहे मौसम के बाद शनिवार को फिर से तेज धूप रही। इसके कारण अब क्षेत्र में काफी गर्मी हो रही है। वहीं जिला के जवाली, फतेहपुर, नूरपुर तथा इंदोरा उपमंडल में हीटवेव के दुष्प्रभाव की आशंका के चलते प्रशासन ने पहले से ही स्कूलों में शनिवार को अवकाश दे रखा था। यहां बताते चलें कि धर्मशाला समेत पालमपुर आदि ऊपरी क्षेत्रों में बादल छाए रहने तथा बीच-बीच में बारिश होने के कारण जहां लोगों को गर्मी के मौसम में राहत मिल रही है तो वहीं कांगड़ा शहर के अलावा निचले क्षेत्रों में बारिश कम ही हो रही है या बारिश होने के बाद धूप पड़ने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हो जा रही है। इससे जिला के मैदानी क्षेत्रों में हीटवेव का खतरा बन जा रहा है। बताते चलें कि आसमान से बरसती कड़क धूप के चलते प्रशासन की ओर से पहले ही स्कूलों के समय में बदलाव किया जा चुका है तथा अब साढ़े सात बजे खुलने वाले स्कूलों में 1 बजे छुट्टी कर दी जा रही है।



## कंडरोड़ी में कल बंद रहेगी बिजली

**इंदौरा।** 132 केवी जसूर कंडरोड़ी लाइन की मरम्मत व पेड़ों की टहनियों की कटाई के चलते 132 केवी उपकेंद्र कंडरोड़ी व इनके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में 27 मई को पावर कट रहेगा। इसके तहत 33 केवी फीडर ठाकुरद्वारा, मेट इंडिया, मलोट,सेल लिमिटेड तथा 33 केवी सुखार तथा 11 केवी फीडर डमटाल कंडरोड़ी वार्ड 1 व 2, इंदौरा, सूरजपुर और डाह के अधीन आने वाले क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे या कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता 132 केवी स्टेशन इंजीनियर रत्न चंद ने दी।




# गुजराती डांस कर जुपिटर हाउस ने हासिल किया प्रथम स्थान

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा के इंटर हाउस डांस कंपटीशन में जुपिटर हाउस का दबदबा रहा। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि शनिवार को सीसीए एक्टिविटी में चारों हाउस के बीच प्रतिस्पर्धा करवाई जाती है ,जिसके लिए उन्हें रिहर्सल का अतिरिक्त समय दिया जा रहा है।

डांस कंपटीशन के लिए चारों हाउस मास्टर को एक माह पूर्व ही पर्ची डालकर बता दिया गया था। जुपिटर हाउस को गुजराती डांस मिला और उसने प्रथम स्थान हासिल किया। बिहू डांस कर वीनस हाउस की लड़कियों ने दूसरा स्थान हासिल किया। उसे सुमन अवस्थी एवं शबनम की ज्यूरी ने 81 अंक दिए। बंगाली सभ्यता पर आधारित डांस कर सैटर्न हाउस तीसरे स्थान पर रहा, जिसे 79 अंक मिले और हरियाणवी डांस कर मर्करी हाउस चौथे स्थान पर रहा, जिसे 70 अंक मिले। डांस कोरियोग्राफर एवं डांस टीचर सुजन अहलूवालिया ने सभी छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग दी।



जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा के होनहार अध्यापकों के साथ।

# डीसी ने आमंत्रण पत्र के साथ लोगों को दिया चुनाव के पर्व में भाग लेने का न्योता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला प्रशासन ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में जिले में सभी मतदाताओं की सहभागिता तय बनाने को एक अनूठी पहल की है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त हेमराज बैरवा ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव का पर्व देश का गर्व कार्यक्रम के अनुसार पहली जून को मतदान करने के लिए सभी नागरिकों को आमंत्रण पत्र भेजा है। बता दें, कांगड़ा जिला प्रशासन की यह पहल लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने और कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को समर्पित है। डीसी ने कहा कि इस मुहिम में जिले में पहली जून को मतदान में भाग लेने के साथ मतदान के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए प्रत्येक घर तक आमंत्रण पत्र पहुंचाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस मुहिम को सभी लोगों तक पहुंचाने में संबंधित क्षेत्र के बीएलओ का महत्वपूर्ण योगदान है। इस मुहिम को अस्पतालों, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों सहित अन्य सरकारी संस्थानों के माध्यम से भी लोगों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना हर नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सशक्त लोकतंत्र और अपने देश की मजबूती के लिए मतदान में भाग लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं से इस मुहिम को आगे बढाने की अपील करते हुए स्वयं तथा अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

# कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के लिए मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

प्रदेश में लोकसभा चुनावों को कुछ दिन ही शेष है। अपने-अपने उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। दोनों पार्टियों के प्रत्याशी विधानसभाओं में अपने चुनावी दौरे में जनसभाएं कर चुके हैं तथा चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं पर छोड़ दी है। विधानसभा जयसिंहपुर में भी कांग्रेस के सभी जोनों के कार्यकर्ताओं ने अपना चुनाव अभियान तेज करते हुए कार्यकर्ता घर-घर जा कर कांग्रेस की गारंटियों व प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश हित में किए गए कार्यों व जन हित में चलाई गई विकास योजनाओं को लोगों को बताकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। जयसिंहपुर विधानसभा में कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाले धार क्षेत्र में कांग्रेस जोन भुआणा के कार्यकर्ताओं ने भी कोसव, अंबोटु, मकरोटी, भुआणा, चौकी, गांव में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा को वोट डालने की अपील की। इस दौरान जोन अध्यक्ष सुरेश डोगरा, पीके प्रेमी,रमेश चंद, दीप सिंह दीपू, अशोक कुमार, गोपाल चंद, किशोरी लाल व संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में प्रचार करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## स्कूटी से 18 हजार एमएल अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पुलिस** थाना पालमपुर के तहत सोरनू कंडबाड़ी में स्कूटी से 18 हजार एमएल देसी अवैध शराब बरामद की है। इस संदर्भ में उक्त स्कूटी के चालक त्रिलोक चंद निवासी फटाहर तहसील बैजनाथ के विरूद्ध हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एएसपी धर्मशाला वीर बहादुर ने की है। उन्होंने कहा कि नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# शराब के ठेकों पर मनमानी वसूली

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली उपमंडल में जगह -जगह खुले शराब के ठेकों पर ग्राहकों से तय लाभांश से अधिक कीमत वसूल की जा रही है। शराब पर लिखित एमएसपी से करीब 30 प्रतिशत ज्यादा रुपए वसूल किए जा रहे हैं। देसी व अंग्रेजी शराब दोनों पर यही हाल है।

हैरानी की बात है कि इन ठेकों पर न ही रेट लिस्ट ठेकेदार द्वारा लगाई गई है और न ही ग्राहक द्वारा मांगने पर बिल दिए जाते हैं। जब ओवर रेट के लिए ठेकों पर मौजूद कर्मचारियों को महंगे दाम वसूलने के बारे में पूछा जाता है तो ठेके के मालिक के आदेशों का हवाला दिया जाता है। मूल्य से अधिक कीमत वसूलने पर शराब का सेवन करने वाले लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। मनमाने रेट ग्राहक से वसूलने के मामले जवाली उपमंडल के अधिकतर ठेकों पर सामने आए है। जिसमें एक रॉयल स्टैग का क्वाटर खरीदने पर 260 रुपए ग्राहक से वसूल किए गए। जबकि उस क्वाटर पर 140 रुपए मूल्य अंकित हैं और 24 अप्रैल 2024 की डेट अंकित है। अब आखिरकार दुखी होकर ग्राहक रक्षपाल धीमान, राजेश शर्मा, विजय भूषण शर्मा ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री संकल्प सेवा हेल्प लाइन 1100 पर कर दी है। मुख्यमंत्री संकल्प सेवा हेल्प लाइन से मामला आबकारी एवं कराधान विभाग को भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)



**खेलकूद** नगरोटा कॉलेज में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

# बीबीए की टीम बनी क्रिकेट चैंपियन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में बीबीए और बीसीए में अंतर विभागीय तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी, बीसीए समन्वयक डॉ. राकेश पुष्प और बीबीए समन्वयक डॉ. राजीव कुमार ने मैच का शुभारंभ किया। बीबीए और बीसीए के बीच तीन मैचों की टी-10 क्रिकेट मैच सीरीज का पुरुष टीम का मुकाबला शनिवार को शुरू हुआ।

बीसीए की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बीबीए ने 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाए। बीबीए के अखिल ने 40 रन बनाए जबकि बीसीए के सक्षम ने 2 विकेट लिए। 96 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बीसीए की टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। बीसीए के शेखर ने 23 रन बनाए और बीबीए के निखिल ने 4 विकेट लिए। बीबीए की टीम ने 1 रन से मैच जीत लिया और बीबीए के अखिल ने 40 रन बनाए और 1 विकेट लिया। प्राचार्य डॉ. सोनी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। मैन ऑफ द मैच बीबीए के अखिल कुमार को दिया गया और बीबीए की टीम को विजयी होने पर बधाई दी।



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।



## न्यूज ब्रीफ

### वीकेंड पर पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज सूनी

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में शनिवार को पर्यटकों की तादाद में कमी नजर आई। हालांकि देर शाम पर्यटकों के पहुंचने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सका। पर्यटन कारोबार से जुड़े राजू गाइड तथा बाला ने बताया कि वीरवार तथा शुक्रवार को पर्यटकों की संख्यां के मुकाबले शनिवार को शाम तक कम पर्यटक मैक्लोडगंज पहुंचे। बताते चलें कि पर्यटन सीजन के चलते इन दिनों पर्यटन कारोबारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद रहती है तथा वीकेंड के दौरान पर्यटकों की आमद बढ़ जाती है पर शनिवार को पर्यटकों की संख्या कम रही।

### वैज्ञानिक कार्य समूह की बैठक संपन्न



**धर्मशाला।** फोरेंसिक सेवा निदेशालय हिमाचल प्रदेश में जैविक विज्ञान के वैज्ञानिक कार्य समूह की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निदेशालय और क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं के डीएनए और जीव विज्ञान के फोरेंसिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस बैठक के दौरान फोरेंसिक निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन की अध्यक्षता में जैविक विज्ञान से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे रिपोर्टिंग पैटर्न की एकरूपता, कार्य प्रक्रिया मैनुअल में एकरूपता, रिर्पोटिंग टाइम लाइन आदि पर चर्चा की गई एवं निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए।

### ओबीसी बच्चों के साथ अन्याय का आरोप

**कांगड़ा।** ओबीसी कल्याण मंडल के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल स्वरूप कोहली व समस्त कार्यकारणी और घृत वाहती चांहग महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कंठ चौघरी व राज्य कार्यकारणी के सदस्यों ने जारी प्रेस बयान में कहा कि अनुराग ठाकुर के मुंह से ओबीसी का नाम तक आना ओबीसी के लिए बहुत बड़ी गाली है। उन्होंने कहा कि अगर अनुराग ठाकुर ओबीसी हितैषी है, तो स्पष्ट शब्दों में कहे कि क्या वह चुनाव के बाद हिमाचल के ओबीसी के बच्चों को उच्च शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में संविधान के 93वें संशोघन को लागू करके 27प्रतिशत आरक्षण को लागू करेंगे या नहीं। भाजपा के तीनों मुख्यमंत्री, शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर ने संविधान के 93वे संशोधन को आज तक लागू न करके ओबीसी बच्चों के साथ घोर अन्याय और शोषण ही किया है। शांता कुमार ने मंडल के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में केश लड़ा, जहां वह औधें मुंह गिरे। गृह मंत्री अमित शाह जब हिमाचल आए, तो उन्होंने भी अनुराग ठाकुर की तरह बयानबाजी करते हुए कहा कि कांग्रेस ओबीसी आरक्षण का मुसलमानों में बांटना चाहती है। इन्हें यह भी पता ही नहीं कि पूरे भारतवर्ष में हिमाचल प्रदेश ही एक ऐसा राज्य है, जहां ओबीसी को संविधान के 93वें संशोघन के अनुसार भाजपा की ही सरकारों ने आरक्षण लागू करने की अधिसूचना तक जारी नहीं की, तो मुसलमानों को उसमें डालने की बात कहां से आ गई। पांच वर्ष पिछली सरकार के भाजपा के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को लगातार ओबीसी की मांगों के मांगपत्र सौंपे गए, परंतु उन्होंने सारे मांगपत्र रद्दी की टौकरी में फेंक दिए। अब चुनाव में उन्हें ओबीसी की याद आ रही है।अब हिमाचल प्रदेश ओबीसी कल्याण मंडल और घृत बाहती चाहंग महासभा चुप नहीं बैठेगी और अपनी संविधानिक मांगों के लिए सरकार के साथ आर-पार की लडाई लड़ेगी और संविधान के 93वें संशोघन को लागू करवा कर छोड़ेगी। यह ओबीसी का संविधानिक अधिकार है।

# कांग्रेस सरकार को गिराने में भाजपा नहीं होगी कामयाब : सीएम सुक्खू

## जब भी चुनाव आते हैं तो प्रधानमंत्री मोदी को आती है हिमाचल की याद

**अनिल छांगू, जवाली**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जवाली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए वोट करना है। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य केंद्रीय नेताओं को हिमाचल की याद आती है, लेकिन चुनाव के बाद जनता को भूला दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा महिला विरोधी है तथा महिला सम्मान निधि का विरोध करके भाजपा ने इसे साबित भी कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि जब हिमाचल में त्रासदी आई तो उस समय प्रधानमंत्री सहित अन्य नेताओं को हिमाचवासियों की याद क्यों न आई।





जवाली में जनसभा में उपस्थित लोग तथा मंच पर बैठे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं कांगड़ा-चंबा के प्रत्याशी आनंद शर्मा।

कांग्रेस ने चुनाव से पहले जनता को 10 गारंटियां दी थीं, उनमें से पांच पूरी हो गई हैं तथा पांच को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा-चंबा से प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल की चारों लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत होगी। कांग्रेस सरकार को गिराने के भाजपा के मंसूबे कतई सफल नहीं होंगे। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## नूरपुर में लोगों से आनंद शर्मा के लिए समर्थन मांगा

**संजीव महाजन, नूरपुर**

लोकसभा चुनाव के तहत कांग्रेस पार्टी कांगड़ा-चंबा प्रत्याशी आनंद शर्मा के समर्थन में नूरपुर में कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक अजय महाजन की अध्यक्षता में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने जनता को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में जेएंडके पूर्व मंत्री लाल सिंह चौधरी व नूरपुर चुनाव प्रभारी उत्तराखंड विधायक बिक्रम सिंह नेगी ने भी जनसभा को संबोधित किया। इस सभा में नूरपुर के विधायक अजय महाजन व कांग्रेस नूरपुर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा उन्हें तलवार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएम ने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के लिए समर्थन मांगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा महिला विरोधी है तथा महिला सम्मान निधि का विरोध करके भाजपा ने इसे साबित भी कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि बिके हुए विधायकों को भी जनता सबक सिखाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा-चंबा से प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में लोगों से मतदान करने का आग्रह किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### डाढ से धर्मशाला तक साइक्लोथॉन आज

**धर्मशाला।** आम लोगों को मतदान के महत्व से अवगत करवाने तथा उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से 26 मई को डाढ में साइक्लोथॉन को प्रात: नौ बजे हरी झंडी दिखाई जाएगी। साइक्लोथॉन डाढ से धर्मशाला तक का सफर तय करेगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप के तहत साइक्लोथॉन आयोजित की जा रही है ताकि मतदाताओं को जागरूक किया जा सके। रविवार को ही धर्मशाला में उपायुक्त कार्यालय परिसर में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**सालगिरह मुबारक**



सरकाघाट खरोह के बीएस अजाद और रेखा को शादी की सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से शुभकामनाएं।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### कांगड़ा में बेसहारा पशु बने परेशानी

**कांगड़ा।** क्षेत्र में दिन प्रति दिन बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या से जहां कांगड़ा व आसपास के क्षेत्र के लोग परेशान है वहीं इन पशुओं के खौफ से सड़कों पर चलने वाले लोगों के साथ-साथ आने जाने वाले वाहन चालक भी इनका शिकार हो रहे हैं। ज्ञात रहे कि इन बेसहारा पशुओं के शिकार ज्यादातर वाहन चालक हो रहे हैं, उनके साथ-साथ स्कूल व कॉलेज जाने वाले छात्र भी इनके शिकार हो रहे हैं। लोगों ने नगर परिषद से निजात दिलाने की मांग की है।

## 12 किलो चरस मामले में एक और आरोपी घरा

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कोटला पुलिस ने चरस के आरोपी से पूछताछ के बाद एक और व्यक्ति को हिरासत में लेने में सफलता हासिल की है। पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत कोटला पुलिस चौकी के अधीन शुक्रवार को पुलिस टीम ने 32 मील रानीताल रोड पर दुराना के समीप पुल पर नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए नाकाबंदी के दौरान रमेश कुमार पुत्र वीर सिंह निवासी लोअर रोपा, तहसील पथधर, जिला मंडी की गाड़ी से 12 किलो 156 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी व आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अब नया मोड़ आ गया है। टीम ने आरोपी से पूछताछ की तो अन्य आरोपी अनुपम पुत्र विजय कुमार गांव चलवाड़ा, तहसील जवाली, जिला कागंड़ा को यह नशा सप्लाई होना था, उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनुपम अपने आप को चलवाड़ा गांव का समाजसेवी बताता है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि मामले में बरामद की गई चरस की तस्करी में एक अन्य आरोपी अनुपम पुत्र विजय कुमार गांव चलवाड़ा, तहसील जवाली, जिला कागंड़ा भी शामिल था। जिसे पुलिस टीम ने भरमाड़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नशा माफिया को बक्शा नहीं जाएगा।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

## जंगलों में आग लगाने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

प्रदेश में बढ़ती गर्मी के प्रकोप से हर कोई परेशान है वहीं कुछ शरारती तत्व गर्मी के बहाने जंगलों में आग लगा रहे हैं। पंचरुखी के धार क्षेत्र के जंगलों में भी आग का कहर बरप रहा है। धूं धूं जलते जंगलों में जहां वन संपदा को भारी नुकसान हो रहा है वहीं जंगली जीव जंतु भी जल कर राख हो रहे हैं।

हालांकि वन विभाग के कर्मचारी जंगलों को आग से बचाने के लिए पूरी मुस्तेदी से काम कर रहें हैं लेकिन वो भी हर जगह नहीं पहुंच पाते। क्षेत्र के मकोल, मल्ली,घरचिंडी आदि इलाकों के जंगलों के साथ साथ घासनियां भी आग से तबाह हो गई हैं। जंगलों में आग से बचने के लिए वन्य जीव जंतु गांव में आ रहे रहें हैं जो फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ध्रुव, संजू, पिंकू, बॉबी, दीपू, रिंकू, केहर सिंह ने कहा कि जंगल मे आग लगने के कारण हमारे खेतों में लगाया गया बाढ़ भी पूरी तरह जल गया है जिससे बहुत नुकसान हुआ है। लोगों ने कहा कि जंगलों में लगी आग घरों तक पहुंच रही है जिससे कोई बड़ी घटना भी हो सकती है। इलाके के लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि जंगलों में आग लगाने वाले शरारती तत्वों का पता लगाकर उन्हें सख्त सजा दिलाई जाए।

### क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में बोले सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी

## टीबी को खत्म करने के लिए जनभागीदारी जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,धर्मशाला**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि स्वास्थ्य प्राधिकारों द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए जाने के बावजूद इस दिशा में प्रगति धीमी रही है।

इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। गुलेरी ने जिला में डिफरेंटशिएट टीबी केयर, पोस्ट ट्रीटमेंट फॉलोअप, कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग, टीवी प्रीवेंटिव थेरेपी मॉडल को प्रभावी रूप से पालन करने के निर्देश सभी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों को दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर राजेश सूद ने कहा कि इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में न केवल सरकारी प्रयासों की बल्कि जनभागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम टीबी रोगियों के निक्षय मित्र के रूप में उनके जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीबी को जड़ से समाप्त किए जाने कि दिशा में बेहतर प्रयास हो रहे हैं जिन्हें निरंतर जारी रखना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉक्टर आत्मिका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टीबी हारेगा-देश जीतेगा का नारा दिया गया है। इसी संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा गंभीरता व योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क पापुलेशन पर फोकस किया जाए उनकी टेस्टिंग बढ़ाई जाए।



बैठक में मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी व अन्य।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सभी एकजुट होकर साथ आएंगे और सभी का सहयोग मिलेगा, तभी हमारा यह नारा टीबी हारेगा देश जीतेगा सफल होगा। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरके सूद, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. आत्मिका, सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एआरओ और आरओ स्तर पर स्थापित होंगे सुविधा केंद्र : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**आवश्यक सेवाओं के लिए मतदाता 26 से 28 मई तक डाल सकेंगे वोट**

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि मतदान दलों के अलावा चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाता पुलिस कर्मी, वीडियोग्राफर, चालक और परिचालक, सफाई कर्मी और चुनाव ड्यूटी में तैनात अन्य कर्मचारियों के लिए एआरओ तथा आरओ स्तर पर मतदान सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। आवश्यक सेवाओं के मतदाता 26 से 28 तथा डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मी 29 से 31 आरओ एव एआरओ कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्रों में मतदान कर सकेंगे। जबकि पोलिंग पार्टी में तैनात कर्मचारियों ने प्रशिक्षण स्थलों पर स्थापित संबंधित मतदाता सुविधा केंद्रों पर 23, 24 मई को अपने मतदान का प्रयोग किया तथा पोलिंग पार्टी के जिन मतदाताओं ने अभी तक मतदान नहीं किया है वे अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान वोट कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नए मानदंडों के अनुसार चुनाव ड्यूटी पर एक मतदाता को संबंधित एआरओ द्वारा स्थापित सुविधा केंद्र पर ही अपना वोट डालने के लिए



डाक मतपत्र प्रदान किया जाएगा और केवल सुविधा केंद्र पर ही मतदान किया जा सकता है। उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं को अपने डाक मतपत्र का उपयोग करने के लिए प्रत्येक सुविधा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में मतदान कक्ष और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने कहा कि दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है तथा सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं से प्राप्त कंस्टेंट के आधार पर वोटिंग के लिए आवश्यक टीम गठित की गई हैं तथा 26 मई तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी।

## मटौर स्कूल में छात्रों ने डाले वोट

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में शनिवार को प्रधानाचार्य संदीप रामी की निगरानी में एक नई पहल करते हुए बच्चों को जागरूक करने के लिए स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा मतदान किया गया। जिसमें हेड ब्वॉय और हेड गर्ल का चुनाव किया गया। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक सप्ताह पहले नामांकन पत्र भरवाने की प्रक्रिया आरंभ की गई, जिसमें 12वीं कक्षा के तीन छात्रों तथा 6 छात्राओं ने नामांकन पत्र भरा। एक छात्रा ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। स्कूल चुनाव अधिकारी गगनदीप कौर ,विशाल राणा व रोहित द्वारा इन नामांकित छात्रों को चुनाव चिन्ह भी प्रदान किए गए, वह बच्चों को प्रचार का समय भी



मटौर स्कूल में मतदान के दौरान छात्र शिक्षकों के साथ।

दिया गया। अंत में 25 मई को सुबह 9 बजे से लेकर 12:30 तक चुनावी प्रक्रिया को पूरा किया गया। इस दौरान राजीव शर्मा, रवि कुमार, पवन, कीर्ति, स्नेहा व भवानी अध्यापकों का सहयोग रहा। यह सारी चुनावी प्रक्रिया विद्यार्थियों द्वारा संचालित की गई, जिसमें अंशुल ने पीठासीन अधिकारी व वंशित, सूरज, प्रियांशु तथा मुस्कान ने पोलिंग ऑफिसर, आरुषि तथा आदित्य ने सुरक्षा अधिकारी की भूमिका में दिखे। आगामी प्रक्रिया के तहत मतगणना के उपरांत सोमवार को प्रणाम घोषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ज्वालामुखी में महिला की चेन छीनी

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी बस अड्डे में शनिवार को दिन दिहाड़े दो लूट की वारदातें सामने आई जहां एक तरफ सुबह के समय एक युवती की कान की बाली जबकि दोपहर बाद दूसरी महिला के साथ चेन स्नेचिंग हुई है। हालांकि सुबह के मामले में हुई घटना को किस व्यक्ति द्वारा अंजाम दिया गया है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है, जबकि शाम के समय हुए मामले में पुलिस ने लुधियाना शहर से संबंध रखने वाली दो महिलाओं को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस को आरोपी महिलाओं से एक कटर के अलावा कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने शक के आधार पर दो महिलाओं को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

## सिहोड़ा कलां में करंट लगने से युवक की गई जान

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**इंटरनेट की तारें बिछाने का काम करते समय आया बिजली की तारों की चपेट में**

बीएसएनएल की इंटरनेट की तारें बिछाने का काम करने गए एक युवक की 11 हजार बिजली की बोल्टेज तारों की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक 20 वर्षीय मुनीष ठाकुर झकरोड़ का रहने वाला था। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची।

जानकारी देते हुए साथ काम करने वाले साथी अजय कुमार ने बताया कि मुनीष बीएसएनल में ओपिटिकल फाइबर का काम करता था। वह रोजाना की तरह घर से काम करने के लिए सिहोड़ा कलां में गया था। जहां बीएसएनएल की इंटरनेट की तारें बिछाने का काम कर रहा था। जैसे ही मुनीष सीढ़ी लगाकर तार बिछाने के लिए खंभे के ऊपर चढ़ा तो अचानक ऊपर से गुजर रही 11 हजार बोल्टेज की बिजली की तारों की चपेट में आ गया और जोरदार करंट लगने से नीचे गिकर बुरी तरह से झुलस गया। इस कारण उसके सिर व मुंह पर चोटें आई अन्य मौजूद साथियों ने मुनीष को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक की मौत से उसके गांव का माहौल गमगीन हो गया है।


**चुनाव** प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

## जनहितैषी नीतियों ने सीएम को बनाया लोकप्रिय: राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ढलियारा में आयोजित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की रैली ऐतिहासिक रही। करीब 12 हजार लोगों ने मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। रैली में लोगों में जो उत्साह रहा, उस से यह बात साफ है कि देश में बदलाव की हवा है। लोग कांग्रेस के समर्थन में हैं और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है।

मुख्यमंत्री की रैली के बारे में जानकारी देते हुए यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लोगों में अपनी जन हितैषी नीतियों से बेहद लोकप्रिय हैं। पुरानी पेंशन बहाली, इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान योजना, सुख आश्रय योजना, युवाओं, किसानों और बागवानों आदि के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाएं लोगों के लिए हितकारी साबित हो रही हैं। यही कारण है कि एक आम परिवार से निकल कर मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे सुखविंद्र सिंह सुक्खू लोगों के चहेते बन गए हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा की जीत तय है, मोदी के नाम का इस्तेमाल कर अनुराग



ठाकुर भले ही लंबे समय से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से जीतते आ रहे हैं, लेकिन जो वादे उन्होंने लोगों से किए थे, उनमें से एक भी वादा वह पूरा नहीं कर पाए हैं। डॉ. राजेश ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा मोदी सरकार की नोटबंदी, जीएसटी, अग्निवीर, मेक इन इंडिया, नमामी गंगे, मेड इन इंडिया, आदर्श गांव, स्मार्ट सिटी, 15-15 लाख, स्किल इंडिया, मुद्रा लोन, लुक इस्ट पॉलिसी, करोड़ों रोजगार, नारी शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व कोरोना वैक्सीन आदि में से किसी एक योजना का तो चुनाव प्रचार में जिक्र करे। केंद्र सरकार की उक्त सभी योजनाएं पूरी तरह बिफल रही हैं, यही कारण है कि भाजपा इन योजनाओं का चुनाव प्रचार में जिक्र तक नहीं कर पा रही है।

**कांग्रेस का न्याय पत्र देगा देश को नई दिशा**

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में 5 मुख्य गारंटियों का जिक्र है, जिसमें यह भी दर्शाया गया है कि इन गारंटियों को पूरा करने के लिए धन का प्रावधान कैसे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र देश भविष्य तय करेगा जबकि भाजपा का घोषणा पत्र मात्र जुमला पत्र है।

## आप की रैलियों में आकर्षण का केंद्र बने कर्मठ नेता स्वर्ण सलारिया

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

भाजपा को अलविदा कहकर आम आदमी पार्टी को ज्वाइन करने वाले उद्योगपति स्वर्ण सलारिया मौजूदा समय में आम आदमी पार्टी की रैलियों में लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। स्वर्ण सलारिया की लोकप्रियता को देखते हुए आम आदमी पार्टी की ओर से उन्हें पंजाब में अहम पद सौंपते हुए उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यही कारण है कि मौजूदा समय में हलका गुरदासपुर में होने वाली उम्मीदवार सैरी कलशी की रैलियों में स्वर्ण सलारिया सभी का आकर्षण का केंद्र बने हुए है। अपने वेवाक अंदाज और सीधी बात करने वाले



स्वर्ण सलारिया की लोकप्रियता को आम आदमी पार्टी हलका गुरदासपुर में भुना भी रही है। यही कारण है कि हर रैली में उनकी मौजूदगी होती है। स्वर्ण सलारिया ने कहा कि माननीय सीएम मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का विजिन बिलकुल साफ है, पंजाब को रंगला पंजाब बनाना है। बिलकुल क्रप्शन फ्री। शनिवार को विभिन्न रैलियों में उपस्थित रहे स्वर्ण सलारिया ने आप की नीतियों के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब और पंजाब निवासियों का भविष्य किसी पार्टी के हाथों में सुरक्षित है तो केवल आम आदमी पार्टी के। उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर काम कर रही आम आदमी पार्टी पंजाब में 13 सीटों पर जीत प्राप्त कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने जांचे मतदान केंद्र

**हमीरपुर।** संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने शनिवार दोपहर बाद ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज, 38-हमीरपुर और 40-नादौन के मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया तथा इनमें की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश अमरजीत सिंह, एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला, पुलिस अधीक्षक पदम चंद और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### भरेड़ी में लगाई मीठे पानी की छबील



**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भोरंज की भरेड़ी में मीठे पानी की छबील लगा कर लोगों को भारी गर्मी से निजात दिलाई। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से भोरंज के विभिन्न कसवों में प्रचंड गर्मी हो रही है । इससे निजात पाने के लिए लोग छबील इत्यादि लगा कर पुण्य कमा रहे है। लोग भी भरी गर्मी में शीतल जल मिलने पर दुआ दे रहे हैं। इस मौके इस मौके पर किरण चौधरी, विवेक चौधरी, हनी शर्मा, अभु शर्मा, अरुण कुमार, दिनेश सहगल, राजन, सुनील कुमार, अश्वनी शर्मा, नितेश सहगल, प्रितम चंद सहगल, प्रशोतम लाल चौधारी आदि ने पानी पिलाकर पुण्य कमाया।

### अनुराग ठाकुर ने करवाया अथाह विकासः नवीन

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पांच लाख से अधिक मतों से लगातार पांचवीं बार चुनाव जीत कर इतिहास रचेंगे। नवीन शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने प्रदेश में रेल सेवा का अभूतपूर्व विकास किया है। उन्होंने कहा कि ऊना से अंब, इंदौरा, माता चिंतपूर्णी दौलतपुर चैक तक ट्रेन पहुंचाने का काम किया है और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को देश के कोने कोने से जोड़ने के लिए 13 ट्रेनें चलाने का काम अनुराग ठाकुर ने किया है।उन्होंने कहा कि बिलासपुर में ऐम्स हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज, ऊना में पीजीआई का सेटेलाइट सेंटर, विभिन्न फोरलेन को स्वीकृति करवा कर प्रदेश के विकास में पंख लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय में जितना विकास करवाया है उसकी कांग्रेस के नेता कभी कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को अतुलनीय व अदभुत बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि इस बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बना कर केंद्र में ताकतवर सरकार बनाने का मन बना लिया है।

### कमलेश कुमारी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**जाहू।** कांग्रेस ने महिलाओं के साथ जो वादे किए थे उन्हें आज तक पूरा नहीं कर पाई है महिलाएं खुद को ठगा महसूस कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ मोदी सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए एक से बढ़कर एक योजनाएं चलाकर उन्हें घर पर सुविधाएं देने का काम किया है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने जारी प्रेस बयान में कहा कि चुनावों के बाद सरकार कब गिर जाए इसकी भी कोई गारंटी नहीं है, तो जनता को क्या गारंटी देगी। कांग्रेस चुनावों के समय जनता को विभिन्न हथकंडे अपनाकर जनता को गुमराह कर रही है। चुनाव के समय जनता को गुमराह करने का हुनर कांग्रेस को खूब अच्छी तरह से आता है फिर चाहे विधानसभा चुनाव के समय की बात हो या लोकसभा के चुनाव हों। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हालत यह है कि उसके पास चुनाव लड़ने के लिए लीडर नहीं है। देश के लोग कांग्रेस सरकार में हुए घोटालों को कभी भी नहीं भूल सकते हैं क्योंकि इससे सबसे ज्यादा नुकसान देश की आम जनता को ही उठाना पड़ा है।

### जंगल खास में बिजली की समस्या से लोग तंग

**सुजानपुर।** सुजानपुर के जंगल खास एरिया में लोग बिजली की समस्या से खासे परेशान है। लोगों का कहना है कि जरा सी हवा चलने पर गांव की बिजली गुल हो जाती है। उनके अनुसार बोर्ड को इस बाबत कई बार बोला गया, लेकिन कोई समाधान अभी तक नहीं निकल पाया है। सुजानपुर के जंगल गांव एरिया के लोग बिजली की समस्या से खासी परेशान हैं। गांव के निवासी भीम सिंह रांगड़ा ने बताया कि चार सालों से यह समस्या गांव के लोगों को आ रही है। विभाग को इस बावत कई बार बोला गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि बिजली के कट लगना आम बात हो गई है। बार-बार कट हो रही हैं। जरा सी हवा चलने पर बिजली कट हो जाती है। शुक्रवार शाम सात बजे भी गुल हो गई बिजली। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार सात बजे बिजली गुल हो गई। गर्मी के मौसम में बिजली न होने के चलते लोग परेशान रहे। ऐसा होना अब बात हो गई है। उन्होंने बताया कि जंगल खास की बिजली ही जरा सी हवा चलने पर गुल होती है । आसपास के गांव की बिजली बराबर होती है। बिजली की समस्या से लगभग 100 घरों के लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं। उधर एसडीओ गोपाल भाटिया ने बताया कि गांव में बिजली के समस्या को हल करने के लिए ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है यह ट्रांसफार्मर एक दो दिनों में चालू हो जाएगा इसके बाद समस्या परमानेंट हल हो जाएगी।

### निधन पर जताया शोक

**हमीरपुर, बड़ा।** हमीरपुर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र कटोच के पिता भीषम चंद कटोच 83 वर्षीय के निधन पर प्रेस क्लब हमीरपुर के प्रधान विक्रम ढटवालिया, दिनेश कंवर, कपिल बस्सी, राजीव चैहान, संजय शर्मा, रणवीर ठाकुर, वाशूदेव, राज कुमार के अलावा नादौन के प्रधान निष्पक्ष भारती, महासचिव वीरेंद्र गोस्वामी (बबलू), पंकज वर्मा, प्रदीप शर्मा, डॉ. पंकज राणा, अनुज शर्मा, मुकन्द शर्मा, महेश कपिल, सतीश धीमान, नीलम राय, रफीक. पोसवाल, संजू गोस्वामी, शिवेश राणा, परविंद्र कटोच आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है। सभी ने उन्हें और उनके परिवार को इस सदमे से उभरने के लिए भगवान् से प्रार्थना की है। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

# व्यय रजिस्टर में न छूटे उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की एंट्री: डॉ. कुंदन

## हमीर भवन में जांचे लोकसभा क्षेत्र 3-हमीरपुर के उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर भारत निर्वाचन आयोग कड़ी नजर रख रहा है।

आयोग के नियमों के अनुसार उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों का तीन बार निरीक्षण किया जाएगा तथा सहायक व्यय पर्यवेक्षकों एवं अकाउंटिंग टीमों द्वारा तैयार किए गए शेडों रजिस्टरों के साथ इनका मिलान किया जाएगा।

इसी क्रम में शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के व्यय पर्यवेक्षक डॉ. कुंदन यादव ने यहां हमीर भवन में लोकसभा क्षेत्र 3-हमीरपुर के उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों का निरीक्षण किया। व्यय रजिस्टरों का यह दूसरा निरीक्षण था। इससे पहले 21 मई को प्रथम निरीक्षण किया गया था। डॉ. कुंदन यादव ने बताया कि उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टरों का तीसरा निरीक्षण 29 मई को होगा। उन्होंने सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों से कहा कि वे प्रतिदिन चुनाव के सभी खर्चों को व्यय रजिस्टर में अवश्य दर्ज करें। किसी भी खर्चे की एंट्री छूटनी नहीं चाहिए। अगर किसी दैनिक खर्चे की पेमेंट बाद में की जानी है तो भी उसे रजिस्टर में दर्ज कर लें। इससे एक-एक खर्चे का ब्यौरा



व्यय रजिस्टरों को चेक करते हुए अधिकारी।

व्यवस्थित एवं पारदर्शिता के साथ रिकॉर्ड में रहेगा और चुनाव के ओवरऑल खर्चे की गणना एवं शेडों रजिस्टर के साथ मिलान में सुविधा रहेगी। इस अवसर पर विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सहायक व्यय पर्यवेक्षक, अकाउंटिंग टीमों के सदस्य, उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## ऊना ने सोलन की टीम को 89 रनों से हराकर जीता क्रिकेट मैच

**अनंत ज्ञान, नादौन**

क्रिकेट स्टेडियम अंमतर नादौन में अंतर जिला स्तरीय वरिष्ठ क्रिकेट वन डे प्रतियोगिता जिला ऊना व जिला सोलन की टीम के बीच हुआ। सोलन की टीम के कैप्टन ने टास जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। ऊना की टीम ने अपनी पहली पारी खेलते हुए हुए 50 ओवर में 4 विकेट पर शानदार 312 रन बनाए।



बल्लेबाज राघव अंगरा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 117 रन बना कर विरोधी टीम के हौंसले पस्त कर दिए। बल्लेबाज पृथ्वी राज ने 45,अंकुश वैंस ने 44,अमनप्रीत ने 37 रन बनाए। जबकि पूर्वरान ने नाबाद 30 रन बनाए। सोलन की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अर्पित मोहम्मद सोहराव, राहुल कुमार, हिमांशु ने 1-1 विकेट ली जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हो गया। सोलन की टीम को जीत के लिए 313 रनों का लक्ष्य मिला। सोलन की टीम जीत के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 45.4 ओवर में 223 रन बनाकर आल आउट हो गई। सोलन के बल्जेबाज प्रशांत चोपड़ा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 118 रन बनाए जबकि दिपेंदर राणा ने 27 व अमन मिश्रा 39 रन बनाकर पेविलियन लौट गया। यह जानकारी देते हुए क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि ऊना टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए पंकज जस्वाल ने चार तथा अंकुश बेदी ने तीन विकेट झटक कर विरोधी टीम के हौंसले पसत कर दिए। उन्होंने बताया कि ऊना की टीम ने सोलन की टीम को 89 रनों से हराकर मैच जीत लिया है।

## हिंदुत्व और राष्ट्रहित से कांग्रेस प्रत्याशी को कोई लेना-देना नहीं: विक्रम राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा ने सुजानपुर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि कभी हिंदुत्व और राष्ट्रहित से समझौता न करने का राग अलापने वाले कैप्टन रंजीत राणा को कांग्रेस का चोला पहनने के बाद अब मोदी सरकार द्वारा दी गई वन रैंक, वन पेंशन भी अखर रही है।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भी अखर रहा है और भाजपा की राष्ट्र हित की विचारधारा भी अखर रही है। आज यहां जारी एक बयान में प्रोफेसर विक्रम राणा ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ऐसे सनातन विरोधी को इस चुनाव में करारा सबक सिखाएगी और सांप्रदायिक सोच वाली पार्टी का दामन थामने के लिए उन्हें किसी भी सूरत में माफ नहीं करेगी।



प्रोफेसर विक्रम राणा ने कहा कि उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के ऊपर छींटाकशी करने से पहले कैप्टन रंजीत राणा को अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। क्योंकि वह राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोच्च रखने वाली भाजपा को छोड़कर उस व्यक्ति और उस पार्टी का दिन रात गुणगान करने में लग गए हैं, जिसने हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह 97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराकर सत्ता में आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनकी असलियत अब भाजपा का बच्चा-बच्चा जान चुका है। उन्होंने कहा कि जिस भाजपा ने कैप्टन राणा को जिला परिषद से लेकर विधानसभा का टिकट तक दिया था, उसी भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा को त्याग कर अब वह पृथकतावादी और सांप्रदायिक सोच रखने वाली पार्टी तथा भ्रष्ट दलों के नापाक गठबंधन इंडिया का गुणगान करने में लग गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन राणा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस के साथ उन्होंने क्या सौदा किया है। प्रोफेसर विक्रम राणा ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा को बंपर लीड यहां से मिलेगी।

## अधिकारियों-कर्मियों ने पोस्टल बैलेट पेपर से किया मतदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने शनिवार को यहां राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू के सभागार में आयोजित विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर की मतदान टीमों के दूसरे दौर के पूर्वाभ्यास का जायजा लिया।

इस अवसर पर पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन और मतदान अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए श्याम लाल पूनिया ने कहा कि मतदान दल के सभी सदस्यों को मतदान प्रक्रिया और ईवीएम-वीवीपैट की हैंडलिंग की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए, ताकि मतदान के दौरान कोई समस्या या अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र की स्थापना, ईवीएम-वीवीपैट की सैटिंग और अन्य सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही होनी चाहिए। श्याम लाल पूनिया ने कहा कि एक जून को सभी मतदान टीमें अपने-अपने बूथ पर सुबह 5:30 बजे मॉक पोल शुरू कर दें तथा उसके बाद की सारी प्रक्रिया को समय पर पूरा करके निर्धारित समय सात बजे पर मतदान आरंभ करें। मतदान की समाप्ति के बाद ईवीएम-वीवीपैट की सीलिंग और जमा करवाने की प्रक्रिया के दौरान भी सभी मतदान टीमें पूरी सावधानी बरतें। दूसरे दौर के पूर्वाभ्यास के बाद पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन और मतदान अधिकारियों ने बड़ू में ही स्थापित फेसिलिटेशन सेंटर (सुविधा केंद्र) पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान भी किया।

## आईटीबीपी के जिम्मे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

**बिझड़ी।** लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव पहली जून को हो रहे हैं जिसके लिए बड़सर में तैयारियां पूरे जोर शोर से चल रही है। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र गौतम ने बताया कि 85 वर्ष से ऊपर एवं 40 प्रतिशत से ऊपर दिव्यांगों से 10 टीम में घर द्वार जाकर मतदान करवा रही है। अभी तक 863 वोट डाले जा चुके हैं। उनका कहना है की विधानसभा बड़सर में कुल मतदाता 87439 है, जिनकी वोटर स्लिप घर-घर बनती जा रही है अभी तक 74038 वोटर स्लिप भेजी जा चुकी है। ईवीएमएस और स्ट्रांग रूम सुरक्षा के लिए आइटीबीपी की सुरक्षा टुकड़ी भी बड़सर पहुंच गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जमा आईटीबीपी ने संभाल लिया है। वहीं, उपमंडल में आवश्यक सेवाओं के लिए 41 कर्मचारियों ने शनिवार से मतदान डालने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## लखनपाल को जिताकर भेजें विधानसभा: शाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिझड़ी/हमीरपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गगरेट में भाजपा के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा में बड़सर की जनता से भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल को जीता कर विधानसभा में भेजने की जोरदार अपील की।

उन्होंने कहा आने वाली चार जून को हिमाचल सरकार गिरने वाली है। आप इंद्रदत्त लखनपाल को जिताकर भेजें। वह एक ईमानदार व्यक्तित्व हैं। मुख्यमंत्री उनके ऊपर गलत आरोप लगा रहे हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के बाद इंद्र भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा ने उनके ईमानदार व्यक्तित्व को देखकर टिकट दिया है। अब गेंद बड़सर की जनता के पाले में हैं। लखनपाल को भारी से भारी मतों से जिताकर भेजें। एक वोट लखनपाल को और एक वोट अनुराग सिंह ठाकुर को डालकर एक को शिमला और दूसरा दिल्ली के लिए डालना है।



अमित शाह की रैली में मौजूद लखनपाल और अन्य।



नादौन। डीएवी भड़ोली के नौनिहालों ने पूरे उत्साह के साथ येलो डे एक्टिविटी में भाग लिया। आज के दिन का मुख्य आकर्षण बने हुए बच्चों ने पीले रंग की पोशाक पहनकर फलों का चित्र बनाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस प्रकार बच्चों को पीले रंग की पहचान करवाई गई। इस एक्टिविटी का उद्देश्य बच्चों को रंगों की पहचान करवाना था। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने अध्यापकों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

## कर्मचारी 26 से 28 तक कर सकेंगे मतदान

**हमीरपुर, नादौन।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर में पोस्टल वोटिंग सेंटर पर मतदान का विकल्प चुनने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के कमरा नंबर 117 में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा। एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि ये अधिकारी-कर्मचारी 26, 27 और 28 मई को सुबह 9 से सायं 5 बजे तक इस पोस्टल वोटिंग सेंटर पर आकर मतदान कर सकते हैं। एसडीएम ने सभी प्रत्याशियों से आग्रह किया है कि वे इस प्रक्रिया के अवलोकन एवं निगरानी के लिए अपने-अपने एजेंट नियुक्त कर दें। उन्होंने कहा कि अधिकृत एजेंटों के पास भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए। इन दस्तावेजों के बगैर एजेंटों को पोस्टल वोटिंग सेंटर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उधर, नादौन की एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अपराजिता चंदेल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 40-नादौन के लिए एसडीएम कार्यालय परिसर के कोर्ट रूम में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किया गया है।

## 600 मतदान कर्मियों ने पूरा किया चुनावी प्रक्रिया का दूसरा पूर्वाभ्यास

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

आम लोकसभा विधानसभा उप चुनाव के लिए भोरंज में तैनात 600 पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल शनिवार को मुख्यमंत्री आर्दश राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के प्रांगण में संपन्न हुई।

इसमें चुनावी प्रकिया में तैमाम महिला व पुरुष कर्मचारियों को चुनावी प्रकिया से प्रशिक्षत करके पोलिंग पार्टियों से एक टीम वर्क की तरह कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर 36-भोरंज विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम संजय स्वरूप ने चुनावी प्रकिया में लगे सभी कर्मचारियों को संबोधित कहा कि चुनावी प्रकिया में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करके निष्पक्ष और सफल चुनाव करवाना होगा, क्योंकि सभी कर्मचारी चुनाव आयोग के अधीन कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी रिहर्सल में निर्वाचन सामग्री, ईवीएम, वीवीपैट, मॉकपोल, राजनीतिक पार्टियों के एजेंट के रोल, मतदान केंद्र की व्यवस्था, मतदान केंद्र में मोबाइल फोन का न होना, ईवीएम का ट्रांसपोर्टेषन मोड, ईवीएम-वीवीपेट करे सील करना, बेटरी चेंज करना व अन्य व्यवस्थाओं को पूरी तरह से समझे। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ हर कार्य जिम्मेदारी और ईमादारी से करें क्योंकि चुनावी ड्यूटी एक जिम्मेवारी का कार्य है और एक टीम वर्क है।

उन्होंने कहा कि चुनावी प्रकिया के आरंभ से लेकर अंत तक बताए गए मेन्युअल के अनुसार ही कार्य करें और अपनी मर्जी के कोई भी कार्य न करने की हिदायत दी। चुनावी ड्यूटी में तैनात पोलिंग पार्टियां बिना सुरक्षा कर्मी से नहीं जाएगी और न ही नीजि वाहनों का प्रयोग करेगी। इस दौरान, इलेक्शन कानूनगो टिवंक्ल ठाकुर, मास्टर ट्रेनर प्रो. पूजा, प्रो. विवेक चदेल, डॉ. आशा, प्रो. तिलक राज ने कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया।

## बस्सी झनियारा पंचायत में दो दिन से पानी न आने से लोग परेशान

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बस्सी झनियारा पंचायत में दो दिनों से पानी नहीं आ रहा है। लोगों को हैंडपंप या फिर प्राकृतिक जलस्रोतों से पानी की आपूर्ति पूरी करनी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि बिजली कट के चलते झनियारा पंचायत में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई है। नेरी-बस्सी झनियारा पेयजल योजना से बस्सी झनियारा पंचायत को पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन पेयजल स्कीम में एक ही ट्रांसफार्मर होने के चलते यह समस्या आ रही है।




अगर स्कीम पर विद्युत कट लग जाए, तो लोगों को पानी की सप्लाई नहीं होती है। यही वजह है कि बस्सी झनियारा पंचायत में पिछले दो दिनों से पानी की सप्लाई नहीं छोड़ी गई है। क्योंकि जब पानी छोड़ने का समय आता है, तब बिजली कट लग जाता है। इसके चलते लोगों को हैंडपंप या फिर प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी की आपूर्ति पूरी करनी पड़ रही है। पंचायत के लोगों का कहना है कि काफी मशक्कत के बाद पेयजल स्कीम में एक और नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है, लेकिन उसे अभी तक चालू नहीं किया गया है।

अगर यह ट्रांसफार्मर चालू हो जाता है, तो लोगों की पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। ऐसे में स्थानीय लोगों ने बिजली बोर्ड से नए ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द चालू करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

**चुनाव** | मुख्यमंत्री सुक्खू के मीडिया को-ऑर्डिनेटर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किया डोर-टू-डोर प्रचार

# अनुराग ठाकुर को चुनावों में आती है रेलवे लाइन की याद: यशपाल

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

हिमाचल में लोकसभा एवं उपचुनावों के लिए मात्र एक सप्ताह शेष रह गया है। कांग्रेस एवं भाजपा दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूर्ण रूप से जुट गए हैं।

नादौन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सपड़ोह एवं वर्धयाडत्र में मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर यशपाल शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए आज दूसरे दिन भीष्म गर्मी में मतदाताओं के घर डोर-टू-डोर प्रचार किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता से लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा अपने चुनावी प्रचार में कांग्रेस के हमीरपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी सतपाल रायजादा के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू के नाम पर वोट मांगे। इस दौरान उनके साथ प्रवीण चैधरी, कुलदीप पटियाल, सुंदर्शन जरियाल, करतार चंद जीत सिंह कौंडल, प्यार चंद, लाल चंद परमार, हरवंश सिंह, सुरिंद्र ठाकुर, कपिल शर्मा सुन्नी, अंकुश परमार, अमरनाथ, सन्नी, विपिन आदि काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे। यशपाल ने मतदाताओं को बताया की किस प्रकार भाजपा ने धनबल से प्रदेश की सुक्खू सरकार को गिराने की कोशिश की हैं।

जबकि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार को प्रदेश में जनादेश दिया हैं। जिस तरह से उन्होंने प्रदेश की सुक्खू सरकार को धनबल से गिराने का प्रयास किया हैं। उससे उन्होंने प्रदेश की जनता द्वारा कांग्रेस को दिए गए इस



सीएम के मीडिया को-ऑडिनेटर यशपाल शर्मा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार के दौरान सामूहिक चित्र में।

जनादेश का अपमान किया हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा को इस धनबल का जबाव जनबल से देने के लिए आग्रह किया हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों को यें भी बताया कि किस प्रकार जब लोकसभा चुनाव आते हैं तो लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर को हमीरपुर में रेलवे लाइन की याद आती हैं। जीतने के बाद वे अगले पांच वर्ष तक अपने क्षेत्र की सुध तक नहीं लेते यहां तक वे जीतने पर अपने क्षेत्र के लोगों का धन्यवाद तक करना मुनासिब नहीं समझते हैं। उन्होंने अपने चुनावी प्रचार में लोगों को कहा कि अपने 26 वर्ष के कार्यकाल में अनुराग ठाकुर ने हमारे क्षेत्र के लिए कौन सा बड़ा काम किया हैं।

इसके लिए वे अनुराग ठाकुर को वोट दें। यशपाल शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किए गए चुनावी प्रचार में पंचायत वासियों से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में मतदान करने का विशेष आग्रह किया हैं।

वहीं, हिमाचल में लोकसभा एवं उप चुनावों के लिए मात्र एक सप्ताह शेष रह गया है। कांग्रेस एवं भाजपा दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूर्ण रूप से जुट गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा पहाड़िया मंदिर में विशाल भंडारा लगाया


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

**बंगाणा।** खरयालता पंचायत के डुगियार गांव में शनिवार को सुबह बाबा पहाड़िया मंदिर में पूजा-अर्चना कर झंडा रस्म अदा कर इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए गांव वासियों ने विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया। इसके बाद भजन-कीर्तन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सेवानिवृत्त मेजर हरनाम सिंह राणावत, कोषाध्यक्ष सेवानिवृत्त कै. मदन ठाकुर, महासचिव सुखदेव सिंह, विशाल राणा, अशोक ठाकुर, मनी ठाकुर, जोगिंद्र सिंह,मीका चेला बैधा, चमकीला राम, बलवीर सिंह, होशियार सिंह,प्रकाश चंद सहित अन्य भक्तों ने अपना अपना सहयोग दिया।

### हमीरपुर ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में चंबा को दी मात

**ऊना।** जिला स्तरीय सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत हमीरपुर का मुकाबला चंबा के साथ ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया। चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 287 रन बनाए। चंबा के बल्लेबाजों में अभिषेक कुमार ने नाबाद 120 रन बनाए, जबकि रोहित नारंग ने 69 रन बनाए। विनय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि रक्षित ठाकुर और मृदुल सरोच ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। हमीरपुर के बल्लेबाज शुभम अरोड़ा ने 49, एकांत सेन ने 91 रन बनाए, आशिष पठानिया ने 54 रन बनाए। साहिल शर्मा और रोहित नारंग ने दो, नवीन शर्मा, आदित्य शर्मा और सुकृत शर्मा ने 1-1 खिलाड़ी को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। हमीरपुर की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में अपना लक्ष्य 49.4 ओवर में आठ विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। हमीरपुर ने चंबा को दो विकेट से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज करवाई।

### नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित


नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

**हरोली।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन। इस प्रतियोगिता के लिए संस्थान की समन्वयक असिस्टेंट सहायक प्रो एकता सूद ने चयन किया प्रतियोगिता में पांचवें वर्ष की छात्रा कनिका तीसरे वर्ष की छात्रा करीना व दूसरे वर्ष की छात्रा राधिका शर्मा ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले छात्रों कॉलेज स्टाफ को संस्थान के चैयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने बधाई दी। कॉलेज के प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के करियर के लिए अहम भूमिका निभाते हैं।

### सरोग स्कूल में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोग में बैग फ्री डे मनाया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । प्रातःकालीन सत्र में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नोडल अधिकारी मदन प्रेमी ने मजबूत प्रजातंत्र के लिए छात्रों को मतदान के महत्व को बताया। इसी कड़ी में छात्रों और अध्यापकों द्वारा मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। इसके अतिरिक्त एनएसएस प्रभारी प्रेम चंद शर्मा और उर्वशी खागटा के निर्देशन में छात्रों ने साफ-सफाई भी की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सारिका आहूजा ने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में अग्रणी रहने का आह्वान किया।

# गैर कानूनी गतिविधियों पर कार्रवाई जारी: डॉ. यूनुस

## कहा-स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों के लिए चौकसी से कार्य कर रहा राज्य कर एवं आबकारी विभाग

**राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क आयुक्त ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के मद्देनजर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग पूरी चौकसी से कार्य कर रहा है। विभाग ने राज्य के सीमावर्ती जिलों सिरमौर, सोलन के बद्दी, बिलासपुर, कांगड़ा और चंबा में अवैध शराब और कीमती धातुओं को लेकर बड़े स्तर पर छापेमारी की गई है। यह जानकारी राज्य कर एवं उत्पाद शुल्क आयुक्त डॉ. यूनुस ने ऊना जिला मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दी।

डॉ. यूनुस ने बताया कि हिमाचल में चुनावों के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत अब तक लगभग पूरे राज्य में 7 लाख बल्क लीटर से ज्यादा अवैध शराब पकड़ी गई और 28 से ज्यादा एफआईआर रजिस्टर्ड की हैं, जिनकी जांच में पुलिस जुटी है ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। राज्य में पकड़ी गई बल्क लीकर की कीमत लगभग 10.5 से 11 करोड़ रुपए के करीब है। उन्होंने बताया कि गत दिवस आबकारी विभाग की टीम ने नूरपुर के इंदौरा क्षेत्र में 8 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी के दौरान एक लाख 23 हजार लीटर बल्क में लाहन पकड़कर नष्ट की गई और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

डॉ. यूनुस ने बताया कि चुनावों के दौरान कीमती मेटल्स के कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए एक लाख 61 हजार रुपए के ई-वे बिलों की चैकिंग की है। इस दौरान 62 लाख रुपए की पेनल्टी डाली है। विभाग ने 59 उड़नदस्ते और 22 स्टैटिक दल बनाए हैं तथा प्रदेश में सभी जिलों के साथ-साथ सीमावर्ती राज्यों के आबकारी अधिकारियों व पुलिस के साथ समन्वय बनाकर अवैध शराब के कारोबार और गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कार्रवाई जारी है। विभाग की मोबाइल टीमें चौबीस घंटे सातों दिन निरंतर कार्य कर रही हैं।

ऊना जिले में गत 6 दिनों में आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध बार और रेस्टोरेंट्स से भी अवैध शराब बरामद की है। दोषियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। स्थानीय आबकारी विभाग की टीम ने लगभग 3,09,69,042 रुपए की लगभग एक लाख 62 हजार बल्क लीटर अवैध शराब पकड़ी है। पूरे प्रदेश में अवैध शराब और कर चोरी के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है तथा ऐसे कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।

### उम्मीदवारों के चुनावी खर्चे की जांच


दस्तावेजों की पड़ताल करती चुनावी व्यय समिति।

**ऊना।** गगरेट तथा कुटलैहड़ विधानसभा के उपचुनावों को लेकर चुनावी व्यय की निगरानी एवं निरीक्षण के लिए चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी मीनू सिंह बिष्ट ने नगर पंचायत कार्यालय गगरेट में गगरेट विस उपचुनाव के सभी प्रत्याशियों के व्यय लेखा संबंधी रजिस्टर की जांच की और शैडो रजिस्टर से मिलान किया। इस मौके पर उम्मीदवारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उनके चुनावी व्यय दस्तावेजों, दैनिक व्यय रजिस्टर, कैश और बैंक रजिस्टर का निरीक्षण किया गया। बता दें, चुनाव आयोग ने विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी के लिए 40 लाख रुपए की व्यय सीमा निर्धारित की है। उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को चुनावी व्यय को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित व्यय सीमा के भीतर रखने को लेकर सजग किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यय पर्यवेक्षक के साथ सहायक व्यय पर्यवेक्षक भी मौजूद रहे।

# हिमाचल प्रदेश सीनियर थ्रो बाल टीम के खिलाड़ियों का चयन आज



सीनियर नेशनल थ्रो बाल प्रतियोगिता की जानकारी देते गणमान्य।

**अभिषेक कुमार, ऊना**

47वीं सीनियर नेशनल थ्रो बाल खेलकूद प्रतियोगिता 6 से 8 जून को बर्ड एंड डीड महाविद्यालय हयाथनगर हैदराबाद तेलंगाना में शुरू होने जा रही है। इसमें देशभर की खिलाड़ी टीमें भाग ले रही हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश सीनियर थ्रो बाल टीम के खिलाड़ियों का चयन 26 मई को बंगाणा में सुनिश्चित किया गया है।

इसमें हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग जिलों के थ्रो बाल खिलाड़ी व कोच भाग लेने आ रहे हैं। वहीं, इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विरेंद्र कंवर शिरकत करेंगे और चयनित खिलाड़ियों को किट व ड्रेस वितरित करेंगे तथा सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति जरूरी दिशा-निर्देश भी देंगे। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित थ्रो बाल कोच भी मौजूद रहेंगे।

हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल एसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र शर्मा ने सीनियर टीम में खिलाड़ियों में लड़कियों में मानसी राणा, सुमिक्षा पंवार, गुरप्रीत कौर, तारसवी शर्मा, शताक्षी, उमा देवी, निशा देवी, बेबी कुमारी, साक्षी, आंशिका, दिया शर्मा, अंजली और लड़कों में समीर खां, सर्वजीत सिंह, आर्यन बत्स, अनमोल, रूपांश शर्मा, प्रशांत, अंकित राणा, आयुष शर्मा, अनिल, पंकज, नीरज, कीर्ति लाल, आदित्य, भार्गव शर्मा, पुनीत, ललित, विशाल, आदर्श शर्मा सहित सभी खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे सभी दस्तावेजों सहित बंगाणा के आशीर्वाद होटल में समय पर पहुंचने का आह्वान किया है।

# सीएम की घोषणा के बाद ऊना में क्यों नहीं बना रिंग रोड: सत्ती

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कांग्रेस नेता सतपाल रायजादा बताएं रिंग रोड का 500 करोड़ कहां गया। यह सवाल भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना सदर से विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कांग्रेस नेता सतपाल रायजादा से किया है। सतपाल सत्ती ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद रायजादा ने सीएम द्वारा रिंग रोड के लिए 500 करोड़ रुपए जारी करने का दावा किया था। क्यों आज तक कांग्रेस सरकार रिंग रोड नहीं बना पाई। सत्ती ने कहा कि दावा करने से विकास नहीं होता। विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय व प्रशासनिक अनुमोदन को मंजूरी दिलानी पड़ती है।



उन्होंने कहा कि सतपाल रायजादा भाजपा के विकास का ब्यौरा मांग रहे हैं। उन्हें विकास देखना है तो लालसिंगी से मात्र एक किलोमीटर दूर ऊना आएं। बड़े-बड़े भवन देखकर इन्हें विकास दिखेगा। रायजादा अपने राजनीतिक करियर में एक भी विकास कार्य नहीं करवा पाए और अब दूसरों के विकास का ब्यौरा किस मुंह से मांग रहे हैं। कांग्रेस नेता बिना ज्ञान के ही बयानबाजी कर हंसी का पात्र बन रहे हैं। सतपाल रायजादा को अपने 12 वर्ष के राजनीतिक सफर के दौरान उपलब्धियां जनता को बतानी चाहिएं। जनता को भी पता चल सके, इन्होंने कौन सा विकास करवाया है।

विकास तो दूर की बात, पूर्व भाजपा सरकार के समय खुले सैकड़ों सरकारी कार्यालय बंद कर कांग्रेस ने जनता की परेशानियां बढ़ाने का काम ही किया है। प्रदेश में पहली बार ऐसी सरकार आई है जनता को सुख नहीं बल्कि दुख दे रही है। भाजपा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। एक जून को जनता भाजपा के पक्ष में फैसला सुनाकर इन्हें करारा जवाब देगी।

# पीठासीन और मतदान अधिकारियों को बताई ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा चुनावों की मतदान प्रक्रिया के दौरान एक जून को केवल महिला अधिकारियों द्वारा संचालित किए जाने वाले मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाली विधानसभा क्षेत्र की महिला पीठासीन, सहायक पीठासीन और मतदान अधिकारियों के लिए शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा में दूसरे चरण का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण शिविर के दौरान एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ के निर्वाचन अधिकारी सोनू गोयल ने भी मतदान प्रक्रिया को लेकर महिला अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मतदान से जुड़े कानूनी प्रावधानों, मतदान केंद्र में मूलभूत आवश्यकताओं तथा वहां प्रवेश से जुड़े नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ ईवीएम, वीवीपैट व सीलिंग के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ में 118 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।


ईवीएम, वीवीपैट व सीलिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करते अधिकारी।

इनमें से 10 पोलिंग बूथ के संचालन का जिम्मा महिला कर्मचारियों के द्वारा संभाला जाएगा। प्रशिक्षण शिविर संपन्न होने के पश्चात महिला मतदान अधिकारियों ने चुनाव आयोग द्वारा स्थापित किए गए सुविधा केंद्र के माध्यम से पोस्टल बैलेट से अपना वोट डाला। प्रशासन द्वारा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को मत का प्रयोग करने का पहले ही मौका दिया गया है।

इसके लिए अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा में सुविधा केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान महिला अधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया और ईवीएम-वीवीपैट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

# शिमला ने कुल्लू को 5 विकेट से हराया

**ऊना।** जिला स्तरीय सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का लीग मुकाबला शिमला और कुल्लू के बीच पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में खेला गया। कुल्लू की टीम ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 10 विकेट खोकर 220 रन बनाए। कुल्लू के बल्लेबाजों में अमित ठाकुर ने 55, दक्ष नारायण ने 35, जबकि अभिनंदन ने 71 रन बनाए।

जोगदीप सिंह ने तीन, मुकुल नेगी और कुशल पाल ने दो, जबकि नवीन और देवव्रत ने एक खिलाड़ी को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। शिमला के बल्लेबाजों में कुशल पाल ने 58, जोगदीप ने 49 रन बनाए, जबकि राहुल ने नाबाद 40 रन बनाए। सुशांत सिंह ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया। शिमला की टीम ने अपना लक्ष्य 34.5 ओवर में 5 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया और टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज करवाई।

# कुनेरन रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियां रोकने को लेकर लोगों ने सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

कुनेरन रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियां रोकने को लेकर लोगों ने सौंपा मांग पत्र सौंपा है। गौर हो कि कहने को तो ऊना जिले के लिए ट्रेनों की संख्या बढ़ना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इससे लोगों को सुविधा बढ़ी है। वहीं, अगर रेलवे स्टेशनों की बात करें तो यात्रियों को सुविधाओं से लैस रेलवे स्टेशन उपलब्ध कराने का प्रयास भी रेल मंत्रालय द्वारा किया गया है, लेकिन लाखों-करोड़ों रुपए खर्च के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए रेलवे स्टेशन पर अगर रेलगाड़ी न रुके तो ऐसी सुविधा किस काम की।

वहीं, जिस स्टेशन का निर्माण प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रुके तो हर कोई हैरान व परेशान तो होगा ही। बता दें कि चिंतपूर्णी मार्ग (कुनेरन) के नाम से बनाए गए स्टेशन पर विगत डेढ़ दशक से कोई ट्रेन नहीं रुक रही। इसके चलते आसपास के दर्जनों गांवों के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



कुनेरन रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों को रोकने को लेकर मांग पत्र सौंपा गया।

इस क्षेत्र की आमजनमानस की समस्या को निरंतर क्षेत्र की सामाजिक संस्था कुनेरन टाईडीडी सोवर टुमारो फाउंडेशन द्वारा रेल अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन को मांग पत्र देकर उठाती रही है, लेकिन हर कोई हैरान है कि किसी के कान पर जूं तक न रेंगना जनता की सुविधाओं के प्रति उदासीन कार्यशैली को उजागर करता है। संस्था के अध्यक्ष, सुरेश कुमार, रवि बंसल, विजय बंसल, विपन, मनजीत, गुरबख्श, मनोहर, नेत्र, अनिल ने चिंतपूर्णी मार्ग स्टेशन पर सभी ट्रेनों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग रेल मंत्रालय व जिला प्रशासन से की है।

# गगरेट और कुटलैहड़ में कांग्रेस प्रत्याशियों के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह : अविनाश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अविनाश कपिला ने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी लोकसभा और विस उपचुनाव भारी मतों से जीतने जा रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि विस उपचुनावों में प्रदेश की जनता, कांग्रेस पार्टी को धोखा देने वालों को भारी मतों से हराकर उनको हमेशा के लिए घर बिठाने जा रही है। कपिला ने कहा कि उनके गृह जिला ऊना में दो विस क्षेत्रों में होने जा रहे उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रति जोरदार लहर चल रही है। जनता का भरपूर प्यार कांग्रेस प्रत्याशियों को मिल रहा है।



यहां की जनता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हाथों को मजबूत बनाने के लिए विस के दोनों कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी बहुमत से जिताने का मन बना चुकी है। कुटलैहड़ से विवेक शर्मा के पक्ष में धुंआधार लहर चल रही है तो वहीं गगरेट में भी पूर्व विधायक के खिलाफ लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा है, जो कि राकेश कालिया के पक्ष में वोट बनकर उतरते हुए देखने को मिलेगा, साथ ही हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा को भी लोकसभा में पहुंचाने का जनता ने पक्का मन बना लिया है।

उन्होंने कहा कि डेढ़ वर्ष में सुक्खू सरकार ने प्रदेश हित में अनेक कार्य किए हैं। प्रदेश सरकार में कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई गारंटियों में से आधी अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में पूरी कर दी हैं क्योंकि मुख्यमंत्री आम परिवार से ताल्लुक रखते हैं, वह आम लोगों की समस्याओं को भली भांति जानते हैं।

# आपदा में कितना सहयोग किया, दें जानकारी : विक्कू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने आज क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ जनसभाओं के माध्यम से जनता से संपर्क सादा। इस मौके पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग एक राजा को मूर्ख बना सकते हैं, वे जनता का क्या हाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक आपदा के बीच बार-बार भाजपा का गुणगान करने वाले यह बताएं की कितना सहयोग आपदा के समय में किया। उन्होंने कहा कि अब आपके पास एक ही रास्ता है और वह है सरकार के साथ चलने का क्योंकि हम पहले ही 15 महीने विकास में पिछड़ चुके हैं और आपके घर-द्वार आकर एक बार फिर मौका मांगने वाले लोग ही इसका कारण बने हैं।

वहीं, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पूर्व में जब कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ा तो बड़ी-बड़ी बातें और दावे करते थे, लेकिन जैसे ही विधायक बने, विक्कू तो दूर उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी सम्मान करना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि मात्र 14 महीने में प्रदेश को उपचुनाव की आग में धकेलने वालों का 4 जून के बाद कोई अता-पता नहीं चलेगा।


जनसंपर्क अभियान के दौरान कुटलैहड़ विस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्यासी विवेक शर्मा विक्कू।

वहीं, कांग्रेस नेता देशराज गौतम ने कहा कि आप लोगों को इन धोखेबाजों की बातों में आकर विचलित नहीं होना है। वहीं, कांग्रेस नेता प्रवीण शर्मा ने कहा कि जो कल तक कहते थे कि हम आपके हैं और फिर हमारा फायदा उठाकर और जनता को धोखा देकर अब हमारे खिलाफ सामने खड़े हैं। ये लोग कहते थे कि हमें कांग्रेस के लोगों ने वोट नहीं डाले, बल्कि भाजपा ने हमें जिताया है और अब जब यह भाजपा में गए और चुनाव लड़ रहे हैं तो ये अब पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के ऊपर आरोप लगा रहे हैं।

**ये रहे उपस्थित :** कांग्रेस प्रत्याशी के साथ ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव देसराज मोदीगिल, देसराज गौतम, प्रवीण दुआ, मदन मोहन सैनी, राजेश धीमान, उर्मिला शर्मा, सत्या देवी, विवेक, मेनका, पंकज, सौरव, विकास कौशल, पंकज दत्त, रवि कुमार, सुरेश कुमार, महेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पर्यवेक्षकों ने निर्वाचन आयोग को विभिन्न प्रबंधों से करवाया अवगत


निर्वाचन आयोग को जानकारी उपलब्ध करवाते पर्यवेक्षक।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा आम चुनाव और चार विधानसभा क्षेत्रों सुजानपुर, बड़सर, कुटलैहड़ और गगरेट में चुनाव संबंधी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। एक जून को होने वाले मतदान तथा 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए सभी पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं।

निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया और व्यय पर्यवेक्षक डॉ. कुंदन यादव ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में किए गए प्रबंधों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना करते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को निर्धारित समय पर पूरा किया जा रहा है तथा एक जून को मतदान तथा 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

**प्रचार** सुक्खू की स्क्रिप्ट को रोजाना पढ़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी, नहीं होगा बेड़ा पार

# जनता जानती है कुटलैहड़ में माफिया कौन: भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ ही नहीं जो हिमाचल माफियों के मुख्य सरगना रहे हों और हर समय धोखे की राजनीति पर विश्वास रखते हों, जिन्होंने कुटलैहड़ की जनता के साथ हर समय छल किया और हर चुनाव में कुटलैहड़ से कांग्रेस को धोखा दिया हो, ऐसे दल बदलू नेताओं पर माफिया शब्द शोभा नहीं देता है। माफिया कौन है और कौन दल बदल कर जनता को धोखा देता रहा हो, कौन है जो आज तक वार्ड पंच बनने की हैसियत न रखता हो।

इसका कुटलैहड़ की जनता पूरा हिसाब रखती है, इसलिए बेहतर होगा कि औकात में रहकर ही मंच के माध्यम से जनता को संबोधित करें। कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने प्रचार के दौरान विपक्ष पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि आपदा आने पर राज्य के सभी क्रशर बंद थे और नादौन में किस नेता के भाई-भतीजाबाद से क्रशर चालू करके खनन माफिया को आरक्षण मिल रहा था, यह बताने की जरूरत नहीं है। राज्य में जो बड़े माफिया लोग हैं, उनके गुर्गे भी आज उनकी भाषा बोलने लगे हैं और तो और हर मंच से माफिया का राग आलाप लगा रहे हैं, लेकिन शायद उन्हें ज्ञात नहीं कि उनके आका पर हमने मानहानि का नोटिस भेज दिया है और अब आपकी बारी है।


जनसभा को संबोधित करते कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भुट्टो।

भुट्टो ने कहा कि लूट-घुसूट की राजनीति न हमने कभी की है और न ही हम करना पसंद करते हैं, जो लूट-घसीट की राजनीति करते हैं, उन्हे भी मंच से अभद्र भाषा बोलने का ज्ञान होता है। शायद अभद्र शब्दों से कुटलैहड़ से चुनाव जीतने की सोच रहे हैं। यह इनकी गलत सोच है क्योंकि कुटलैहड़ की जनता ने मेरा तीस वर्ष का कार्यकाल नजदीक से देखा है कि हम किस प्रकार जनता के बीच जाते हैं और जनता की किस प्रकार मदद करते हैं, लेकिन ये तो वे लोग हैं, जो 1977 से लगातार किसी न किसी दल से भाग्य आजमाने के लिए दल बदलते रहे, लेकिन कुटलैहड़ की जनता ने उन्हें कामयाबी नहीं दी। इस बार मुख्यमंत्री का दामन थामकर कुटलैहड़ से फिर भाग्य आजमाने के लिए चुनावी मैदान में कूदे हैं, लेकिन शायद कुटलैहड़ के कांग्रेस प्रत्याशी को यह ज्ञात नहीं कि जो खुद डूबने की कगार पर पहुंच चुका है, वे तुम्हें क्या भव सागर पार लगाएगा।

सुक्खू सरकार की बिदाई तो चार जून को निश्चित है। अयोध्या में जब श्री राम मंदिर का निर्माण होना था, तो 27 वर्ष श्री राम मंदिर निर्माण का विरोध करते रहे, जब श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होकर प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा होनी थी, तो भी विरोध करते रहे। चुनावों में देश, प्रदेश और कुटलैहड़ की जनता कांग्रेस नेताओं को श्रीराम मंदिर निर्माण की बाधा पर प्रश्न पूछ रही हैं तो मंच से जनता के बीच कांग्रेस नेता श्री राम जी का गुणगान कर रहे हैं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# बंगाणा में लोगों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया जागरूक


बंगाणा बाजार में युवाओं को जागरूक करते कुटलैहड़ विस क्षेत्र के नोडल अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

स्वीप और निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के निए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज बंगाणा मुख्य बाजार में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर कुटलैहड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने बताया कि आज स्वीप और एनएसएस इकाई अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के द्वारा बंगाणा मुख्य बाजार में एकदिवसीय मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने सभी मतदाताओं को एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अपनी कीमती वोट का सही प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न तरह की एक्टिविटी, सोशल मीडिया व प्रचारकों का प्रयोग किया जा रहा है।

इसके लिए उपमंडल दंडाधिकारी बंगाणा सोनू गोयल का समय-समय पर सही निर्देशन प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर एनएसएस के यूनिट कैप्टन विशाल सोनी, कैप्टन सपना, एनएसएस इकाई के हेड ब्वॉय तीक्षण, हेड गर्ल सविता और एनएसएस के स्वयंसेवियों मौजूद रहे।

**उस** व्यक्ति को आलोचना करने का अधिकार है, जो सहायता करने की भावना रखता है। **–अब्राहम लिंकन**

## संपादकीय

# यह देश सबका

भारत देश समस्त भारतीयों का है, इसलिए सभी के सुख-दुख और हित को मद्देनजर रखकर नीतियां बनाई जानी चाहिएं, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में इस विविधता और व्यापकता पर कोई बहस नहीं की जा रही। किसी भी पार्टी का कोई भी नेता यह कहता हुआ सुनाई नहीं दे रहा कि उनकी पार्टी समस्त भारतीयों के लिए एक जैसी नीतियां और कानून बनाएगी। सारा चुनाव ही केवल एक समुदाय विशेष को मद्देनजर रखकर लड़ा जा रहा है। कोई इस समुदाय को पिछड़ा और शोषित बताकर इसके हितों की रक्षा करने के लिए लड़ने की बात कर रहा तो कोई अन्य पार्टियों पर इस समुदाय के तुष्टिकरण का आरोप लगाकर अन्य समुदायों को नजरअंदाज करने की बात कर रहा है। लगभग पूरा विपक्ष इस समुदाय को आरक्षण देने की पैरवी करता हुआ नजर आ रहा है, तो वहीं भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी अन्य दलों पर इस समुदाय विशेष को धर्म के आधार पर आरक्षण देने के आरोप लगा रहे हैं। भाजपा के नेता तो हर चुनावी सभा में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। पीएम तो यहां तक बोल रहे हैं कि वह जब तक जिंदा हैं, तब तक दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का आरक्षण छिनने नहीं देंगे। इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। वैसे भी आरक्षण किसी का संवैधानिक मौलिक अधिकार नहीं है। संविधान पीठ भी फैसला दे चुकी है कि धर्म पर आधारित आरक्षण 'संवैधानिक' नहीं है।


जब देश आजाद हुआ था तो उस समय के सामाजिक ढांचे को देखकर 10 साल के लिए आरक्षण की व्यवस्था तय की गई थी, ताकि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विषमताएं समाप्त की जा सकें, लेकिन आजादी के 77 साल बाद भी वह संवैधानिक व्यवस्था वैसे ही बरकरार है। आज तो यह आरक्षण राजनीतिक हथियार भी बन चुका है। कुछ राज्य सरकारों ने तो धार्मिक कोटा देने की कोशिश भी की थी, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उन्हें खारिज कर दिया, पर सच्चाई यह है कि आज कई राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था है। सिर्फ बिहार और बंगाल ही नहीं, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, केरल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा आदि राज्यों में भी कई जातियों की आड़ में इस समुदाय विशेष को आरक्षण देने की व्यवस्था है। इनमें से कई राज्यों में तो भाजपा की सरकारें हैं। इस देश में इस समुदाय की जनसंख्या 15 प्रतिशत से ज्यादा नहीं है, फिर भी चुनाव के दिनों में सारी राजनीति इसी के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आती है। बाकी 85 प्रतिशत आबादी की कोई बात ही नहीं करता।

21वीं सदी के पहले दशक में जस्टिस रंगनाथ मिश्र आयोग गठित किया था। उसने 2007 में इस समुदाय को ओबीसी आरक्षण देने की सिफारिश की थी। जस्टिस रंगनाथ मिश्र देश के प्रधान न्यायाधीश रह चुके थे। इस समुदाय विशेष के लिए ही सच्चर कमेटी का गठन किया गया। तत्कालीन सरकार ने तो अलग से 'अल्पसंख्यक मंत्रालय' भी बना दिया, जिसका फोकस भी इसी समुदाय विशेष पर ही रहा है। बाकी अल्पसंख्यक समुदायों को कोई तव्वजो नहीं दी गई। अब सवाल यह है कि विपक्षी दलों को महज इसी समुदाय की ही चिंता क्यों सताती है? क्या भारत सिर्फ इसी समुदाय विशेष के लोगों का देश है? करीब 15 फीसदी आबादी वाले इस समुदाय के लोग ही असली भारतीय हैं। 85 फीसदी आबादी क्या साल दर साल हाथ ही मलती रहे। आज अगर किसी को आरक्षण की जरूरत है तो वे हैं मूलभूत सुविधाओं से वंचित और निर्धन लोग, चाहे उनकी जाति और समुदाय कुछ भी हो। कुछ दिनों के बाद जब नई सरकार बने, तो वह तुष्टिकरण के खिलाफ कोई संवैधानिक व्यवस्था बनाए, ताकि सभी समुदायों को एक समान महत्व मिल सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध मूर्तिकार

रामकिंकर बैज का जन्म पश्चिम बंगाल के बांकुरा में हुआ था। उनको आधुनिक भारतीय मूर्तिकला का जनक भी कहा जाता है। वर्ष 1925 में उन्होंने शांतिनिकेतन स्थित कला विद्यालय यानी कला भवन में नंदलाल बोस के मार्गदर्शन में कला की अनेक बारीकियां सीखीं। शांतिनिकेतन के मुक्त एवं बौद्धिक माहौल में उनके कलात्मक कौशल और बौद्धिक क्षितिज को नए आयाम मिले। कला भवन में अपनी पढ़ाई पूरी करने के तुरंत बाद ही वह संकाय के एक सदस्य बन गए और फिर उन्होंने नंदलाल बोस और बिनोद बिहारी मुखर्जी के साथ मिलकर शांतिनिकेतन को आजादी-पूर्व भारत में आधुनिक कला के सबसे महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी आधुनिक भारतीय मूर्तिकला के अग्रदूतों में उनकी गणना होती है।



**रामकिंकर बैज**
**जन्म :** 26 मई, 1906
**मृत्यु :** 2 अगस्त, 1980

'संभाल परिवार', 'मिल कॉल', 'महात्मा बुद्ध', 'मिथुन', 'सुजात' व 'रविंद्र नाथ टैगोर का पोर्ट्रेट' आदि उनके प्रमुख मूर्तिशिल्प हैं। अपने दृढ़ संकल्प से वह भारतीय कला के प्रतिष्ठित प्रारंभिक आधुनिक कलाकारों में से एक बने थे। भारतीय कला में उनके अतुल्य योगदान के लिए वर्ष 1970 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया। उन्हें एक के बाद एक कई राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया। वर्ष 1976 में उन्हें ललित कला अकादमी का एक फेलो बनाया गया। उन्हें वर्ष 1976 में विश्व भारती द्वारा मानद डॉक्टरेट उपाधि 'देशोत्तम' से और वर्ष 1979 में रवींद्र भारती विश्वविद्यालय की ओर से मानद डी.लिट से सम्मानित किया गया। ■

## अपनी बात

**अपने** देश के लिए वोट देने की शक्ति भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जबकि हमारे देश में बहुत से लोग वोट डालने के पात्र हैं, बहुत कम लोग इसके प्रति उत्साही हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में, मतदान प्रतिशत 67.11 प्रतिशत था, जो भारत के इतिहास में सबसे अधिक मतदान है। हर चुनाव के साथ मतदान में सकारात्मक वृद्धि हुई है। मतदान में इस तरह की वृद्धि एक सकारात्मक स्वागत है, क्योंकि हमारे देश के बेहतर भविष्य के लिए हर एक वोट मायने रखता है। भारत की लोकतांत्रिक नींव चुनाव परिणामों पर आधारित है। हमारी विधायिकाएं और संसदें लोगों द्वारा, उनके लिए और लोगों के लिए चुनी जाती हैं। हम भाग्यशाली हैं कि हमें वोट देने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। हम इसे हल्के में लेते हैं, लेकिन संविधान हमें यह अधिकार देता है कि हम जिसे चाहें वोट दें और अपना मन बदल लें। आपके वोट में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की क्षमता है। अगर आप मौजूदा सरकार से असंतुष्ट हैं तो आप बेहतर सरकार के लिए वोट कर सकते हैं। अगर लोग वोट नहीं देते हैं, तो वही पार्टी अगले पांच साल तक सत्ता में रहेगी, जो आप हरगिज नहीं चाहेंगे।

**–नर्वदा देवी, बैजनाथ**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# वोटर लिस्ट में बढ़ती महिलाएं संसद में कब बढ़ेंगी ?

भारत में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक समान नहीं रही है। इसमें समय-समय पर हमेशा बदलाव होता रहा है। यदि हम महिलाओं की स्थिति का आकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है। इन बदलावों का ही परिणाम है कि महिलाओं का योगदान भारतीय राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है, जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। चुनाव महिला उम्मीदवारों से जुड़े कई राजनीतिक पूर्वाग्रहों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है, साथ ही महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण करने भी कारगर सिद्ध होगा। तमाम प्रमुख राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में भारी फर्क है।



**लेखिका : प्रियंका सौरभ**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार**

जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देतीं, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। टिकटों के बंटवारे के समय तमाम दल किसी न किसी बहाने महिलाओं को चुनाव लड़ने से दूर रखने का प्रयास करते रहे हैं। जब तक यह पुरुषवादी मानसिकता नहीं बदलती, महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद तस्वीर ज्यादा नहीं बदलेगी। महिला मतदाता इतनी महत्वपूर्ण कभी नहीं थीं, जितनी अब हैं। महिला मतदाताओं को तेजी से एक ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के रूप में पहचाना जा रहा है, जो परिणामों को प्रभावित कर सकता है। महिला आरक्षण विधेयक के जल्दबाजी में पारित होने से बेहतर इसका कोई प्रतीक नहीं है। भाजपा द्वारा 'नारी शक्ति' पर किए गए सभी बड़े दावों के बावजूद, नवंबर में पांच राज्यों के चुनावों में उसके केवल 10 से 15 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं थीं।

यही बात उन अन्य पार्टियों पर भी लागू होती है, जिनकी अखिल भारतीय उपस्थिति है। भारत की महिला मतदाता एक ताकत है, जिसे गिना जाना चाहिए। राजनीतिक दल कल्याणकारी योजनाओं और रियायतों के वादों के साथ महिलाओं के वोट हासिल करने की होड़ में हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण अभी भी मायावी है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देतीं, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। देश की मतदाता सूची में महिला वोटरों की तादाद लगातार बढ़ रही है, लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण वे इस अनुपात में संसद में नहीं पहुंच पातीं। मतदाताओं में आधी आबादी महिलाओं की है। पिछले 15 सालों में हिंदी बेल्ट राज्यों में उनकी संख्या में वृद्धि चुनाव परिणामों पर गहरा असर डाल रही है। इन सबके बीच एक सवाल यह भी उठता है कि भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी कम क्यों है? क्यों अब भी लगभग सभी पार्टियां महिलाओं को टिकट देने से कतराती हैं?

बीते लोकसभा चुनाव में 542 सांसदों में से 78 महिलाएं थीं। इनमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 11-11 महिलाएं चुनाव जीती थीं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने वाली भाजपा ने 417 संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिनमें 68 महिलाएं हैं। यानी पार्टी ने सिर्फ 16 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया है। भाजपा ने 2009 में 45, 2014 में 38 और 2019 में 55 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने अब तक 247 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें 35 उम्मीदवार यानी 14 फीसदी से कुछ ज्यादा महिलाएं हैं।

वर्ष 2019 में कांग्रेस ने 54 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में जिन 42 उम्मीदवारों की घोषणा है, उनमें 12 महिलाएं हैं। लोकसभा चुनाव में कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में से 68 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें 33 करोड़ यानी 49 फीसदी महिला मतदाता होंगी। 85.3 लाख महिलाएं पहली बार मतदान करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2047 तक (2049 में संभावित चुनाव) महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 55 फीसदी (50.6 करोड़) और पुरुषों की संख्या घटकर 45 फीसदी (41.4 करोड़) हो जाएगी। भारत के राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पिछले दशक की सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक है। महिला मतदाता अब चुनावों में पहले से कहीं अधिक बड़ी भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अब साक्षरता बढ़ने के कारण महिलाएं राजनीतिक फैसला लेने वाले एक अहम समूह के रूप में उभर रही हैं।

महिला आरक्षण विधेयक, रसोई गैस सब्सिडी, सस्ते ऋण और नकद राशि के वितरण जैसे कदमों से भाजपा के वोटों में वृद्धि में मदद मिली है। महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है क्योंकि उनकी आबादी और शिक्षा भी बढ़ी है। राजनीतिक दलों ने भी जागरूकता फैलाने में योगदान दिया है। यह उनके भी हित में था कि वे महिलाओं को जागरूक करें और मतदान के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि उनका वोट प्रतिशत बढ़ सके। महिलाओं की तरफ फोकस इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि पुरुष कई बार काम की तलाश में बाहर चले जाते हैं और ऐसे में वे मतदान के लिए अपने क्षेत्र में नहीं आते हैं। चुनाव आयोग ने भी इस दिशा में काम किया और महिलाओं के लिए बूथ तक पहुंचना और वोट डालना आसान बनाया। बूथों पर गर्भवती महिलाओं के लिए भी अलग इंतजाम किए जाते हैं, पर यह प्रगति इतनी धीमी है कि भारत अब भी कई बड़े देशों से इस मामले में पीछे है। महिला वोटर्स की संख्या में तो इजाफा हुआ है, पर कैंडिडेट और सांसदों के तौर पर उनकी संख्या अभी भी बहुत कम है। तमाम राजनीतिक दल महिलाओं को कई स्पेशल स्कीम से लुभाने की कोशिश करते हैं, जैसे फ्री बस राइड, डायरेक्ट मनी ट्रांसफर आदि पर ज्यादातर पार्टियां उन्हें टिकट देने के मामले में कंजूसी करती हैं।

छत्तीसगढ़ और त्रिपुरा को छोड़ दें तो ज्यादातर राज्यों में महिला सांसदों की संख्या बहुत कम है। स्वामी विवेकानंद का मानना है कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहां की महिलाओं की स्थिति। हमें महिलाओं को ऐसी स्थिति में पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए, जहां वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से खुद सुलझा सकें। हमारी भूमिका महिलाओं की जिंदगी में उनका उद्धार करने वाले की न होकर उनका साथी बनने और सहयोगी की होनी चाहिए क्योंकि भारत की महिला इतनी सक्षम है कि वे अपनी समस्याओं को खुद सुलझा सकें। कमी अगर कहीं है तो बस इस बात की, हम एक समाज के तौर पर उनकी काबिलीयत पर भरोसा करना सीखें। ऐसा करके ही हम भारत को उन्नति के रास्ते पर ले जा पाएंगे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्रचंड गर्मी के प्रकोप से जनजीवन प्रभावित

देश में बहुत से राज्यों में इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। इससे लोगों की सेहत और आजीविका प्रभावित हो रही है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश में अभी गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम कार्यालय ने इन राज्यों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए 'कमजोर लोगों के लिए अत्यधिक देखभाल' की आवश्यकता पर बल दिया है। इस अवधि के दौरान हिमाचल प्रदेश की निचली पहाड़ियों में अत्यधिक गर्मी का दौर अभी कुछ दिन और जारी रहेगा, जो मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से बचने के लिए लोगों के सुरक्षित आश्रय स्थल रहे हैं।

राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है, जिससे दैनिक जीवन बहुत प्रभावित हो रहा है और लोग दोपहर में घर के अंदर ही रहना पसंद कर रहे हैं। गुजरात के कुछ हिस्सों में भी लोगों को प्रचंड गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा का सिरसा जिला देश में सबसे गर्म स्थान रहा। दिल्ली में पिछले दिनों की तुलना में तापमान में कुछ गिरावट आई, लेकिन यह सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक रहा। राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की अधिकतम मांग 7,717 मेगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, क्योंकि घरों और कार्यालयों में एयर कंडीशनर का उपयोग बहुत बढ़ गया है। बिजली की मांग के 8,000 मेगावाट से अधिक हो जाने का अनुमान है, जो इस गर्मी में लगभग 8,200 मेगावाट तक पहुंच जाएगी।



**दिनेश दमाथीआ**
**वरिष्ठ लेखक**

आईएमडी ने पहले ही भारत में अप्रैल-जून की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी की चेतावनी दी थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी से कोई राहत मिलने की अभी कोई संभावना नहीं है, क्योंकि अगले कुछ दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। तापमान में लगातार वृद्धि होने के साथ गर्म लू ने भी अपना प्रभाव बनाया हुआ है। मौसम विभाग व सेहत विभाग ने गर्मी के प्रकोप को देखते हुए अलर्ट जारी किया और लोगों को लू से बचने के लिए हिदायत जारी की है। विभाग ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों को अपने-अपने जिले में रैपिड रिस्पांस टीमें बनाने के निर्देश जारी किए हैं, जो कि किसी भी जगह पर गर्मी के दौरान हीट वेव व आउटब्रेक होते ही तुरंत हरकत में आ जाएगी।

इसके साथ ही दूसरे विभागों के साथ ज्वाइंट मॉनिटरिंग टीमें बनाने को भी कहा गया है। गर्मी के प्रकोप के बढ़ते चर्म रोग, आंखों की रोशनी, गैस्ट्रो व पेट की बीमारियां आदि होने का अंदेशा बना रहता है। मौसम विभाग ने आम लोगों को भीषण गर्मी के दौरान घरों से बाहर न निकलने ओर बिना जरूरत बाजारों में न घूमने के लिए कहा है। मजबूरी में ही बाहर निकलें ओर पूरे शरीर को ढककर रखें, अन्यथा त्वचा रोग बढ़ सकता है। इस बढ़ती गर्मी के प्रकोप से हम सबको सावधानी बरतनी ही होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता




### गूंगे की आवाज में

शिव सन्याल
जवाली, कांगड़ा

*गूंगे की आवाज में,*
*छुपी रहे फरयाद।*
*सुनते हैं प्रभु ध्यान से*
*गूंजे मन से नाद।।*
*गूंगे की आवाज में,*
*रहे वेदना पीर।*
*अनदेखी कोई करे,*
*बहते मन के नीर।।*
*गूंगे की आवाज में,*
*होती है हुंकार।*
*गिर जाते हैं ताज भी,*
*जब होता लाचार।।*
*गूंगे की आवाज में,*
*नहीं मचे हैं शोर।*
*आंखों से पहचान ले,*
*कौन सही है चोर।।*
*गूंगे की आवाज में,*
*होते मन के बोल।*
*करने पर जब आ गया,*
*जाते शासन डोल।।*

# पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को बनाया प्रतिस्पर्धी

सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं, लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है, लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनिकता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परंपरागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं। जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं, लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद में सृष्टि के विकास का सुंदर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, 'पहले वह अकेला था। अकेला होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया।' आकार में सबसे बड़ी वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के संबंध में कहते हैं, 'पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अह्मस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया।' इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, 'उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते।' वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया।



**लेखक : हृदयनारायण दीक्षित**
**यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष**

आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लंबे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढ़ाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था, लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीनकाल से ही ईश्वर, देवी-देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है। मनुष्य निराशा में आनंदित नहीं होता और दुख में भी नहीं। जीवन दृष्टि को आनंदमार्गी बनाना जरूरी है। आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छांदोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार संपूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वह उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत कुमार के पास गए। सनत कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी संपूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है।

नारद ने पूछा, यह सुख क्या है? सनत कुमार ने बताया, 'जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है।' ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, 'यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।' पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण हैं। ब्रह्मविद ब्रह्म अनुभूति पाते हैं। ब्रह्म अनुभूति में ब्रह्मानंद है। सृष्टि आनंद से भरी पूरी है। देखने की सकारात्मक दृष्टि होनी चाहिए। नदी तट पर खड़े होकर जल प्रवाह देखना आनंद है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करना भी आनंद है। आनंद रस आपूरित जीवन दृष्टि में समूचा ब्रह्मांड आनंद से भरा पूरा छलकता अमृतघट होता है। यह सहज सुलभ है। तब विषाद की कोई स्थिति नहीं होती। आनंदमयता में जीवन प्रसाद से भर जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पुरस्कारों की दौड़ में साहित्य का भला नहीं हो सकता

साहित्य किसी भी देश और समाज का दर्पण होता है। इस दर्पण को साफ-सुथरा रखने का काम करती हैं, वहां की साहित्य अकादमियां, लेकिन सोचिये क्या होगा, जब देश या राज्य का आईना सही से काम न कर रहा हो तो वहां की सरकार पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। ऐसा ही कुछ हो रहा है, देश के राज्यों की साहित्य अकादमियों में। किसी भी राज्य की साहित्य अकादमी के अध्यक्ष राज्य के मुख्यमंत्री होते हैं। मुख्यमंत्री जिस संस्था के अध्यक्ष हों, वही संस्था अगर सही से काम न करे तो बाकी संस्थाओं की स्थिति का अंदाजा आप लगा सकते हैं।

आज हम देखते हैं कि अधिकांश साहित्य और कला अकादमियों के मंच पर पुरस्कृत होने वाले लोगों में अधिकतर को कोई जानता भी नहीं है। यह सच है कि आज जितनी राजनीति में राजनीति है, उससे अधिक राजनीति साहित्य और कलाओं में है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे जलने वाली मशाल कहा था, लेकिन देशभर में आज साहित्य राजनेताओं के पीछे चल रहा है। पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा, लेकिन किसे फिक्र है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध हैं। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिएं, उनको करने में सालों लग रहे हैं। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है, मगर अभी तक नहीं हुई है, न ही आगामी साल का प्रपत्र जारी किया गया है। एक अकादमी के भीतर क्या- क्या खेल चलते हैं, पारदर्शिता के अभाव में किसी को पता नहीं चलता।



**लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार**

वैसे कोई भी पुरस्कार या सम्मान उत्कृष्टता का पैमाना नहीं हो सकता। हिंदी भाषा में निराला, मुक्तिबोध, फणीश्वरनाथ रेणु, धर्मवीर भारती, राजेंद्र यादव, असगर वजाहत जैसे महत्वपूर्ण कवियों-लेखकों को भी साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया और बहुत से ऐसे लेखकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्हें कभी का भुलाया जा चुका है। इस बारे में विचार करना चाहिए और पुरस्कार की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। आज जिस प्रकार से सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ योग्य एवं अयोग्य साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार साम-दाम-दंड-भेद सब अपना रहे हैं और अपने प्रयासों में प्राय: सफल भी हो रहे हैं, उससे सम्मानों और पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। पुरस्कारों की दौड़ में साहित्य का भला नहीं हो सकता।

आज साहित्य और कला जगत में बहुत सी संस्थाएं काम कर रही हैं। इसे झुठलाया नहीं जा सकता कि किसी क्षेत्र विशेष या एक विचारधारा वाली संस्थाएं आपस में अनुबंध करके आगे बढ़ रही हैं। ये एग्रीमेंट यूं होता है कि आप हमें सम्मानित करेंगे और हम आपको। ये सिलसिला लगातार चल रहा है जो कि अखबारों और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता है। आम पाठक को इससे कोई ज्यादा लेना देना नहीं होता। अब बात करते हैं सरकारी संस्थाओं और पुरस्कारों की। इनकी सच्चाई किसी से छुपी नहीं, जिसकी जितनी मजबूत लाठी, उतना बड़ा तमगा। सिफारिशों के चौराहों से गुजरते ये पुरस्कार पता नहीं, किस को मिल जाएं। किसी आवेदक को पता नहीं होता। इनकी बंदरबांट तो पहले से ही जगजाहिर है। ऐसे पुरस्कारों की विश्वसनीयता को लेकर देशभर में गंभीर आरोप लग रहे हैं। सच्चा रचनाकार इनके चक्कर में कम ही पड़ रहा है।

आज संस्थाएं एक-दूजे की हो गई हैं। एक-दूसरे को सम्मानित करने और शॉल ओढ़ाने में लगी हैं। सरकारी पुरस्कार बंदरबांट कहें या लाठी का दम, जितनी जान-पहचान उतना बड़ा तमगा। ये प्रमाण पुरस्कार विजेताओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हैं। आज देशभर की साहित्य अकादमियां पद और पुरस्कारों की बंदरबांट करने में लगी हैं। अधिकांश अकादमियों के कामकाज को देखकर तो यही लगता है, जब तक विशेषज्ञता के क्षेत्र में राजनीतिक नियुक्तियां होती रहेंगी, तब तक ऐसी दुर्घटनाएं होती रहेंगी। सिविल सेवा कमीशन और प्रदेशों की अकादमी में सदस्यों और अध्यक्षों की राजनीतिक नियुक्तियों ने इन संस्थाओं की विशेषज्ञता पर प्रश्नचिन्ह लगाए हैं। पिछले दशकों में पुरस्कारों की बंदरबांट कथित साहित्यकारों, कलाकारों और अपने लोगों को प्रस्तुत करने के लिए विशेष साहित्यकार, पुरोधा कलाकार, साहित्य ऋषि जैसी कई श्रेणियां बनी हैं। इसके तहत विभिन्न अकादमियां एक-दूसरे के अध्यक्षों को पुरस्कृत कर रही हैं और निर्णायकों को भी सम्मान दिलवा रही हैं। इन पुरस्कारों में पारदर्शिता का अभाव है। बिना साधना के कैसा साहित्य? अब समय आ गया है कि देश की सभी राज्य अकादमियों को केंद्रीय साहित्य अकादमी की तरह सचमुच स्वायत बनाया जाए और इनका काम पूरी तरह से साहित्यकारों, कलाकारों को सौंपा जाए। किसी भी अकादमी के वार्षिक कार्यों की प्रगति समयानुसार और पूरी तरह पारदर्शी बनाने पर जोर देना होगा, ताकि सच्चे साहित्यकारों का विश्वास उन पर बना रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मतदाताओं के लिए बनाए सुविधाजनक मतदान केंद्र



**करसोग ।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग राजकुमार द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मंडी जिला के दूरदराज के क्षेत्र मगाण पोलिंग स्टेशन में मतदाताओं के लिए उपलब्ध करवाई गई नई वैकल्पिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीएम ने पोलिंग बूथ पर उपलब्ध सुविधाओं को जांचा और अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। चुनाव आयोग की ओर से मतदाताओं के लिए सुविधाजनक मतदान केंद्र बनाए गए है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला मगाण परिसर के क्षतिग्रस्त मतदान केंद्र को असुरक्षित घोषित कर दिए जाने से मतदान केंद्र के लिए अब पोलिंग स्टेशन की नई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

### विद्यार्थियों को मतदान के लिए किया जागरूक




**सुंदरनगर ।** महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल कॉलेज के फिजिकल एजुकेशन डिपार्मेट में जाकर टीम के सदस्यों द्वारा मतदान को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया गया। स्वीप टीम के सदस्यों द्वारा कॉलेज छात्रों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल कॉलेज के फिजिकल एजुकेशन डिपार्मेट के स्टाफ सदस्य व स्वीप टीम सदस्यों से देवेंद्र कुमार, रजनीश गौतम, दिनेश सिंह, भीमा व नैना उपस्थित रहे।

### मतदान कर्मियों की रिहर्सल का दूसरा चरण संपन्न



**सुंदरनगर।** विधानसभा क्षेत्र से तैनात पुरुष तथा महिला मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल का दूसरा चरण संपन्न हो गया। एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार ने रिहर्सल का औचक निरीक्षण भी किया। इस चुनावी रिहर्सल में सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले लगभग 400 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इस बात की पुष्टि करते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि चुनावी रिहर्सल का दूसरा चरण संपन्न हो गया है।

### मंझखेतर स्कूल में मनाया 'बैग फ्री-डे'




**सुंदरनगर ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंझखेतर में 'बैग फ्री-डे' मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंझखेतर की प्रधानाचार्य किरन लता ने की। बच्चों द्वारा नारा-लेखन, भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के महत्व को समझाया गया एवं मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षकों व बच्चों ने आगामी 1 जून को मतदान करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ग्रहण की।

### लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक




**सरकाघाट ।** स्वीप टीम द्वारा रोपा ठाठर,खुडला, बतैल तथा साथ लगते ग्रामीण लोगों के पास जाकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने देते हुए बताया कि रोपा ठाठर, खुड़ला, बतेल में स्थानीय लोगों विशेष रूप युवाओं को विभिन्न स्वीप गतिविधियों के माध्यम से लोकतंत्र के महापर्व पर मत और मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वाति डोगरा ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना व मतदान में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

# अस्पताल में पर्ची के लिए घंटों खड़े रहे लोग

## मरीज और तीमारदार रहे परेशान, आम लोगों की पर्ची बनी दो घंटे बाद

**पुष्पराज, मंडी**

गर्मियों के मौसम में अक्सर लोग बीमार हो जाते है और बच्चों का भी इस मौसम में बीमार होने का खतरा बना रहता है।

इसी कड़ी में शनिवार को जोनल अस्पताल मंडी में पंजीकरण काउंटर पर भारी भीड़ देखने को मिली और मरीजों की लंबी लंबी कतारें लगी देखने को मिली, लेकिन जब जानकारी प्राप्त की गई तो लोगों से पता चला की एक पर्ची बनाने में लगभग 20 मिनट लग रहे हैं।

लंबी कतारों में तीमारदार और मरीज लगभग 2 से 3 घंटों तक खड़े रहे। कुछ लोगों का कहना था की कतारें तो लगी है लेकिन कुछ लोग बीच से ही अपनी पर्ची बनाकर निकल जा रहे है।

कुछ लोगों की अस्पताल स्टाफ के साथ जान पहचान होने से पर्ची बनाकर पहले ही बन जाती है और जिनकी जान पहचान नहीं है वह लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते रह गए।



जोनल अस्पताल में पर्ची काउंटर पर कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते लोग।

### स्टाफ द्वारा नियमों के उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

**वहीं** चिकित्सा अधीक्षक डीएस वर्मा ने बताया कि गर्मियों के समय में मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ जाती है जिसके कारण पर्ची बनाने में समय लग जाता है। यदि अस्पताल के स्टाफ द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है तो इसकी जांच की जाएगी और ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### डेढ़ घंटे से खड़े रहे पर नहीं बनी पर्ची : सोहन लाल

हणोगी से आए सोहन लाल ने बताया कि करीब डेढ़ घंटे से कतार में खड़े है लेकिन पर्ची के लिए अभी तक नंबर नहीं आया और कुछ लोग बीच में घुसकर ही पर्ची बनाकर निकले जा रहे हैं। वहीं शिवा बदार से आए भीखम राम ने बताया कि करीब 2 घंटों से पर्ची के लिए कतार में खड़े रहे और उनके साथ उनकी पत्नी और छोटी बच्ची के इलाज के लिए लाया है लेकिन आपातकालीन वार्ड से उन्हें पर्ची बनाने के लिए बाहर काउंटर पर भेज दिया और करीब 2 घंटें का लंबा समय पर्ची काउंटर पर लगने से परिवार भी परेशान हो रहा है।

### ऑनलाइन होनी चाहिए पर्ची की सुविधा : रामलाल

**वहीं** अपने इलाज के लिए पंडोह से आए रामलाल ने का कहना था कि अस्पताल प्रशासन का ऐसा ही रवैया है, मरीज अगर अकेला आया हो तो उसे जगह-जगह दौड़ाया जाता है और पर्ची बनाने में भी लंबा समय लगता है उसके बाद डॉक्टर से मिलने के लिए कतारों में समय चला जाता है और डॉक्टर ने टेस्ट लिख दिया तो टेस्ट करवाने के लिए फिर कतारों में समय लगता है और इतनी देर में शाम हो जाती है और फिर दवाई लिखवाए बिना ही घर जाना पड़ता और दूसरे दिन फिर से किराया खर्च करके अस्पताल आना पड़ता है, जिस कारण आम आदमी का समय बर्बाद होता है।

अस्पताल प्रशासन को युवाओं के लिए पंजीकरण ऑनलाइन सुविधा से करवाना चाहिए ताकि लोगों के समय की बचत हो सके और इलाज समय से होकर मरीज घर जा सके।

# चुनावी व्यय की जांच से नदारद रही निर्दलीय प्रत्याशी राखी




व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी राकेश झा द्वारा व्यय जांच के दौरान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की दूसरी जांच डीआरडीए हॉल में व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी राकेश झा द्वारा की गई। जांच में कुल 10 प्रत्याशियों में से नौ प्रत्याशियों के अधिकृत एजेंट अपने व्यय विवरण की जांच हेतु उपस्थित हुए। एक निर्दलीय प्रत्याशी राखी गुप्ता का कोई एजेंट व्यय जांच के लिए उपस्थित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा प्रत्येक उम्मीदवार के खर्चे की कड़ी निगरानी की जा रही है।

प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की तीसरी जांच अब 29 मई को होगी। पहली जांच 21 मई को की गई थी। व्यय पर्यवेक्षक ने इस दौरान प्रत्याशियों के अधिकृत एजेंटों से चुनाव प्रचार के खर्च का पूरा ब्यौरा

### नौ प्रत्याशियों के एजेंटों ने दिया पूरा ब्यौरा

रोजाना रजिस्टर में दर्ज करने को कहा है ताकि सहायक व्यय पर्यवेक्षकों एवं अकाउंटिंग टीमों द्वारा बनाए गए शैडो रजिस्टर से इसका मिलान कर खर्च का सही आकलन किया जा सके।

झा ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करते ही उम्मीदवार के खर्चे की गणना शुरू हो जाती है और चुनाव परिणाम घोषित होने तक जारी रहती है। चुनावी खर्चे का नियमानुसार हिसाब न देने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है और उनके चुनाव लड़ने पर 3 साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित खर्च 95 लाख की सीमा से ज्यादा खर्चा पाए जाने पर चुनाव में विजयी हो जाने के बाद भी सदस्यता रद्द हो सकती है।

# संधोल के ब्यास दरिया में बोटिंग से पर्यटन को मिला बढ़ावा

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

तीन जिलों का संगम स्थल बड़ोर शहर हारसीपत्तन पर्यटन की दृष्टि से आजकल काफी महत्वपूर्ण हो गया है। यहां बहने वाली ब्यास नदी करोड़ों लोगों के लिए जीवनदायनी तो है ही साथ ही हाल ही में इस नदी पर पर्यटन को पंख लगाने के साथ साथ आजीविका के लिए किए गए प्रयास के फलस्वरूप नौका विहार (बोटिंग) का व्यवसाय शुरू किया है।

इस नौका विहार को लेकर स्थानीय तीनों जिलों के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गर्मियों के इस मौसम में लोग परिवार और बच्चों सहित यहां नौका विहार का लुत्फ उठा रहे हैं।



नौका विहार करते हुए संधोल के युवा।

इसके लिए तीन जिलों के हजारों लोगों के यहां आने से सैकड़ों दुकानदारों के व्यापार में खासा असर पड़ रहा है। जिला कांगड़ा के जयसिंहपुर से मात्र आठ किलोमीटर, जिला हमीरपुर के सुजानपुर से मात्र 22 किलोमीटर की दूरी पर यह एडवेंचर हो रहा है।

प्रशासनिक अधिकारी सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार संधोल ओशीन शर्मा ने विधिवत इसका शुभारंभ किया।

### टिकरू में शराब बरामद, केस दर्ज

**जोगिंद्रनगर ।** जोगिंद्रनगर में उपमंडल आबकारी एवं कराधान विभाग की सहायक आयुक्त संगीता गुरंग, इंस्पेक्टर डेविड मोहन सहित अन्य पुलिस दल ने जोगिंद्रनगर के टिकरू में जांच के दौरान तिलक राणा से हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39 के तहत एक मामला पकड़ा गया।

इस दौरान उससे ऊना नंबर एक के 41 बोतल बरामद किए गए और कुल मात्रा 30.75 लीटर जब्त की गई, वहीं लदरूहीं में एक अन्य मामले में बुद्धि सिंह निवासी लदरूहीं से ऊना नंबर एक के 4 बोतल बरामद कुल मात्रा 3.00 लीटर जब्त की गई।

सहायक आयुक्त संगीता गुरंग ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के तहत विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बुजुर्गों ने घर से किया मतदान





मतदान करने के बाद 94 वर्षीय नूतन व (इनसेट में) कमला गोयल ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शहर के वयोवृद्ध पत्रकार व साहित्यकार केके नूतन 94 वर्ष भूतनाथ बाजार स्थित अपने आवास पर मतदान के बाद पोलिंग पार्टी के साथ फोटो शूट करवाया।

कैहनवाल मार्ग पर स्थित अपने आवास पर 88 वर्षीय कमला गोयल ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने ऐसे लोगों जो शारीरिक तौर पर अक्षम हों या किसी कारण से मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ हों या आयु संबंधी जटिलताओं के चलते घर से बाहर कम जाते हों उन्हें घरों में ही वोट डालने की व्यवस्था की है।

### रामकृष्ण आश्रम लदरुही में होगी श्री राम कथा

**जोगिंद्रनगर ।** श्री रामकृष्ण आश्रम लदरुही में गोकुल वासी श्री श्री 108 गोबिंद दास वैष्णव की सप्तम पुण्यतिथि एवं श्री अन्नपूर्णा गो सदन निर्माण हेतु संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा।

आश्रम के प्रबंधक राम मोहनदास रामायणी ने कहा कि 31 मई को कलश यात्रा प्रात: 10 बजे निकली जाएगी जबकि श्री राम कथा का आयोजन 6 जून तक दोपहर 2 से 5 बजे तक किया जाएगा। 7 जून को सामूहिक सुंदरकांड एवं संत सम्मेलन एवं विशाल योजन होगा। यह विशाल आयोजन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामशरण दास जी महाराज के संरक्षण में होगा। राम मोहनदास रामायणी ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, कालसर्प दोष, एवं पितृ दोष निर्माण हेतु अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे ।

### 26 मई से 2 जून तक एचआरटीसी के लोकल रूट रहेंगे प्रभावित

**मंडी ।** चुनावों के दौरान जहां चुनाव आयोग अपने कार्य में जोरों शोरों से लगा है वहीं एचआरटीसी को भी चुनावों के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को आवाजाही के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अड्डा प्रभारी पवन गुलेरिया ने बताया कि 26 मई से 2 जून तक मंडी डिपो से 125 बसें इलेक्शन ड्यूटी में रहेंगी जिसके कारण लोकल रूट दिनभर प्रभावित रहेंगे। उन्होंने बताया कि सुबह और शाम को यह रूट सुचारु रूप से चलते रहेंगे।

# बस में ओवरलोडिंग होने से बच्चे स्कूल के लिए हो रहे लेट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

बोबर से बाया भनबाड़ सुंदरनगर रूट पर सुबह 7 बजे चलने वाली बस में रोजाना ओवरलोडिंग के कारण बस में भारी भीड़ हो जाती है और रोजाना स्कूल के बच्चे लेट हो जाते है। परस राम निवासी भनबाड़ ने बताया कि बस में रोजाना इतनी भीड़ हो जाती है कि तिल भर भी जगह पैर सरकाने के लिए नहीं रहती हैं।

अड्डा प्रबंधन से मांग कि है कि सुबह सात बजे अतिरिक्त बस का प्रावधान किया जाए जिससे ओवरलोडिंग कम हो सके और बच्चे भी समय से स्कूल पहुंच सके।



बस में जगह न होने के कारण बाहर खड़ी सवारियां, जो परेशान हो रही हैं।

### नीलकंठ मंदिर में चोरी का प्रयास

**मंडी।** नीलकंठ महादेव मंदिर थनेहड़ा में चोरी का प्रयास करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। बता दें कि एक महिला और पुरुष मंदिर के अंदर आते हैं और माथा टेक पूरे गर्भगृह की जांच करने के उपरांत महिला दरवाजे के पास खड़ी हो जाती है तो पुरुष द्वार के पीछे अलमारी का ताला तोड़ने का प्रयास करता है।

एक व्यक्ति ताला तोड़ने का प्रयास करता है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस बारे में एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि इस घटना की जांच की जाएगी।

# बस्सी स्कूल में मनाया 'थैला मुक्त दिवस'



बस्सी स्कूल में प्रतियोगिता के दौरान की तस्वीरें।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी मे शनिवार को थैला मुक्त दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे प्रश्नोतरी तथा एकल गीत प्रतियोगिता करवाई गई।

प्रश्नोत्तरी मे इतिहास राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र और जिला मंडी के बारे मे सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गये। इसमे शास्त्री -सदन प्रथम, सुभाष सदन द्वितीय और सरोजिनी सदन तृतीय स्थान पर रहे। एकल गान मे सीनियर वर्ग मे नंदिनी प्रथम व कृतिका द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमारी द्वारा बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने को प्रोत्साहित किया गया।

# सुंदरनगर में 102 मतदाताओं ने डाले वोट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान करवाया जा रहा है, जिसके लिए 27-सुंदरनगर निर्वाचन क्षेत्र में 12 मोबाइल पोलिंग टीमों का गठन किया गया है, जो सभी चिन्हित मतदाताओं से घर-घर जाकर मतदान करवा रही है।

सभी मोबाइल पोलिंग टीमों ने चौथे दिन यानि 24 मई को चिन्हित आवेदकों के घर पहुंचकर 102 मतदाताओं से मतदान करवाया। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में 722 ऐसे मतदाता है जो 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग या दिव्यांग है जिन्होंने फॉर्म 12-डी भर कर घर से ही मतदान करने के लिए आवेदन किया है।



मोबाइल पोलिंग टीमों द्वारा घर द्वार जाकर मतदान प्रक्रिया करवाते हुए।

# ट्रक और ट्रैवलर में टक्कर, 13 घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शहर से करीब 3 किलोमीटर ब्राधिवीर में टेंपो ट्रैवलर नंबर एचआर 45 डी 2932 और ट्रक नंबर एचपी 69 5759 के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें ट्रैवलर में बैठे 16 में से 13 लोग घायल हो गए। ट्रैवलर की 16 सवारियों में से ड्राइवर समेत 13 लोग घायल हुए।

जानकारी के अनुसार ट्रक चालक 7 मील से बाघा की तरफ जा रहा था और ट्रैवलर चालक मनाली की ओर जा रहा था। ट्रैवलर में 16 यात्री जो सभी पुरुष थे और घूमने के लिए मनाली जा रहे थे जो पानीपत में एक कंपनी में काम करते है और वहीं रहते हैं। यात्रियों में पानीपत का रहने वाला एक व्यक्ति था और एक गुजरात, एक आंध्र प्रदेश और बाकी सभी यात्री तमिलनाडु के रहने वाले बताए जा रहें है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि मामले की छानबीन जारी है।



# ब्रह्मदास चौहान बने मंडी संसदीय क्षेत्र के ऑब्जर्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान को कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें राष्ट्रीय संगठन की तरफ से मंडी लोकसभा सीट के चुनाव में ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य के लिए संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच में तालमेल के साथ पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है।



इस नियुक्ति पर ब्रह्मदास चौहान को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के साथ प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों जिला मंडी के समस्त कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और नाचन विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी बधाई दी है।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-I**

*( for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: **NARENDER KUMAR**

Name of political party: **RASHTRIY DEV BHUMI PARTY**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election: **LOK SABHA**

*Name of Constituency: **2 MANDI**

I NARENDER KUMAR (name of candidate) a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A)** Pending Criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JMFC COURT NO.2 MANDI | P.C. NO. 129/19 | Evidence | 341, 323, 506 I.P.C. |
| | | Date: 22/6/2019 | | |

**(B)** Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
|---|---|---|---|
| | | N/A. | |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs. mention the election concerned in place of name of constituency

10

## चुनाव

### साइकिलिस्ट मंडी से भरमौर तक मतदान के लिए करेंगे जागरूक

# मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्वीप कार्यक्रम के तहत आम लोगों को मतदान का महत्व बताने और एक जून को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए हिमाचल प्रदेश चुनाव आयोग के स्टेट आइकन मंडी निवासी जसप्रीत पाल की अगुवाई में साइकिल एक्सपीडीशन मंडी से रवाना हो गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने शनिवार को सुबह 6 बजे सेरी मंच से रवाना किया। साइकिल एक्सपीडिशन जोगिंद्रनगर, पालमपुर, धर्मशाला, बनीखेत, चंबा होते हुए 30 मई को भरमौर में समाप्त होगी। साइकिलिंग एक्सपीडिशन में जसप्रीत के साथ एक साइकिलिस्ट भरमौर तक उनके साथ रहेगा।

जसप्रीत ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, इसलिए एक जून को जरूर मतदान करें। इस अवसर पर एडीसी मंडी रोहित राठौर, तहसीलदार निर्वाचन राजेश शर्मा, स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विजय गुप्ता और अन्य लोग मौजूद रहे।




जिला निर्वाचन अधिकारी साइकिलिंग एक्सपीडिशन को रवाना करते हुए

### लोकतंत्र के इस महापर्व को पूरे उल्लास के साथ मनाएं

**जोगिंद्रनगर।** मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने को मंडी से भरमौर साइकिल एक्सपीडिशन पर निकले चुनाव विभाग के स्टेट आइकन साइकिलिस्ट जसप्रीत पाल जोगिंद्रनगर पहुंचे। छात्रों को संबोधित करते हुए साइकिलिस्ट जसप्रीत पाल ने कहा कि जिस तरह से हमारे देश में प्रत्येक त्यौहार को धूमधाम से मनाया जाता है उसी तरह लोकतंत्र के इस महापर्व को पूरे उल्लास व उमंग के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर मनाने का आग्रह किया।



साइकिलिस्ट जसप्रीत बच्चों और अन्य के साथ सामूहिक चित्र में ।

# नालागढ़ में पशुओं की दवा बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग



फैक्टरी में लगी हुई आग, जिससे काफी ज्यादा नुकसान हुआ।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**औद्योगिक** क्षेत्र नालागढ़ के बागवानियां स्थित नालका में शनिवार को पशुओं की दवा निर्माता फैक्टरी में आग लग गई। फायर ब्रिगेड नालागढ़ व बद्दी की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हादसे में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। आग कंपनी के स्टोर रूम में लगी, जहां पर वेस्ट मेटिरियल रखा हुआ था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। वहीं स्क्रैप स्टोर के ऊपर फैक्टरी में वेल्डिंग का काम चला हुआ था, जिससे आग लगने का अंदेशा जताया गया है। बद्दी पुलिस एसपी इल्मा अफरोज ने मौके का जायजा लिया।

डीएसपी बद्दी खजाना राम ने बताया कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। फायर ब्रिगेड नालागढ़ के फायर ऑफिसर जयपाल ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# जिले में 1,267 मतदाताओं ने डाला वोट







मोबाइल पोलिंग पार्टियों द्वारा बुजुर्गों से घर में मतदान करवाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा चुनाव -2024 के लिए जिला चंबा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 24 मई तक 1267 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है जिनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 992 मतदाता, 270 दिव्यांग मतदाता तथा 5 आवश्यक सेवाओं से संबंधित मतदाता शामिल है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार अब्सेंटी वोटर के लिए जिला चंबा में 21 मई 2024 से शुरू की गई इस सुविधा के तहत 24 मई 2024 तक विधानसभा क्षेत्र चुराह में 85 वर्ष व इससे से अधिक आयु के 200 तथा 39 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है।

विधानसभा क्षेत्र भरमौर में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 182, दिव्यांग 37 तथा आवश्यक सेवाओं से संबंधित 5 अधिकारियों व कर्मचारियों ने मतदान किया है। विधानसभा क्षेत्र चंबा में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 191 तथा 40 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। डलहौजी विधानसभा में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 172 तथा 76 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। विधानसभा क्षेत्र भटियात में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 247 तथा 78 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार 85 वर्ष व इससे अधिक आयु, दिव्यांग, कोरोना पॉजिटिव तथा आवश्यक सेवाओं में तैनात सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर की सूची में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि 85 वर्षों से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं को मोबाइल पोलिंग पार्टियों द्वारा उनके घर द्वार पर ही मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है।

# अधिकारियों को शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के आदेश जारी



वर्चुअल बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में व्यय निगरानी से संबंधित अधिकारियों से व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने की वर्चुअल बैठक। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला चंबा के लोकसभा चुनावों के व्यय निगरानी से संबंधित अधिकारियों से व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने वर्चुअल बैठक की। बैठक में प्रतिभा चौधरी ने सभी सहायक व्यय पर्यवेक्षकों तथा व्यय निगरानी से संबंधित नोडल अधिकारियों की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सहायक व्यय पर्यवेक्षकों तथा व्यय निगरानी से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारीयों को निष्पक्ष, भयमुक्त तथा शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए अपनी भूमिकाओं का गंभीरता से निर्वाहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक चंबा से चुनावों से संबंधित कानून व्यवस्था बारे विस्तृत चर्चा की तथा जरूरी निर्देश दिए। बैठक में व्यय निगरानी से संबंधित टीमों की कार्य प्रगति व तैनाती के अलावा एमसीएमसी के माध्यम से की जा रही पेड न्यूज की निगरानी व प्रमाणीकरण, कानून व्यवस्था तथा चुनावी प्रक्रिया के दौरान अवैध शराब व धन की वसूली बारे भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसी टू डीसी पृथ्वी पाल सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित।

# चुराह के केहला गांव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मांगे वोट



लोगों से वोट मांगने के दौरान मौजूद कार्यकर्ता व अन्य।

**आजम डार तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत केहला गांव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट मांगें कार्यकर्ताओं और पदाधिकारीयों ने कांग्रेस पार्टी का प्रचार प्रसार जोरो-शोरों से अभियान चलाया हुआ है।

पार्टी के कार्यकर्त्ता गांव गांव जाकर कांगड़ा चंबा से प्रत्याशी आनंद शर्मा और पार्टी के हक में वोट मांग रहे हैं। चुराह के केहला गांव में पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले समय लोगों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा।

इस बैठक में पर्यवेक्षक ललित ठाकुर, एआईसीसी वीरेंद्र, वशिष्ठ जिला उपाध्यक्ष परवेज अली बट्ट, अल्पसंख्यक अध्यक्ष अकल बेग, शारुख हाशु शेख मीडिया अध्यक्ष, हारून बट्ट, इत्यादि शामिल रहे।

# जिले में यात्री वाहनों में नहीं अग्निशमन यंत्र

**एमएम डैनियल, चंबा**

यात्रियों की सुरक्षा को आए दिन किए जाने वाले दावे केवल घटना या दुर्घटना के पलों तक अधिक समिति नजर आ रहे हैं, जबकि आम दिनों में सरकार द्वारा घोषित या लागू यात्री सुरक्षा नियमों में पुलिस द्वारा की जाने वाली यातायात अधिनियम की कार्रवाई केवल नो पार्किंग, हैलमेट व प्रदूषण चालानों तक सीमित रह रही है।

वहीं दूसरी ओर जिला में यात्री सुरक्षा नियमों की अधिकांश छोटे से बड़े यात्री वाहन सरेआम धज्जियां उड़ाते सड़कों पर सरपट-सरपट दौड़ते नजर आ रहे है। जिसका उदाहरण जिला में गिनेचुने वाहनों में ही अग्निशमन यंत्र लगे हैं। जबकि शेष वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा राम भरोसे चल रही है। जिसके चलते वाहन में आग लगने की घटना घटित होने पर वाहन में सवार यात्रियों की जिदंगी दाव पर लग सकती है। लेकिन इन सबसे अंजान संबंधी विभाग अधिकारी आंखें मूंद कर बैठे है। जबकि अपने



सफाई में अधिकारी समय समय पर वाहनों की जांच का हवाला दे अपनी जिम्मेदारी से कनी काट रहे है। जबकि जमीनी हकीकत में पुलिस व आरटीओ विभाग के चालान बुकों अग्निशमन यंत्र अभाव का खाना भरने की बजाय खाली अधिक है। (अनंत ज्ञान)

## कई वाहनों में लगे हैं एक्सपायरी यंत्र

**वाहन** चालक पुलिस की आंखों में धूल झौंकने के लिए एक्सपायर तिथि का यंत्र लगाए हुए है। जबकि निगम, निजी बसों से लेकर चार पहिया टैक्सी वाहन धाक तक वाहनों में अग्निशमन यंत्रों को यात्री सुरक्षा के लिए लगाना अनिवार्य नहीं समझ रहे।

## वाहनों में आग लगने की घट चुकी हैं कई घटनाएं

गौर हो कि वाहनों में आग लगने की कई घटनों के चलते सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यातायात अधिनियम में संशोधन करते हुए टैक्सी के साथ निजी वाहनों में आग निरोधक यंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए थे। आदेशों के प्रारंभिक में तेज अभियान विभिन्न राज्यों के संबंधी विभागों ने चलाने के बाद इस दिशा में मंदगति की रफ्तार पड़ने सहित कई राज्यों ने वाहनों में अग्निशमन यंत्र लगाना छोड़ दिया। जिसमें हिमाचल राज्य का जिला चंबा के संबंधी विभाग एक है।

> जिला के थाना, चौकी पुलिस सहित यातायात पुलिस को टैक्सी से लेकर निजी वाहनों में अग्निशमन यंत्र जांच करने के विशेष निर्देश दिए जाएंगे। ताकि लोगों को वाहनों में घटित होने वाले आग हादसों से सुरक्षा प्रदान करवाई जा सके।
>
> **-अभिषेक यादव, पुलिस अधीक्षक, जिला चंबा।**

# चुनावी पूर्वाभ्यास में 790 मतदान कर्मियों ने लिया भाग



दूसरे चुनावी पूर्वाभ्यास में कर्मियों को संबोधित करते हुए एसडीएम मंडी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के लिए मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों का दूसरा चुनावी पूर्वाभ्यास मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले 790 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तैनात मतदान कर्मियों का दूसरा चुनावी पूर्वाभ्यास संस्कृति सदन सभागार में पूरा हो गया।

इस चुनावी पूर्वाभ्यास में कुल 790 मतदान कर्मियों जिनमें 192 पीठासीन अधिकारी, 214 सहायक पीठासीन अधिकारी तथा 405 मतदान अधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान सभी उपस्थित मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मियों ने अपने लोकतंत्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। सदन सभागार में पोस्टल बैलेट मतदान के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। 144 कर्मियों ने आज पोस्टल बैलेट से अपना मतदान किया।

# मुचायड़ी मार्ग की हालत खस्ता, लोग परेशान

**चंबा ।** हरदासपुरा वार्ड अधीन गांव मुचायड़ी मार्ग की हालत दिन प्रतिदिन खस्ता होती जा रही है। जिसके चलते लोगों का आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस दिशा में स्थानीय लोगों ने नगर परिषद चंबा अधिकारियों व संबंधी वार्ड पार्षद से कई बार गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन लोगों को आज दिन तक मार्ग समस्या से निजात नहीं मिल पाई है।

क्षेत्र ग्रामीणों में प्रकाश चंद, संजीव, रंजीत कुमार, देवेश, अनवर, राजू, भूपेंद्र, प्रदीप, शलैजा, सीमा, ज्योति, ममता, मिनाक्षी, संगीता व मधु आदि का कहना है कि मार्ग पर जगह-जगह गढ्डे होने के साथ मार्ग संकरा हो चुका है। वहीं मार्ग में सुरक्षा दृष्टि से पैरापिट व निकास नाली तक परिषद द्वारा निर्माण नहीं करवाया गया है। उन्होंने वार्ड पार्षद व नगर परिषद अधिकारियों से गुहार की है कि जल्द से जल्द मुचायड़ी गांव मार्ग की सुधार के लिए उचित कदम उठाएं।

# कर्मी 30 मई को पोलिंग बूथों के लिए होंगे रवाना

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मतदान ड्यूटी पर तैनात होने वाले भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों का की दूसरी चुनावी रिहर्सल राजकीय महाविद्यालय भरमौर के सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान लगभग 270 मतदान अधिकारियों और कर्मचारियों में भाग लिया।



मतदान करते हुए कर्मी।

इस अवसर पर एसडीएम भरमौर व सहायक निर्वाचन अधिकारी कुलबीर सिंह राणा ने अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान केंद्रों से संबंधित विभिन्न आवश्यक प्रबंधों, मतदान प्रक्रिया और ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर, सैक्टर अधिकारी और मतदान अधिकारी व कर्मचारी पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें तथा इस पूरी प्रक्रिया को अच्छी तरह समझें, ताकि मतदान के दौरान किसी भी तरह का अनावश्यक विवाद या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि 30 मई को मतदान अधिकारियों व कर्मचारियों को तथा 31 मई को महिला व दिव्यांग कर्मियों को पोलिंग बूथों के लिए रवाना किया जाएगा।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर करतार डोगरा और कृष्ण सिंह ने अधिकारियों-कर्मचारियों को ईवीएम-वीवीपैट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिसके बाद अधिकारियों-कर्मचारियों ने राजकीय महाविद्यालय भरमौर के कमरा नंबर 101 में स्थापित फेसिलिटेशन सेंटर (सुविधा केंद्र) पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से 53 अधिकारियों-कर्मचारियों ने मतदान भी किया।

# सरोल पंचायत में स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीस

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्यालय की निकटवर्ती पंचायत सरोल में लोगों की सहुलियत के लिए स्थापित की गई स्ट्रीट लाइटें शोपीस बन गई है। हालात यह है कि पिछले तीन माह से उक्त लाइटें खराब होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करवाने के बावत गुहार लगाने के बाद भी संबंधी विभाग से समक्ष भी मुद्दा उठाया जा चुका है।

स्थानीय लोगों में अशोक, सुरेश, महेन्द्र, लक्की, सुशील, चमन, कृष्ण लाल, सन्नी और बोवी ने बताया कि सरोल पंचायत अधीन कई गांव अभी भी स्ट्रीट लाइट अभाव से जूझ रहे है। वहीं कई गांवों व्यवस्थित स्ट्रीट लाइटें खराब हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइटें कई स्थानों पर तो पिछले तीन माह से खराब होने के कारण लोगों को रात के समय चलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई गई है। मगर तीन माह बीत जाने के बाद भी संबंधी विभाग तक इस दिशा में कोई भी ठोस कदम नहीं पाए है।

# प्रवासी गुज्जरों ने झील किनारे जमाया डेरा

**जवाली ।** पौंग झील किनारे वन्य प्राणी विभाग की जमीन पर अब प्रवासी गुज्जरों का आगमन शुरू हो गया है। प्रवासी गुज्जर अपने मवेशियों को लेकर झील किनारे पहुंच रहे हैं तथा झील की खाली जमीन पर गंदगी फैला रहे हैं। प्रवासी गुज्जरों पर विभाग कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। वन्य प्राणी विभाग इनको आते देख मूकदर्शक बना हुआ है। जवाली की सड़कों से सैकड़ों मवेशियों को साथ लेकर प्रवासी गुज्जर गुजर रहे हैं लेकिन प्रशासन, पुलिस इन पर कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है।
प्रवासी गुज्जरों के मवेशियों के आने के कारण स्थानीय लोगों को अपने मवेशियों को खुर मुंह की बीमारी होने का डर सताने लगा है।

# शनिदेव के समक्ष सैकड़ों भक्तों ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हरदासपुरा वार्ड मे स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैकड़ों भक्तों ने शीश नवाज शनिदेव दर्शन किए। जबकि मंदिर पुजारी ने शनि भक्तों को शनि महिमा पाठ प्रवचनों से रू-ब-रू करवाया।

शनि महिमा पाठ प्रवचनों से अवगत करवाते हुए पुजारी ने बताया कि सत्य, अहिंसा व नेकी की राह पर चलने वाले भक्तों पर सदैव शनिदेव की रहम दृष्टि बनी रहती है। जबकि लोभी व हिंसा के शिकार मनुष्य शनि प्रकोप दृष्टि का शिकार होते है। इसलिए हे भक्तों शनिदेव महिमा पाठ में बताए गए घटनाओं से सबक लेते हुए अपने



जीवन में अच्छाई एवं नेकी के मार्ग का अनुसरण करे।

इस मौके पर जिला के दूर-दराज क्षेत्रों से दिनभर भक्तों का आने-जाने का सिलसिला देर शाम भगवान शनिदेव की आरती तक चलता रहा।

## सूडोकु 0074 (कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0073 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

26 मई, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** तृतीयाः (6:08) : **नक्षत्र :** मूल (10:36), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** साध्य (08:29) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:45), **राहुकाल** (5:28 -7:11

## विशेष दिन

- 26 मई 2024 : संकष्टी चतुर्थी आज।
- 26 मई 2024 : श्री आनंदमयी जयंती आज।

**मेषः** प्रत्यक्ष टकराव के बजाय आज कूटनीति और चतुराई का प्रयोग कर चीजों को नियंत्रित करने का प्रयास करें। आर्थिक रूप से चीजें स्थिर रहेंगी।

**वृषभः** आमदनी के नए रास्ते भी मिलेंगे। आमदनी बढ़ेगी। व्यापार, नौकरी में स्थिति मध्यम रहेगी। अचानक आने वाली बाधाओं से मन परेशान रहेगा।

**मिथुनः** आपकी आय कम हो सकती है और आपके निवेश ठहराव के चरण में जा सकते हैं। शीघ्र पैसा कमाने की योजनाओं में निवेश करने से बचना चाहिए।

**कर्क :** अधिकारियों के साथ व्यवहार करते समय आपको सावधान रहना चाहिए और विरोधी नहीं बनाना चाहिए। खर्च में काफी वृद्धि हो सकती है।

**सिंहः**भौतिक एवं आर्थिक समृद्धि के लिए आज का दिन लाभदायक है। शत्रु मित्र के रूप में भेष बदलकर आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**कन्या :** लोकप्रियता में बढ़ोतरी संभव है। भाग्य के साथ देने के कारण आप व्यावसायिक एवं आर्थिक रूप से स्थिर स्थिति में रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**तुलाः** विरोधी निष्क्रिय रहेंगे और आपको महत्पूर्ण अधिकारियों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। आपको अपने सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिकः** वित्तीय लाभ उम्मीद से बेहतर है। आप भूमि या शेयर मार्किट में निवेश कर सकते हैं। कई दिनों से किसी से आप मन की बात कहना चाहते थे।

**धनु :** अपना ध्यान उचित प्रयासों में लगाएं। आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नवीन सौदों से भी लाभ होगा। माता-पिता के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**मकरः** आज आप बहुत भाग्यशाली होंगे और अधिकारियों से विशेष सहयोग प्राप्त करेंगे। आप अपने सभी प्रयासों में सफल होंगे।

**कुंभ :** व्यापार में तेजी आएगी और नए रास्ते खुलेंगे। साझेदारी भी फायदेमंद रहेगी। कड़ी मेहनत से आपको अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा।

**मीनः** प्राधिकरण और रैंक के व्यक्ति आपको पक्ष देंगे और आप एक उच्च जिम्मेदार पद पर आसीन हो सकते हैं। आपकी आमदनी बढ़ेगी।

# राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी ने किया शिमला संसदीय सीट पर जीत का दावा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और बीजेपी अपनी अपनी जीत का दावा कर रही हैं तो वहीं शिमला संसदीय सीट से राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी भी अपनी जीत का दावा कर रही हैं।

शिमला संसदीय सीट से राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के प्रत्याशी सुरेश कुमार ने शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि देश में आज आरक्षण के नाम पर बंदर बांट हो रही हैं। जिन लोगों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए था उन्हें नहीं मिला। उन्होंने कहा कि दोनो पार्टियों को चालीस प्रचारक मैदान में उतारने पड़ रहे हैं। सुरेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी के पूर्व सांसदों ने आज तक सिर्फ झूठे वायदे ही किए हैं। सुरेश कश्यप ने पांच सालों तक चेहरा नहीं दिखाया।

उन्होंने अपील की कि लोग उन्हें अपना समर्थन देकर विजय बनाएं। वह क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को संसद में उठाकर उनका निराकरण करेंगे।

# अधिकारियों ने पोस्ट बैलेट से किया मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

दूसरे चुनाव पूर्वाभ्यास का आयोजन मिलेनियम बहुतकनीकी संस्थान चंबा सभागार में किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम चंबा अरुण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को आगामी लोक सभा चुनाव के सफल एवं सुगम संचालन हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए चुनाव आयोजित करवाने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



दूसरे चुनाव पूर्वाभ्यास के दौरान मौजूद अधिकारी।

वहीं प्रोफेसर अविनाश ने सभी उपस्थित अधिकारियों को चुनाव की प्रक्रिया से रू-ब-रू करवाया।

इस दौरान नियुक्त चुनाव अधिकारियों द्वारा अपने ई डी सी भी प्राप्त किए तथा चम्बा कांगड़ा लोक सभा क्षेत्र के इलावा किसी दूसरे लोक सभा क्षेत्र के मतदाता अधिकारियों तथा उपचुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता अधिकारियों ने पोस्ट बैलेट प्राप्त किए व पोस्ट बैलेट के मध्यमन से अपना मतदान किया।

# बच्चों के साथ करें दोस्ताना व्यवहार : शुक्ल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लेडी गवर्नर एवं अध्यक्षा हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस (अस्पताल कल्याण अनुभाग) जानकी शुक्ल द्वारा शिशु गृह टूटी कंडी शिमला का दौरा किया गया, जिसमें उनके साथ अनुभाग की सदस्यों ने भी भाग लिया।

हिप्र राज्य रेडक्रॉस के सहायक सचिव संजीव कुमार ने कहा कि लेडी गवर्नर एवं अध्यक्षा अस्पताल कल्याण अनुभाग द्वारा चाहा गया था कि शिशु गृह टूटीकंडी में रह रहे बच्चों के साथ कार्यक्रम किया जाए। जिसका मुख्य उद्देश्य संस्थान के बच्चों के साथ मिलकर उनका कुशल क्षेम जानना है, इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने



शिशु गृह टूटीकंडी शिमला में दौरे के दौरान मौजूद सदस्याएं।

कहा कि लेडी गवर्नर एवं अध्यक्षा हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस (अस्पताल कल्याण अनुभाग) के निर्देशनुसार अनुभाग की सदस्यों द्वारा समय-समय पर अस्पतालों के दौरे तथा अन्य सामाजिक गतिविधियां की जाती रहती है।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षा द्वारा शिशु गृह प्रशासन के अधिकारियों द्वारा बच्चों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपदुनिदेशक मोहन दत्त शर्मा ने लेडी गवर्नर को शिशु गृह के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

शुक्ल ने कहा कि बच्चों को ऐसा न लगने दें कि उनके पास कुछ नहीं बचा है या वे अकेले रह गए हैं। भोजन, पानी और आश्रय प्रदान करके उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करें। उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करें और उनके साथ विचार साझा करें।

उन्होंने अस्पताल कल्याण अनुभाग की सदस्याओं से आग्रह किया कि वे इन गतिविधियों में भाग लें। इस कार्यक्रम में अस्पताल कल्याण अनुभाग से डॉ. किमी सूद, मयूराक्षी सिंह, सुविधा, सिमी सूद, विद्या ठाकुर, वीना विज तथा शिशु गृह से कर्मचारी तथा हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**धर्मशाला।** नाबालिग लड़की को घर से भगाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध होने पर दोषी को कोर्ट ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही दोषी को 11000 रुपए जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर 2 वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक पोक्सो कोर्ट अनिल शर्मा की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। 23 अप्रैल, 2022 को पीड़िता के पिता ने पुलिस चौकी सदवां में दर्ज करवाई शिकायत में बताया कि उसकी बेटी एटीएम कार्ड बंद करवाने गई थी। उसके बाद वह घर वापस नहीं आई। उन्होंने बताया कि ज्योति नाम का लड़का लड़की को शादी की नीयत से भगाकर ले गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### 401 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**कुल्लू।** ज़िला कुल्लू पुलिस ने 401 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भुंतर की टीम ने बड़ा भूईन फोरलेन बस स्टॉप रेन शैल्टर के समीप गश्त लगा रखी थी और इस दौरान जगत राम उर्फ संजू (31 वर्ष) पुत्र ईश्वर दास निवासी कशामटी डाकघर भूट्टी तहसील व जिला कुल्लू के कब्ज़ा से 401 ग्राम चरस बरामद की है, जिसके चलते पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भुंतर पुलिस थाना में मामला दर्ज कर लिया है।

### डमचीन में अफीम की खेती करने पर मामला दर्ज

**कुल्लू ।** ज़िला कुल्लू पुलिस ने अफीम की खेती करने पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पुलिस थाना पतलीकुहल की टीम ने थिन्चीपाल के समीप गांव डमचीन में खेतों में अफीम की खेती की थी जिसके चलते पुलिस ने यहां 25455 अफ़ीम के अवैध पौधों को बरामद कर नष्ट किया। इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### 27 को लगघाटी में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नम्बर 2 कुल्लू ने शनिवार को विद्युत आपूर्ति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 27 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया की 11 केवी दलिघाट की लाइनों की मुरम्मत और रख-रखाव हेतु रूजग, भुट्टी, कालंग, शालंग, जिंदी, फलाण, तेलंग तिउन, समालंग व आसपास के इलाकों में 27 मई को सुबह 10 बजे से लेकर सांय 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। उन्होंने इस संदर्भ में जनता से सहयोग की अपील की है।

### 29 से मनाया जाएगा मिनी दशहरा शिरढ काहिका

**कुल्लू।** देवता नागराज श्री कालिया नाग के सम्मान में मनाए जाने वाला ऐतिहासिक शिरढ काहिका का आयोजन 29 मई से 5 जून तक होना निश्चित हुआ है, जिसमें कार्यक्रम के अनुसार देव कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में आकर्षण का केंद्र श्री कालिया नाग जी की मुख्य पालकी रहेगी जो 3 साल में एक बार भक्तों को दर्शन देगी। मेले का मुख्य आकर्षण नरमेघ यज्ञ रहेगा, जिसमे तीर से मरने के बाद देवता की शक्ति से मूर्छित नड़ जीवित होगा। हर बार की भांति खेलकूद का आयोजन 31 मई से 1 जून तक किया जा रहा है और यह विशेष रूप से एक ओपन टूर्नामेंट रहेगा, इसलिए जो भी टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती है वह मेला कमेटी शिरढ से संपर्क करे । मेला कमेटी शिरढ के प्रधान आदर्श ठाकुर व उपप्रधान नकुल ठाकुर ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी लोक नृत्य कुल्लवी नाटी का अयोजन भी धूमधाम से किया जा रहा है। मेला कमेटी के सदस्य विशाल शर्मा ने कहा कि मेले में मुख्यतिथी विश्वास मखीजा (मंडल सदस्य राष्ट्र पर्यटन सदस्य ) प्रधान चित्र लेखा (शिरढ़) व राज कुमार (एमडी गंगा कॉटेज) रहेंगे।

### बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता पर किया जागरूक

**कुल्लू।** एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' के अंतर्गत शनिवार को मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बजौरा में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएचपीसी की डॉ.. पिंकी कुमारी रॉय ने व्यक्तिगत स्वच्छता पर छात्रों को जागरूक करने के लिए व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को दांतों को साफ रखने और कई बिमारियों से बचने के लिए हाथों की स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम में पाठशाला की प्रधानाचार्य कविता कपूर तथा दीपक कुमार गुप्ता, यशपाल शर्मा एवं अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहें ।

### सोलन में मनाई देवर्षि नारद जयंती


**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन में पहली बार विश्व संवाद केंद्र शिमला के तत्वावधान में देवर्षि नारद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एमएस पंवार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट सोलन के चेयरमैन डॉ. बीएस पंवार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि रिटायर डीपीआरओ बलवीर सिंह ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी नौणी के डीन कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री डॉ. मनीष ने मुख्य वक्ता रहे।

# रोहतांग दर्रा बहाल होने के बाद पर्यटन कारोबार ने पकड़ी रफ्तार

## कुल्लू सहित लाहौल घाटी में हर दिन लग रहा पर्यटकों का तांता

**कमलेश वर्मा, मनाली/केलांग**





विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग में बर्फ के बीच पहुंचे पर्यटक तथा मनाली-लेह सड़क मार्ग पर दारचा के पास खड़े वाहन।

जिला कुल्लू सहित लाहुल घाटी में पर्यटकों का खूब तांता लगा हुआ है और पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। विश्व प्रसिद्ध रोहतांग दर्रा के बहाल होने के बाद अब पर्यटकों के लिए यह पर्यटन स्थल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

मैदानी क्षेत्रों से गर्मी से निजात पाने को मनाली आ रहे पर्यटक पांच फीट बर्फ के बीच माइनस तापमान का अहसास कर खासे उत्साहित हो रहे हैं। वहीं, इन सभी पर्यटन स्थलों में साहसिक खेलों की धूम मची हुई है। सप्ताहांत के चलते पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। 13050 फीट उंचा रोहतांग दर्रा सैलानियों की पहली पसंद बन गया है। मनाली आने वाला हर पर्यटक रोहतांग के दीदार करना चाहता है।

पर्यटकों की बढ़ती आमद के चलते रोहतांग के लिए 1200 परमिट कम पड़ने लगे हैं। सप्ताहांत के चलते बाहरी राज्यों से आने वाली लग्जरी बसों में भारी बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को डेढ़ सौ से अधिक लग्जरी बसें मनाली पहुंची जबकि छोटे बड़े 2500 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी के चलते मनाली आने वाला हर पर्यटक चार से छह दिन तक मनाली में रुक रहा है। इससे पहले अधिकतर पर्यटक दो या तीन दिन के लिए मनाली में रुक रहे थे लेकिन अब उनका स्टे लम्बा हो रहा है। कुछ बाहरी राज्य के लोग तो ग्रामीण क्षेत्र में 10 से 15 दिन के लिए कमरा किराए में लेकर शान्त व ठंडी वादियों का आनंद ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### रोहतांग बना सैलानियों की पहली पसंद

**उधर,** होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश ठाकुर ने रोहतांग सैलानियों की पहली पसंद बन गया है। 1200 परमिट कम पड़ रहे हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जून महीने में पर्यटकों की आमद को देखते हुए परमिट की संख्या बढ़ाई जाए। होटलियर एसोसिएशन मनाली के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि प्रशासन के साथ उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर लंबी चर्चा की है। एसपी कुल्लू, एसडीएम मनाली और डीएसपी मनाली ने चुनाव के बाद समस्या का समाधान होने का आश्वासन दिया है। उनके अनुसार इन दिनों चुनाव ड्यूटी के कारण पुलिस कर्मचारियों का अभाव चल रहा है। जिससे यातायात नियंत्रण में दिक्कत हो रही है। वहीं, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि शनिवार को 1200 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे। चुनाव होने के बाद ट्रैफिक समस्या से भी काफी हद तक छुटकारा मिल जाएगा। चुनाव के बाद मनाली सहित अन्य जगहों पर अतिरिक्त पुलिस जवान मोर्चा संभालेंगे।

# आनी के बराड़ में खतरा बने चीड़ के पेड़ों को हटाने की मांग

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी कस्बे से एक किलोमीटर पहले एनएच 305 पर स्थित बराड़ उप कस्बे के लोग, घरों के पीछे स्थित चीड़ के पेडों से काफी खौफजदा हैं।

कस्बे के निवासी यशपाल ठाकुर, जेठू राम, ललित शर्मा, चौधरी राम तथा राम स्वरूप आदि का कहना है कि बराड़ आज के समय में एक उप कस्बे का रूप ले चुका है। जहां सैकड़ों लोग रहते हैं। यहां कस्बे के पीछे लगे विशालकाय चीड़ के पेड़ यहां रहने वाले लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। आंधी-तूफान चलने पर चीड़ के पेड़ टूट कर नीचे घरों व सड़क पर आकर गिर रहे हैं। पेड़ के गिरने से कई बार घरों को भारी क्षति पहुंची है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी हाल ही में भी तूफान के कारण कई पेड़ धराशाई हो गए, जो घरों पर गिरने से बाल-बाल बच, मगर पेड़ गिरने से सड़क कुछ समय के लिए वाधित रही, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लोगों का कहना है कि उन्हें चीड़ के पेडों का खतरा हर समय बना हुआ है। वन विभाग द्वारा इन्हें यदि जल्द काटा नहीं गया, तो यहां आंधी तूफान चलने पर. पेड़ गिरने से कभी भी अनहोनी हो सकती है, जबकि इस बारे में स्थानीय लोगों ने वन मंडल अधिकारी लूहरी को भी लिखित तौर पर अवगत कराया है और खतरा बने इन चीड़ के पेडों को जल्द काटने की गुहार लगाई है।

इस बारे वन मंडल अधिकारी चमन राय ने बताया कि बराड में खतरा बने पेड़ों को कटवाने को लेकर, प्रशासन द्वारा जो भी निर्देश जारी होंगे, उसके बाद ही आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



आनी के बराड में सड़क पर गिरा पेड़।

# पर्यटकों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

- सैंज घाटी में नौ माह पहले आपदा में क्षतिग्रस्त सड़क की नहीं हुई मरम्मत
- रैला वॉटरफॉल पहुंचने से पूर्व लौट रहे देश-विदेश के पर्यटक

जिला कुल्लू की सैंज घाटी में पर्यटकों को सुविधाएं नहीं मिल रहीं हैं। सुविधाओं के अभाव में पर्यटक घाटी के रमणीय स्थलों को देखे बिना ही लौट रहे हैं, जो पर्यटन कारोबार के लिए परेशानी बना है।

घाटी में रोजाना सैकड़ों देश-विदेश के पर्यटक रैला और जियाह वाटरफॉल को देखने पहुंच रहे हैं, लेकिन सड़क न होना उनके कदम आधे रास्ते में ही रोक रही है। नौ माह पहले आई प्राकृतिक आपदा में रैला वाटरफॉल को जोड़ने वाली सड़क क्षतिग्रस्त हुई, जिसे अभी तक बहाल नहीं किया गया है। ऐसे में कैसे पर्यटन कारोबार सुदृढ़ होगा। सैंज को प्रकृति ने अपार सुंदरता बक्शी है। घाटी की यही सुंदरता स्थानीय जनता की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के साथ देश-विदेश से आ रहे पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी है।

रैला पंचायत के पूर्व उपप्रधान प्रीतम सिंह, नरेश, कोमदत्त, वीरेंद, यशपाल, नेसराम, चमन, निरत राम व चमन चौहान ने कहा कि सैंज घाटी में रुपी रैला वाटरफॉल, शैंशर का जियाह वाटरफॉल, धाऊगी व देहुरी गांवों की सुंदरता के साथ सुचैहण की दलोगी झील, शांघड़ का देवता मैदान, थिहणी जोत, भाटकंडा थाच व मनुमंदिर पर्यटकों के लिए नए पर्यटन स्थल के रूप में उभरे हैं। पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं, लेकिन असुविधाओं के चलते ये स्थान पूर्ण रूप से उभर नहीं पाए हैं। कहा कि प्रशासन घाटी के पर्यटन स्थलों के रास्ते सुगम बनाने का प्रयास करें, ताकि स्थानीय युवाओं को पर्यटन गतिविधियों से रोजगार मिल सके।

# सभी नागरिक बनें लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्वीप कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जलुग्रा एवं शाट में खादी बोर्ड विकास अधिकारी विवेक शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। विवेक शर्मा ने कहा लोकतंत्र में जन सहभागिता अधिक से अधिक होनी चाहिए इसके लिए हमें मिलकर कार्य करना होगा।

प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जिस देश में रहती है उस देश का लोकतंत्र मजबूत हो जाता है लोकतंत्र के मजबूत आधार में लोगों की भागीदारी विशेष रूप से अहम भूमिका निभाती है एवं सफल लोकतंत्र का प्रमाण ही जन सहभागिता है, इसलिए हमें प्रत्येक जनमानस को वोट देने के लिए प्रेरित करना है। जिला स्वीप टीम के सहायक अधिकारी श्यामलाल हांडा ने कहा कि देश के विकास के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत होना आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हमें प्रत्येक व्यक्ति तक यह संदेश पहुंचाना होगा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा सभी नागरिक बनें। यह तभी सार्थक होगा जब प्रत्येक व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। प्रत्येक नागरिक तक यह संदेश पहुंचाने के लिए आप सभी विद्यालय के विद्यार्थी एक उत्तम संदेशवाहक हैं। यह संदेश आप अपने घर, गांव व मोहल्ले तक पहुंचाएं कि प्रत्येक व्यक्ति मतदान अवश्य करें।

# आपदा में राहत कार्यों के लिए केंद्र से 1700 करोड़ देने की बात झूठी : महिमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



महिमन चंद्र शर्मा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, साथ हैं अन्य।

मोदी सरकार ने हिमाचल में एक साल पहले आई आपदा में कोई मदद नहीं की थी। यह बात इंटक फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिमन चंद्र शर्मा नेकुल्लू के ढालपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पहले जहां हिमाचल के भाजपा नेता आपदा में केंद्र की ओर से करोड़ों रुपए की मदद करने की झूठी बातें कर रहे थे वहीं, अब उनके मुखिया भी मंडी रैली के दौरान मंच से झूठ बोलकर गए हैं। मोदी ने मंडी में आयोजित रैली में कहा कि हिमाचल सरकार को आपदा के समय राहत कार्यों के लिए 1700 करोड़ दिए हैं, जोकि सरासर झूठ है। हैरानी तो इस बात की है कि प्रधानमंत्री के पद पर आसीन व्यक्ति इतना बड़ा झूठ बोल रहा है। प्रदेश सरकार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन से मात्र 300 करोड़ मिले हैं जोकि हर साल मिलते हैं। इसके अलावा केंद्र ने हिमाचल सरकार की आपदा के समय कोई मदद नहीं की है।

# हर विधानसभा क्षेत्र में खोले जाएंगे मेडिकल कॉलेज : सुभाष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कार्यालय का उद्घाटन करते सुभाष मोहन स्नेही।

मंडी संसदीय सीट से पांचवी बार चुनावी मैदान में उतरे आजाद प्रत्याशी एडवोकेट सुभाष मोहन स्नेही ने कहा है कि हर विधानसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। यह बात उन्होंने आज कार्यालय उद्घाटन के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि इस लोकसभा क्षेत्र से न तो पूर्व सांसद चुनाव लड़ रहे हैं और न ही वर्तमान। ऐसे में जनता किससे पिछले कार्यों का हिसाब पूछेगी। दोनों दलों ने नए चेहरे मैदान में उतारे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के लिए सड़कों और सुरंगों की स्थिति मजबूत की जाएगी।

# एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशकों ने सेरी नाला पर चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण



पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-2 नगवाई में एनएचपीसी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशकों की टीम के साथ अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशकों ने 18 मई से 25 मई तक पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो का दौरा किया तथा परियोजना में चल रही विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया।

स्वतंत्र निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, जीजी जोसफ, प्रेम कुमार गोवर्थनन एवं डॉ. रश्मि शर्मा रावल ने पार्वती जलविद्युत परियोजना की एडिट-। साइट तथा बांध स्थल बरशैणी का दौरा किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख-कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने उन्हें परियोजना में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। निदेशक मंडल ने विभिन्न साइट पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा परियोजना की 31.52 किमी टनल के कार्य को समय पर पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुझाव व दिशा-निर्देश दिए। 20 मई को उन्होंने अटल टनल के समीप सेरी नाला पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा इस संबंध में परियोजना के अधिकारियों से जानकारी लीद्य उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

24 मई को स्वतंत्र निदेशक डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर ने पावर हाउस सियूंड (सैंज) का दौरा कर वहां पर चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया एवं इस संबंध में परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली तथा कार्यों को समय पर पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुझाव व दिशा-निर्देश दिए। इसी दिन उन्होंने पार्बती-तीन पावर स्टेशन के बांध का दौरा कर वहां पर चल रहे कार्यो का निरीक्षण भी किया।

25 मई को उन्होंने पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-।। के नगवाईं कार्यालय का निरीक्षण किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परियोजना में चल रही गतिविधियों की समीक्षा बैठक की।

### पार्वती-तीन पावर स्टेशन का भी किया दौरा

**एनएचपीसी** लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक यूएस निरुडकर ने 24 मई को पार्वती-तीन पावर स्टेशन का दौरा किया और पावर स्टेशन के विद्युत गृह और बांध के कामों का भी अवलोकन किया। पार्बती-3 के विद्युत गृह में निरुडकर के आगमन पर निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ एवं पार्बती-तीन परियोजना प्रमुख प्रकाश चंद ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और विद्युत उत्पादन सहित विद्युत गृह में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान निरुडकर ने पावर स्टेसन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इसके बाद निरुडकर द्वारा पावर स्टेशन के सियूंड स्थित बांध का भी निरीक्षण किया गया। निरुडकर ने बांध पर पिछले साल बाढ़ से हुए नुकसान के रिस्टोरेशन व पुनर्निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया और दिशा-निर्देश जारी किए।

# पर्यावरण को लेकर राजनीतिक पार्टियां गंभीर नहीं : गुमान ठाकुर

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते गुमान सिंह, साथ हैं अन्य।

- बोले- किसी भी पार्टी ने लोकसभा चुनावों में नहीं बनाया एजेंडा

हिमालय नीति अभियान के राष्ट्रीय संयोजक गुमान सिंह ने अपने सहयोगियों अजित राठौर, एडवोकेट एडवोकेट रजनीश, शोभा राम आदि के साथ सयुंक्त पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा-कांग्रेस के साथ साथ अन्य राजनीतिक दल के उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन किसी भी पार्टी ने पर्यावरण सरंक्षण के मसले को एजेंडा नहीं बनाया है।

उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक पार्टी इस मसले को लेकर कोई भी गंभीर नहीं है। राजनीतिक पार्टियों को इस मसले को अपने एजेंडे में शामिल करना चाहिए। जल संरक्षण तथा लोक मित्र मिश्रित वनों के उपार्जन के लिए जन सहभागिता आधारित नीति बनाई जाए व प्रदूषण फैलाने वाले सभी उद्यागों पर पूर्ण रोक लगे। प्लास्टिक व कचरा प्रबंधन पर ठोस नीति अपनाई जाए। राजस्व कानून की धारा 118 को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। वन अधिकार कानून को लागू किया जाए। भूमि अधिगृहण कानून के मुताविक परियोजनाओं से प्रभावितों को 4 गुना मुआवजा को दिया जाए। बिजली की ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे खतरे में आने वाली प्रभावित भूमि, रिहायशी घरों, मवेशी खानों का कानूनन अधिग्रहण किया जाना चाहिए और प्रभावितों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार को बिजली ट्रांसमिशन के लिए नया कानून लाने की जरूरत है।

### ऐसी हो राष्ट्रीय विकास नीति

**हिमालयी** पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ विकास व राष्ट्रीय हित को ध्यान में रख कर जन-सहभागिता से हिमालयी विकास नीति बनाई जाए। पहाड़ के परंपरागत निवासियों व जैव विविधता का संरक्षण हो गैर हिमालय अवादियों को यहां न बसाया जाए। रोजगार के साधन खड़े किए जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वन भूमि हस्तांतरण के प्रावधानों को भी बदलने की कोशिश की हैं, तथा देश के सीमा क्षत्रों में बड़ी परियोजनाओं को 100 किलोमीटर तक वन संरक्षण अधिनियम में छूट दी गई। इन बदलावों को निरस्त किया जाए।

# 'नादान भक्त' नाटक का सफल मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



गांधीनगर स्कूल में नाट्य कार्यशाला के दौरान बच्चे नाटक का मंचन करते हुए।

ऐक्टिव मोनाल कल्चरल ऐसोसिएशन की ओर से कुल्लू के सरकारी स्कूलों में आयोजित की जा रही नि:शुल्क नाट्य कार्यशालाओं की कड़ी में राजकीय माध्यमिक पाठशाला गांधीनगर में चौथी और अंतिम कार्यशाला में नाटक 'नादान भक्त' की प्रस्तुति दी।

उक्त कार्यशाला का 21 दिन की अवधि तक संस्था की वरिष्ठ रंगकर्मी मीनाक्षी ने किया और इसमें प्राथमिक व माध्यमिक दोनों पाठशालाओं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर नाट्य कला की बारीकियां सीखीं।

नाटक 'नादान भक्त' विजयदान देथा द्वारा लिखित कहानी 'विश्वास की बात' पर आधारित है और दिखाता है कि भगवान केवल उनके ही नहीं होते जो पूजा पाठ करते हैं और भजन कीर्तन करते हैं बल्कि उनके भी होते हैं जो अपना काम पूरी शिद्दत से करते हैं। नाटक में दृष्टि, साक्षी, गौरव, टीना, तनुजा, लावन्या, बबली, मीनाक्षी, ईशा, परी, हिमानी, निधिका, रचना, पुष्कर, चिराग, युद्धवीर, धर्मेन्द्र, डिंपल, पूनम, तरुण व अमृता आदि बच्चों ने अभिनय किया।

**चुनाव** केलांग में दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित, 327 मतदान अधिकारियों को किया प्रशिक्षित

# पूरी निष्ठा से समन्वय के साथ कार्य करें अधिकारी : राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



केलांग में मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते चुनाव कर्मी।

लोकसभा आम चुनाव व विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए पहली जून को होने वाले मतदान को लेकर शनिवार को लाहौल-स्पीति-21 विस अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र लाहौल के मतदान अधिकारियों के लिए केलांग पुलिस ग्राउंड में दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित करवाया गया।

इस दौरान चुनाव कर्मियों को ईवीएम पीपीटी के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गइ और मतदान करवाने के लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों व गाइडलाइंस बारे विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई । इलेक्शन ड्यूटी के लिए तैनात अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपैट के संचालन की ट्रेनिंग देने के साथ मतदान के दौरान प्रयोग होने वाले दस्तावेजों बारे जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार व सहायक रिटर्निंग अधिकारी लाहौल रजनीश शर्मा ने मतदान के लिए तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी सभी दिशानिर्देशों के अनुसार डयूटी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने चुनाव डयूटी के लिए तैनात सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों को टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा से समन्वय के साथ कार्य करने को भी निर्देशित किया।

राहुल कुमार ने बताया कि रिहर्सल में 327 मतदान अधिकारियों को आज विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इससे पूर्व पहली रिहर्सल 26 अप्रैल को आयोजित की गई थी। रिहर्सल के उपरांत चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिन्होंने 12डी फॉर्म पर मतदान के लिए आवेदन किया था,डाक मतपत्र के माध्यम से खंड विकास अधिकारी कार्यालय केलांग में स्थापित फैसिलिटेशन सेंटर पर मतदान भी किया।

उपायुक्त ने बताया कि अंतिम रिहर्सल 29 मई को करवाई जाएगी। जबकि 30 मई को सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। निर्वाचन विभाग से इलेक्शन कानून गो चंद्रकांत व सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर ऑफिसर भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 400 टेबलेट्स सिंथेटिक ड्रग्स बरामद, केस दर्ज

**सोलन।** पुलिस ने सोलन माल रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय के समीप 6 आरोपियों से करीब 400 टेबलेट्स सिंथेटिक ड्रग्स बरामद किए। जानकारी के मुताबिक पुलिस की स्पेशल टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बीएसएनएल कार्यालय के समीप रह रहे करण और इसके पांच अन्य साथी नशीली दवाइयों की खरीद-फरोख्त का धंधा करते हैं और अभी भी इनके पास भारी मात्रा में नशीली दवाइयों की खेप है, जिसे ये लोग शहर सोलन में युवाओं/छात्रों को सप्लाई करने की फिराक में हैं। जिस पर उपरोक्त टीम द्वारा करण ठाकुर निवासी चंबाघाट सोलन के कमरे की तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान कमरे से 400 टेबलेट्स सिंथेटिक ड्रग्स व नकदी 13,800 रुपए बरामद हुए। इसके साथ इस अवैध धंधे में संलिप्त इसके 5 अन्य साथी मुकेश उर्फ तोई निवासी चौक बाजार सोलन, शुभम निवासी सलोगड़ा, शिवा राणा उर्फ धानु निवासी ओच्छघाट सोलन, मुस्कान बिष्ट निवासी शामती सोलन और कनिष्का निवासी निवासी सलोगड़ा भी कमरा में मौजूद पाए। उपरोक्त बरामद की गई दवाइयों के संदर्भ में ये लोग कोई भी बिल/परमिट/अनुमति पत्र पुलिस को पेश न कर सके। जिस पर इस संदर्भ में थाना सदर सोलन में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करके मामले को आगामी जांच के लिए ड्रग इंस्पेक्टर के हवाले किया जा रहा है। इन आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

### स्वीप के तहत जागरूक किए मतदाता

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) की टीम ने आज बीएल पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामती सोलन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश नेगी ने की। डॉ. जगदीश नेगी ने सभी से शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया और कहा कि मतदान दिवस को एक पर्व के रूप में मनाना चाहिए और सभी को इस पर्व में भागीदार बनाने के लिए निर्वाचन विभाग पूर्ण रूप से प्रयासरत है। उन्होंने छात्रों से अपने घर के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करवाकर इसमें भागीदार बनने का आग्रह भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रथम जून, 2024 को मतदान करने के लिए घर के प्रत्येक मतदाता सदस्य को मतदान केंद्र तक ले जाने बारे वादा लिया। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जनों को मतदान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कर्ण प्रीत कौर, संस्थान के निदेशक, अध्यापक-अभिभावक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य, स्टाफ सदस्य व लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे।

### जिले के 1683 मतदाताओं ने किया घर से मतदान


**सोलन।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने बताया कि ज़िला में 22 मई से 28 मई, 2024 तक अनुपस्थित मतदाता श्रेणी के लिए घर से मतदान प्रक्रिया के तहत मोबाइल मतदान टीम द्वारा वोट डलवाए जा रहे हैं। इस मुहिम में अभी तक 1683 पत्र मतदाता वोट डाल चुके हैं जिनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1225 तथा 458 दिव्यांग मतदाताओं ने अब तक मतदान किया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग द्वारा गठित टीमों ने घर-घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ मतदान प्रक्रिया पूर्ण कर पात्र व्यक्तियों से मतदान करवाया गया। भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ज़िला में अपने घर से ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराया जा रहा है। ज़िला में यह कार्य 28 मई, 2024 तक किया जाएगा। मनमोहन शर्मा ने बताया कि 50-अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अब तक 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 426 और 158 दिव्यांग मतदाताओं, 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 137 तथा 37 दिव्यांग मतदाताओं, 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 195 और 63 दिव्यांग मतदाताओं, 53-सोलन (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 283 और 124 दिव्यांग मतदाताओं मतदाताओं तथा 54-कसौली (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 184 और 76 दिव्यांग मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से घर से मतदान किया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन पात्र व्यक्तियों ने घर से वोट डालने के लिए फार्म भरा था, उनका मतदान कर्मियों द्वारा शत-प्रतिशत वोट डालना सुनिश्चित बनाया जा रहा है।

# बद्दी-नालागढ़ के उद्योगों को नहीं मिल रही पर्याप्त बिजली, उत्पादन प्रभावित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-नालागढ़ में बिजली संकट गहराया है। उद्योगों को पर्याप्त बिजली सप्लाई न मिलने से उत्पादन पर असर पड़ रहा है।

एरिया में रोजाना 20 से 25 बार करीब 10-10 मिनट के बिजली कट लग रहे है, जिससे उद्योगों की मशीनरी व उपकरण भी खराब हो रहे है। यह समस्या अगले 10 दिनों तक झेलनी पड़ेगी। औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ घरेलू बिजली सप्लाई भी प्रभावित चल रही है। इन दिनों एरिया में पारा 42 डिग्री के पार है और लोड पूरा नहीं होने से एसी सहित विद्युत उपकरण भी काम नहीं कर रहे है। बिजली की सुचारु सप्लाई न आने से बद्दी-नालागढ़ के उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच चुके है। उद्योगपतियों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द समाधान नहीं निकाला तो मजबूरन उद्योगों को बंद करना पड़ेगा। दवा निर्माता संघ हिमाचल के अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता का कहना है कि बिजली आपूर्ति न होने से उद्योगों का काम प्रभावित हो रहा है और अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उद्योगों पर पड़ रहा है।


बद्दी का औद्योगिक क्षेत्र।

### उपरला नंगल सब स्टेशन में फरवरी से खराब है 100 एमवीए का ट्रांसफार्मर

उन्होंने कहा कि ऐसे में पूरे उद्योग को जेनरेटर पर चलाना असंभव है और आर्थिक बोझ भी है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकाला जाए। वही, एचडीएमए के प्रवक्ता संजय शर्मा का कहना है कि बिजली की सही सप्लाई न होने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है जल्द ही सरकार को समाधान निकालना चाहिए ताकि उत्पादन प्रभावित न हो।

### इसलिए आ रही समस्या

जानकारी के अनुसार बीते फरवरी माह में नालागढ़ के उपरला नंगल स्थित सब-स्टेशन में 100 एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था हालांकि बोर्ड ने इसकी जगह 30 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया है और 70 फीसदी लोड नहीं सप्लाई हो रहा है। ऐसे में बिजली की अधिक खपत के बाद बार-बार बिजली कट और ट्रिपिंग हो रही है। वहीं अक्कांवाली स्थित सब-स्टेशन में भी इसी तरह की समस्या है जहां ट्रांसफार्मर का काम चल रहा है।

### जल्द निकाला जा रहा समाधान : एक्सईएन

**बिजली** बोर्ड बद्दी के एक्सईएन दीपक वर्मा का कहना है कि उपरला नंगल सब स्टेशन में 100 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने वाले 100 एमवीए ट्रांसफार्मर को भी रिपेयर किया जा रहा है अगले कुछ दिन समस्या रहेगी और उसके बाद स्थायी हल होगा।

# तमिलनाडु, कर्नाटक और असम में बढ़ी सिरमौर व सोलन के लहसुन की मांग

## सोलन सब्जी मंडी से बाहरी राज्यों को रोज हो रही 20 से 22 टन की सप्लाई

**आर मोहन चौहान, सोलन**

औषधीय गुणों से युक्त सोलन और सिरमौर के लहसुन की बाहरी राज्यों में बढ़ गई है। सोलन सब्जी मंडी में लहसुन की आमद बढ़ने के साथ तमिलनाडु, कर्नाटक और असम के कारोबारी हाथोंहाथ माल लेने को तैयार हैं। सब्जी मंडी से रोज 20 से 22 टन लहसुन सप्लाई हो रहा है। वहीं, किसानों को भी लहसुन की फसल के अच्छे दाम मिल रहे हैं।

बेस्ट क्वालिटी लहसुन के दाम इन दिनों 165 से 170 प्रति किलो तक पहुंच गए। हालांकि हल्दी क्वालिटी का लहसुन 80 रुपए के आसपास चल रहा है।

औषधीय गुणों से भरपूर हिमाचल के लहसुन की मांग अब तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक में बढ़ने लग गई है। मांग पूरी करने के लिए व्यापारी खेतों तक पहुंच रहे हैं परंतु फसल की थोड़ी-थोड़ी तैयार होने के चलते किसान सब्जी मंडियों में ही अपना उत्पाद बेचना पसंद करते हैं। लहसुन की मांग बढ़ने से किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


सोलन सब्जी मंडी में लहसुन की खरीददारी करते आढ़ती।

### खेतों से ही हो रही लहसुन की खरीद

**देश** की मंडियों में लहसुन की मांग को देखते हुए अब व्यापारी लहसुन की खरीददारी के लिए सीधे किसानों से संपर्क करके खेतों ही लहसुन खरीद लेते हैं। हालांकि लहसुन की फसल पैदा करना अब महंगा सौदा साबित हो रहा है क्योंकि अच्छे दाम मिलने बाद भी किसानों को लहसुन की फसल से पहले जैसा लाभ नहीं मिल पा रहा। इस समय सिरमौर में लगभग 4,000 हेक्टेयर भूमि में लहसुन की पैदावार हो रही है। यह प्रदेश में सबसे ज्यादा है। सिरमौर में लगभग 60,735 मीट्रिक टन उत्पादन का उत्पादन होता है। फिलहाल किसानों को लहसुन के अच्छे दाम मिल रहे हैं। सोलन सब्जी मंडी के आढ़ती तीर्थानंद भारद्वाज ने किसानों से अपील की है कि वे पूरा पका हुआ व अच्छी तरह सुखा कर ही लहसुन मंडियों में भेजे ताकि उनको इसके उचित दाम मिल सके।

### सिरमौर में अधिक पैदावार

**जिला** सिरमौर में लहसुन की सबसे अधिक पैदावार होती है। अब सोलन-शिमला व कुल्लू में भी किसान लहसुन को आर्थिकी के तौर पर अपनाने लगे हैं। सिरमौर और सोलन में मई तक फसल तैयार होती है। यहां का लहसुन देश ही नहीं, विदेशों में भी धूम मचाता है। इसकी दक्षिण भारत की मंडियों में भारी मांग रहती है। हालांकि कोविड के बाद से अभी तक यहां के लिए लहसुन नहीं गया है लेकिन देश के केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के अलावा त्रिपुरा व सिक्किम भी लहसुन भेजा जाने लगा है।

### किसानों को ग्रेड के हिसाब से मिल रहे दाम

**कृषि** विपणन समिति सोलन के सचिव रविंद्र शर्मा ने बताया कि सोलन सब्जी मंडी में लहसुन की आमद तेज हो गई है। सोलन मंडी से रोज 20 टन से अधिक लहसुन बाहरी राज्यों को सप्लाई हो रहा है। किसानों को भी ग्रेड के हिसाब से दाम मिल रहे है। इन दिनों तमिलनाडु और कर्नाटक में लहसुन की अधिक मांग है।

# टिप्पर और स्कूटी में जोरदार भिड़ंत; एक की मौत, दो घायल

## कालाअंब में नागल-सुकेती रोड पर पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में नागल-सुकेती रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार एक व्यक्ति की मौत और 2 लोगों के घायल होने का समाचार मिला है।

जानकारी के अनुसार, नागल सुकेती निवासी नितिन, सुभाष और पीयूष फैक्ट्री से छुट्टी कर स्कूटी पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान उनके आगे चल रहा टिप्पर (नं. एचआर-37 एफ-2031) अचानक ही रुक गया। तीनों स्कूटी सवार युवक टिप्पर के पीछे जा टकराए। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हुए। जिनमें से नागल सुकेती निवासी सुभाष पुत्र मनीष की मौत हो गई। नितिन और पीयूष बुरी तरह जख्मी है, जिनको अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। बता दें स्कूटी को मृतक सुभाष चला रहा था यह मामला कालाअंब थाना में धारा 279, 337 और 304 ए आईपीसी की धारा के अंतर्गत दर्ज किया गया है।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन भेजा गया है। मामले की जांच जारी है। मामले की पुष्टि काला अंब थाना के द्वारा की गई है।

### कार व स्कूटी की टक्कर में बच्चे की मौत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

उपमंडल के पुरुवाला में कार और स्कूटी की जोरदार टक्कर में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसकी मां व बहन की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार अंजू नामक महिला अपनी बेटी निहारिका व अढ़ाई साल के बेटे मयंक के साथ स्कूटी पर सवार होकर नाहन की ओर से पांवटा की तरफ जा रही थी। इसी बीच पुरुवाला के पास पांवटा की ओर से जा रही कार की अंजू की स्कूटी से भिडंत हो गई। कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों लोग उछल कर सड़क पर जा गिरे।

टक्कर के बाद कार चालक कार सहित फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और तीनों घायलों को सूरजपुर के निजी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने मयंक को मृत घोषित कर दिया, जबकि अंजू और निहारिका का उपचार किया जा रहा है। डीएसपी अदिति ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है।

### चुनावी वादों को पूरा करने से घबरा रही कांग्रेस : अनिल मंगेट


बीएसपी प्रत्याशी अनिल मंगेट के साथ अन्य।

**नाहन।** शिमला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अनिल मंगेट ने आज यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार हर क्षेत्र में जनता को सुविधाएं देने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए स्वास्थ्य केंद्रों पर ताले लगे हुए हैं, जिससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हर जगह उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी का टिकट देकर अपनाआ विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने किए चुनावी वायदों को पूरा करने से घबरा रही है। महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह देने का वादा किया था, एक लाख नौकरियां हर साल युवाओं को देने की कसम खाई थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।

### फोर्टिफाइड चावल उचित मूल्य की दुकानों में उपलब्ध : धीमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र कुमार धीमान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत केंद्र सरकार के निर्देशानुसार फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। चावलों को फोर्टिफाइड करने के लिए उनमें फोर्टिफाइड राइस मिलाए जाते है।

चावल मिलों द्वारा सामान्य चावलों में फोर्टिफाइड राइस निर्धारित मापदंड अनुसार मिश्रित किए जाते है।

प्रतिदिन आहार में आयरन, विटामिन, फोलिक एसिड युक्त फोर्टिफाइड चावलों का इस्तेमाल करने से रक्त में आयरन की मात्रा संतुलित बनी रहती है, जिसके कारण आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया नामक बीमारी से शरीर की रक्षा होती है। इसके अतिरिक्त गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं में रक्त की कमी से होने वाले विकारों से बचाव होता है। ऐसा ध्यान में आया है कि फोर्टिफाइड चावलों को लेकर लोगों में भ्रांति है कि सामान्य चावलों में प्लास्टिक के चावल मिश्रित किए गए है।

यह फोर्टिफाइड राइस कर्नल आकार में चावल से थोड़े मोटे तथा भिगोने पर पानी को अवषोशित करके फूल जाते है। परिणामस्वरूप यह फोर्टिफाइड राइस कर्नल है। अत: सभी उपभोक्ताओ को अवगत करवाया जाता है कि लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किए जा रहे चावल पूर्णत: सुरक्षित तथा पोषक तत्वों से भरपूर है।

# सोलन में रैली निकालकर जागरूक किए मतदाता

## मतदान करना हम सभी का अधिकार ही नहीं, अपितु कर्तव्य भी : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत शनिवार को अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने पुराना उपायुक्त कार्यालय सोलन से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया।

रैली का आयोजन पुराना उपायुक्त कार्यालय सोलन से लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से होकर वापस पुराना उपायुक्त कार्यालय सोलन तक किया गया। अजय ने कहा कि जागरूकता रैली के माध्यम से बच्चों ने मतदाताओं को एक जून, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों द्वारा मतदान से संबंधित नारों के माध्यम से लोगों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हम सभी का अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है।

उन्होंने आह्वान किया कि सोलन ज़िला के सभी मतदाता शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। रैली में राजकीय (छात्र) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, राजकीय (छात्रा) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, एस.डी. स्कूल, सेंट ल्यूक्स स्कूल, एमआरएडीएवी, गीता आदर्श स्कूल के लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर स्वीप की नोडल अधिकारी एवं नगर निगम सोलन की संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रियंका चन्द्रा, उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश चंद नेगी, स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. डी.एन. कमल, हेमेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापक गण उपस्थित थे।



मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिरिक्त उपायुक्त।

# स्कूलों में नुक्कड़ नाटकों से जगाई मतदान की अलख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम ने आज राजकीय उच्च विद्यालय बागा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगल तथा बैरल में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने महिला मंडल, नवयुग मंडल और पंचायत प्रतिनिधियों से लोकतंत्र की मज़बूती के लिए मतदान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांगल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपने माता-पिता एवं परिचितों को मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की। स्वीप अधिकारी डॉ. हेम राज सूर्या और प्रो. योगेश कुमार ने भी सभी से चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने की अपील की।

विद्यार्थियों ने इस अवसर पर मतदान जागरूकता पर गीत-संगीत और नुक्कड़-नाटक के माध्यम से क्षेत्र के लोगों से लोकसभा चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर बागा स्कूल की मुख्य अध्यापिका शारदा देवी, महिला मंडल, नवयुग मंडल और पंचायत प्रतिनिधि सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।



मांगल स्कूल में मतदान को लेकर जागरूकता संदेश देते छात्र, साथ खड़े हैं अध्यापक।

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत लगाई केरल व हिमाचली व्यंजनों की प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दानोघाट में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत विद्यालय परिसर में केरल और हिमाचली व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें सभी अध्यापक व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी में केरल के प्रसिद्ध व्यंजनों में इडली सांभर नारियल की चटनी,उपमा,बड़ा केले के चिप्स और डोसा के स्टाल लगाए गए।

हिमाचली व्यंजनों में सिडडू,कचोरी, मालपुए, चिलडू, मक्की की रोटी, मदरा की दाल, मीठा भात आदि बनाए गए। नोडल अधिकारी दीपा गुप्ता ने बताया कि यह सभी व्यंजन बच्चों तथा अध्यापको के सहयोग से बनाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार ने बताया कि इस आयोजन में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया।


दानोघाट स्कूल में लगाई गई व्यंजनों की प्रदर्शनी।

**तैयारी** लोकसभा चुनाव में तैनात पीठासीन व सहायक पीठासीन व मतदान अधिकारियों को करवाया दूसरा पूर्वाभ्यास

# चुनाव कर्मचारी पूरी लगन व निष्ठा से करें कार्य : डॉ. संजीव

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी चुनाव कुर्मी चुनाव में पूर्ण निष्ठा व समर्पण की भावना के साथ कार्य करें।

उक्त प्रक्टावा सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पच्छाद डॉ. संजीव कुमार धीमान ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराहां में आयोजित पच्छाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों को दूसरी रिहर्सल के अवसर पर किया।


सराहां में चुनाव ड्यूटी के लिए पूर्वाभ्यास में हिस्सा लेते पोलिंग अधिकारी।

एसडीएम ने ईवीएम और वीवीपैट को चलाने और चुनाव प्रक्रिया की बारिकियों के बारे में जानकारी प्रदान की। एसडीएम ने बताया कि ईवीएम मशीन तथा अन्य चुनाव सामग्री लेकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना होने अथवा मतदान के उपरांत ईवीएम सहित चुनावी सामग्री को स्ट्रांग रूम तक वापिस लाने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के निजी वाहन का प्रयोग न करें। केवल पुलिस सुरक्षा में उपलब्ध करवाए गए वाहनों में ही ईवीएम मशीनों तथा अन्य चुनावी सामग्री को मतदान केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा और इसी प्रक्रिया के तहत वापिस लाया जाएगा। ड्युटी में तैनात कर्मचारियों के लिए संबंधित मतदान केंद्रों में ठहरने और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसी भी स्थिति में निजी आवास में न ठहरें और न ही चुनावी सामग्री को निजी आवास में रखें। इस दौरान मतदान अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र (ईडीसी) भी वितरित किए गए ताकि वह अपने होम मतदान केंद्र के अलावा अन्य मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके अतिरिक्त मतदान पार्टियों को मतदान ड्यूटी के लिए विधानसभा क्षेत्र भी आवंटित किए गए हैं। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार राजगढ़ उमेश शर्मा ने ईवीएम, कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपैट को स्थापित करने व उसके प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस मौके पर निर्वाचन कानूनगो मनोज चौहान सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# पुलबाहल के पास धारटुखाड़ी नाले में बस गिरने से चालक की मौत

## परिचालक गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन

**अनंत ज्ञान- नेरवा, चौपाल**

चौपाल उपमंडल के तहत पुलबाहल से तीन किलोमीटर दूर जिला सिरमौर की सीमा पर धारटुखाड़ी नाला में शुक्रवार देर रात एक निजी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक चालक की पहचान कपिल कुमार पुत्र लोक बहादुर गांव थनोग जिला सिरमौर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बस संख्या (एचपी 64 सी-8197) नाहन से पुलबाहल की तरफ आ रही थी एवं इस दौरान यह दुर्घटनाग्रस्त हो कर सड़क से करीब तीस फीट नीचे जा गिरी। जिस समय यह हादसा पेश आया उस समय बस में केवल चालक व परिचालक ही सवार थे, जिनमे से चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि परिचालक घायल हो गया। हादसे का पता चलते ही स्थानीय लोगों ने घायल परिचालक महेश कुमार पुत्र बलदेव गांव बरेडी को स्थानीय अस्पताल पंहुचाया। जहां से उसे सोलन अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल चौपाल लाया गया। जहां पर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।

**स्थानीय लोगों ने घायल परिचालक को पहुंचा अस्पताल**



नाले में गिरी दुर्घटनाग्रस्त निजी बस।

### परिजनों को 25 हजार की दी फौरी राहत

**एसडीएम** चौपाल हेम चंद वर्मा ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक के परिजनों को प्रशासन की तरफ पच्चीस हजार रुपए बतौर फौरी राहत प्रदान किए गए है ।

# कूहलों में लगे कूड़े के ढेरों से सिंचाई करना हुआ मुश्किल


कोठी गांव में लगे कूड़े के ढेर।

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

रिकांगपिओ साडा क्षेत्र के तहत आने वाले कोठी गांव के जमीदारों के सिंचाई कूहल में कूड़े, पॉलिथीन व खाली बोतल के ढेरों से सिंचाई करना मुश्किल हो गया है।

इन दिनों सेब के बगीचों व खेतों में सिंचाई का समय है। वहीं, हॉस्पिटल मोड़ के नीचे व आसपास के सिंचाई कूहलों में फेंके गए कूड़ों के ढेर से जमींदारों को कूहल साफ करना मुश्किल हो गया है।

कोठी के पूर्व प्रधान राज नंद नेगी ने कहा कि हर वर्ष जमींदारों को ही कूहलों को साफ करना पड़ता है। इस वर्ष भी कचरे को तो कूहलों से साफ किया गया, लेकिन कूड़ों के ढेर का निपटान करना मुश्किल है। उन्होंने साडा के अधिकरियों से आग्रह किया है कि घर-घर कूड़े उठा रहे कर्मचारियों से कूहलों के निकाले गए कूड़ों को भी उठाया जाए अन्यथा कूड़ा दोबारा कूहल में चला जाएगा। नेगी ने लोगों से भी अपील किया कि कूड़े इधर-उधर न फेंक कर कूड़े दान में रख कर कूड़े उठाने वाले कर्मचारियों से सफाई करवाए, ताकि साडा क्षेत्र को स्वच्छ रखा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### दोषी को तीन साल का कठोर कारावास

**बिलासपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चिराग भानु सिंह की अदालत ने महिला पर हमला करने वाले दोषी को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 20 हजार रुपए का जुर्माना अदा करने के आदेश भी दिए हैं। जुर्माना नहीं देने तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला न्यायवादी बिलासपुर चंद्रशेखर भाटिया ने बताया कि 17 जुलाई 2021 को विक्रमजीत ने पुलिस के पास बयान दर्ज कर करवाया था कि उसकी मौसी सीता देवी के सिर पर उसके जंवाई सुरेश कुमार निवासी गांव बल्ह भुल्वाणा डाकघर चांदपुर बिलासपुर ने किसी चीज से हमला किया है। घायल सीता देवी को चिकित्सकों ने बयान देने के काबिल नहीं बताया और शिमला आईजीएमसी रेफर कर दिया। शिमला आईजीएमसी ले जाते समय सीता देवी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सदर थाना में सुरेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अदालत में अभियोजन पक्ष की तरफ से कुल 21 गवाह पेश किए गए। इसके आधार पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी को सजा सुनाई गई।

### 30 मई को बिलासपुर आएंगी प्रियंका गांधी

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि 30 मई को प्रियंका गांधी महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी बिलासपुर में आने का प्रस्तावित कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि प्रियंका बिलासपुर की आम जनता और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी और देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने हेतू कांग्रेस के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार सतपाल रायजदा को संसद में भेजनी की अपील करेंगी। संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रियंका गांधी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की स्टार प्रचारक भी हैं और देश में आमजनता और कांग्रेस की प्रखर आवाज भी है। उन्होंने कहा कि प्रियंका जी का बिलासपुर में आगमन बेशक लोकसभा चुनावों के मद्देनजर है लेकिन यह बिलासपुर के लिए सौभाग्य की बात भी है, वह कांग्रेस पार्टी की एक बुलंद आवाज भी है। संदीप सांख्यान ने कहा कि उनके इस सम्भावित दौरे से कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के लिए नव संचरण और नई ऊर्जा का संचरण भी होगा।

### प्रीति आजाद का स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए चयन

**कोटखाई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुड़ग (कोटखाई) की होनहार छात्रा प्रीति आजाद का चयन(वालीबॉल में) स्पोर्ट्स हॉस्टल जुब्बल के लिए हुआ है। आपको बता दे कि यह छात्रा खेलकूद ही नहीं अपितु पढ़ाई के क्षेत्र में भी अव्वल है। विगत वर्ष में इस छात्रा का चयन राष्ट्रीय स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में हुआ था। प्रीति ने इसका श्रेय अपने पिता नरेश आजाद, डीपीई रजनीश जस्टा एवं समस्त विद्यालय संचालन को दिया। समस्त विद्यालय परिवार पुड़ग तथा तमाम शुभचिंतक आपके उज्ज्वल एवं प्रगतिशील भविष्य की कामना करते हैं।

### कल इन क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**रिकांगपिओ।** अधिशाषी अभियंता विद्युत टाशी नेगी ने बताया कि 22 केवी वोक्टू-रिकांगपिओ फीडर में 22 केवी एचटी लाइन ब्रेलंगी के शिफ्टिंग कार्य व विद्युत लाइनों में मरम्मत कार्य के चलते रिकांगपिओ, कल्पा, कोठी, ब्रेलंगी व चुगलिंग गांव में 27 मई को प्रातः नौ बजे से सायं पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि यदि खराब मौसम के कारण कार्य पूर्ण नहीं होता है तो अगले दिन भी विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की असुविधा के चलते जनसाधारण से सहयोग की अपील की है।

### भारी बहुमत दिलाने वाले बूथ प्रभारी होंगे सम्मानित

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला से संबंध रखने वाले कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रकाश सांख्यान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में चारों सीटों पर कांग्रेस पार्टी विजयी हासिल करेगी। प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों को भली भांति जान चुकी और इस बार इसका जवाब लोकसभा चुनावों में जनता खुद देगी। बिलासपुर नगर में प्रेसवार्ता करते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता प्रकाश सांख्यान ने कहा कि कांग्रेस कमेटी ने इन चुनावों को लेकर एक निर्णय लिया है। इसमें आदेश जारी किए गए हैं कि जो-जो भी बूथ प्रभारी या फिर अपने क्षेत्र का प्रभारी होगा और वह अपने बूथ से कांग्रेस को भारी बहुमत दिलाता है उसको कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रशस्त्री पत्र दिया जाएगा। इस प्रशस्त्री पत्र के माध्यम से बूथ प्रभारियों का मनोबल बढ़ाया जाएगा साथ ही उनको भविष्य के लिए कई नए अवसर भी प्रदान होंगे। उन्होंने कहा कि वह हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिला का दौरा कर चुके है। लोकसभा चुनावों में लोग अनुराग ठाकुर द्वारा नीतियों से परेशान हैं और वह इसका जवाब अब चुनावों में जरूर देंगे।

### एनसीसी बी-सी प्रमाण पत्र परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी गर्ल्स विंग की कैडेट्स ने बी और सी प्रमाण पत्र परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम चमकाया है । गौरतलब है कि इस वर्ष एनसीसी गर्ल्स विंग की बी प्रमाण पत्र परीक्षा में 14 कैडेट्स और सी प्रमाण पत्र परीक्षा में 15 कैडेट्स बैठे थे और परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कैडेट्स को बधाई संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और एनसीसी गर्ल्स विंग की सहायक अधिकारी डॉ. रेनू कुमारी ने भी कैडेट्स को बधाई दी। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट श्रवण, कैप्टन जय महलवाल ने भी कैडेट्स को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रोफेसर रंजीत कौशल, प्रोफेसर सुरजीत चंदेल, प्रोफेसर भूमेंद्र, प्रोफेसर अंजु, प्रोफेसर अपर्णा, प्रोफेसर मोनिका, प्रोफेसर रितु, प्रोफेसर नवेंदू तथा अरविंद्रा चंदेल भी उपस्थित रहे।

### 30 वीवीपैट मशीनें कीं आवंटित

**शिमला।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 4 शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र (अ.जा.) के लिए तैनात सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की निगरानी में अनुपूरक ईवीएम मशीनों की पहली रेंडमाइजेशन उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई( इसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने की। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों की पहली एवं दूसरी रेंडमाइजेशन पूर्ण होने के उपरांत आज अनुपूरक ईवीएम मशीनों का आवंटन जिला शिमला के 4 विधानसभा क्षेत्रों के लिए किया गया है। इसमें 28 कंट्रोल यूनिट, 28 बैलट यूनिट एवं 30 वीवीपैट मशीनों को आवंटित किया गया है। इन सभी मशीनों को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में रिज़र्व रखा जाएगा ताकि आवश्यकतानुसार इन मशीनों को प्रयोग में लाया जा सके।

### बिलासपुर में मां भगवती जागरण आठ जून को

**बिलासपुर।** 19वां विशाल मां भगवती जागरण आठ जून को लोअर मेन मार्केट में किया जा रहा है। सीमित के प्रधान चंद्रशेखर हांडा ने बताया कि हर साल की भातिं इस वर्ष भी मां भगवती सकीर्तन मडंल और शहरवासियों के सहयोग से 19वां मां भगवती जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन आठ जून को बड़ी धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। इस बार जागरण में प्रसिद्ध गायक निटू चंचल कैथल वाले और हिमाचल के प्रसिद्ध गायक अभिषेक सोनी मां भगवती का गुणगान करेंगे।

# डीडीयू अस्पताल के बाहर लगाई जाएगी शिकायत पेटी, मरीजों को मिलेगी सुविधा

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला जबजोनल अस्पताल में अब मरीजों को अपनी शिकायतों को लेकर एक वार्ड से दूसरे वार्ड में नहीं भटकना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल के बाहर एक शिकायत पेटी लगाई जा रही है, जिसमें मरीज टेस्ट समय से न होने को लेकर हर तरह की शिकायत सीधा मैनेजमेंट को कर सकेगा।

अभी इस तरह की सुविधा जिला के किसी भी अस्पताल में नहीं है। हॉस्पिटल में तीमारदारों और पेशेंटों की परेशानी को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है। बता दें कि डीडीयू अस्पताल में रोजाना हजारों पेशेंट इलाज कराने के लिए आते हैं ऐसे में उनकी परेशानी को दूर करने के लिए यह काम किया जा रहा है। इस शिकायत पेटी को आज से लगाया जाएगा। सुबह नौ बजे से लेकर शाम तक लोग इसमें अपनी शिकायते लिखकर डाल सकते हैं। जिसे रात के समय मैनेजमेंट द्वारा देखा जाएगा। शिकायतों का निपटारा करने के लिए हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा एक कमेटी का गठन भी किया गया है जो 15 से 20 दिनों के भीतर परेशानी को दूर करेगी। अभी तक अस्पताल में इस तरह की कोई भी सुविधा नहीं थी। जो लोग अपने इलाज के लिए अस्पताल आ रहे थे उन्हें काफी परेशान होना पड़ रहा था। उम्मीद यही की जा रही है कि नए सिस्टम के लागू होने के साथ व्यवस्था में कुछ हद तक सुधार होगा। (अनंत ज्ञान)

### एक्स्ट्रा टेस्ट किट भी मंगवाई

**रिपन** अस्पताल में रोजाना 1000 से 1500 के बीच ओपीडी होती है। जिस वजह से एक्स्ट्रा टेस्ट किट भी मंगवाई गई है। किट आने के बाद आने के बाद पेशेंट बिना समय गंवाए अपने टेस्ट करा सकते हैं। साथ ही अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टरों को पेशेंट के सिर्फ जरूरी टेस्ट कराने के ही निर्देश दिए हैं। अगर मरीज डॉक्टर को किसी अन्य टेस्ट करवाने की बात कहता तो वह तुरंत मना कर दें। सिर्फ बीमारी से जुड़े टेस्ट ही लिखे जाए। वहीं, अब अस्पताल प्रबंधन ने सिर्फ जरूरी टेस्ट लिखने के ही निर्देश दिए हैं।

### मरीजों से प्राप्त होगा फीडबैक

**डीडीयू** के एमएस डॉ. एचआर ठाकुर का कहना है कि अस्पताल आने पर मरीजों को ज्यादा परेशान न होना पड़े इसके लिए लगातार काम किया जा रहा है। कहा कि शिकायत किट के जरिए पेशेंट और तीमारदारों से जो फीडबैक प्राप्त होगा। उसके आधार अपनी सुविधाओं में और ज्यादा सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हॉस्पिटल में शिमला जिले के अलावा सिरमौर, सोलन और किन्नौर के पेशेंट भी आते हैं, ऐसे में अस्पताल को अपग्रेड करना जरूरी है।

# अपने इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ कार्ड जरूर बनवाएं : डॉक्टर प्रवीण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक आदि असंक्रामक रोग हैं।



उन्होंने बताया कि इनकी पहचान हमें होनी चाहिए। असंक्रामक रोगों के लक्षण शरीर के किसी भी भाग में लंबे समय से न भरने वाला घाव, छाला या गांठ, महिलाओं के स्तन में कोई घाव, गांठ या गिल्टी, मासिक धर्म में अतिरिक्त खून आना या बदबूदार पानी का आना, सांस फूलना, अचानक वजन कम या ज्यादा होना, बिना कारण बेचैनी या घबराहट होना, बार-बार पेशाब आना, भूख बहुत ज्यादा या बहुत कम लगना, पांव में सूजन होना, आंखों में दर्द, जलन, पानी बहना या कम दिखाई देने की शिकायत होना, बेहोशी के दौरे पड़ना, चक्कर आना, आवाज का तुतलाना और मुंह टेढ़ा होना, सुनने में तकलीफ, कान में दर्द और पानी बहना आदि हैं। यह लक्षण आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग निरोग योजना के अंतर्गत 18 साल के ऊपर के सभी लोगों का मुफ्त वार्षिक हेल्थ चेकअप सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए नजदीक आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करके अपने इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ कार्ड जरूर बनवाएं। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक आदि असंक्रामक रोग हैं।

### महिलाओं ने ली मतदान की शपथ

**शिमला।** लोकसभा चुनाव में बुजुर्गों, महिलाओं तथा युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि सभी लोग मतदान के लिए आगे आएं और मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से सभी स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को चुनाव संबंधी शपथ दिवलाई जा रही है। इसी कड़ी में आज खंड विकास अधिकारी कार्यालय ठियोग तथा ठियोग खंड की ग्राम पंचायत बलग, क्यारटु, कोट शिलारु, गवाई देवी मोड, संधु, थानेधार, मखरोल, धार कंद्रु, दादद, जैस चियोग, महोग में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शपथ दिलाई गई। वहीं, उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में सभी युवक मंडलों के माध्यम से चुनाव थीम पर खेल गतिविधियों का आयोजन करवाया जाएगा।

# बिलासपुर कॉलेज में डे-केयर रूम किया स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय बिलासपुर में पहली बार कॉलेज प्रशासन द्वारा डे-केयर रूम स्थापित किया गया है। इस डे केयर रूम में महिला कर्मचारी को प्रत्येक सुविधा प्रदान की जाएगी। यहां पर महिला कर्मचारी कई प्राकृतिक समस्याओं व रूम में बैठकर अपने कार्य को कर सकती है।

वहीं, इस तरह की महिला कर्मचारियों को सुविधा देने वाला बिलासपुर कॉलेज प्रदेश का पहला कॉलेज बना है। खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर कॉलेज कार्यकारी प्राचार्य पीएस कटवाल ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर जिले का सबसे बड़ा महाविद्यालय है। जहां पर छात्राओं की संख्या लगभग 2000 व महाविद्यालय में भी महिला कर्मचारियों की संख्या काफी ज्यादा है। इसी क्रम में महाविद्यालय में कार्यरत महिलाओं की समस्याओं को समझते हुए महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने यहां पर एक डे केयर रूम की योजना को अनुमति प्रदान की है। कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है और अब तो वर्कप्लेस पर भी महिलाओं और पुरुषों की संख्या लगभग बराबर है । उन्होंने कहा कि मातृशक्ति की कुछ समस्याओं को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। उन्हें कई प्राकृतिक समस्याओं से रू-ब-रू होना पड़ता है और इस तरह के डे केयर रूम के होने से महिलाएं वर्कप्लेस पर किसी परेशानी या अपने खाली समय में इसका उपयोग कर सकती है ।

### पहल का किया स्वागत

**उन्होंने** अपनी बात को बढ़ाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा समय समय पर कामकाजी महिलाओ की सुविधाओं के लिए नोटिफिकेशन जारी होते रहे हैं। हमें इस बात की खुशी है कि यह प्रदेश का पहला महाविद्यालय बन जाएगा जहां पर महिला कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की व्यवस्था होगी और इसके लिए काम शुरू भी कर दिया गया है। महाविद्यालय के सभी पुरुष एवं महिला दोनों ही स्टाफ के सदस्यों ने इस विचार का स्वागत व धन्यवाद किया है।

# 400 लोगों की जांचीं आंखें

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**



जेएसडब्ल्यू ने शनिवार को करछम वांगतू परियोजना प्रभावित क्षेत्र की जनता के लिए जिंदल संजीवनी अस्पताल शोल्टू में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया शिविर में करीब 400 लोगों की आंखों की जांच हुई और दवाइयां भी वितरित की गई।

इस शिविर में कॉर्निया सेंटर चंडीगढ़ से डॉक्टर अशोक शर्मा और डॉक्टर राजन शर्मा ने अपनी सेवाएं दी। गौर रहे कि जेएसडब्ल्यू समय-समय पर इस प्रकार के शिविर का आयोजित करती रहती है। आगामी महीने में भी एक मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगी, जो इस क्षेत्र की जनता के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। (अनंत ज्ञान)


रोहड़ू। शिमला जिला के रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल डोडरा क्वार के अति दुर्गम पोलिंग स्टेशन पंडार में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। इसमें गांव के सभी महिला और पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम डोडरा क्वार धर्मेश रामोत्रा व स्वीप नोडल अधिकारी भरत खेपान मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने लोगों को शत-प्रतिशत वोट देने के लिए प्रेरित किया।

# गर्ग ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

देश के प्रति उनके इस संकल्प को पूरा करने में घुमारवीं की सम्मानीय जनता भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को रिकॉर्ड मतों से बढ़त मिलेगी तथा वह लगातार पांचवीं बार जीत हासिल करेंगे। लोकसभा चुनावों में भाजपा 400 से अधिक सीटें जीतेगी तथा नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने शनिवार को छंजयार, चोखना, हरितल्यागर, कुड़साय सहित करीब एक दर्जन इलाकों में जाकर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। इस अवधि में केंद्र सरकार ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत करवाएं। साथ ही वे झूठे और भ्रमित करने वाले वादों को लेकर कांग्रेस की पोल भी खोलें, ताकि लोग उनके बहकावे में न आएं।



# शिमला में दिव्यांगजनों और बुजुर्गों ने पोस्टल बैलेट पेपर से किया मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत 4-शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र (अ.जा.) में 85 प्रतिशत दिव्यांग जनों एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं ने घर द्वार पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मत का प्रयोग किया।



4-शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अनुपम कश्यप ने कहा कि उन्होंने कहा कि शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र में अब तक कुल छह हजार 683 दिव्यांगजनों एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं ने घरद्वार पर अपने मत का प्रयोग किया है, जिसमें 50-अर्की विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 426 मतदाता एवं 158 दिव्यांगजन, 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 137 मतदाता एवं 37 दिव्यांगजन, 52-दून विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 195 मतदाता एवं 63 दिव्यांगजन, 53-सोलन विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 283 मतदाता एवं 124 दिव्यांगजन, 54-कसौली विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 184 मतदाता एवं 76 दिव्यांगजन शामिल है। वहीं, 55-पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 212 मतदाता एवं 188 दिव्यांगजन, 56-नाहन विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 260 मतदाता एवं 116 दिव्यांगजन, 57-रेणुका विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 276 मतदाता एवं 100 दिव्यांगजन, 58-पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 213 मतदाता एवं 81 दिव्यांगजन, 59-शिलाई विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 222 मतदाता एवं 147 दिव्यांगजन, 60-चौपाल विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 226 मतदाता एवं 77 दिव्यांगजन, 61-ठियोग विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 413 मतदाता एवं 197 दिव्यांगजन, 62-कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 192 मतदाता एवं 157 दिव्यांगजन शामिल है।

**कार्यक्रम** रिज मैदान पर 'सोटो' ने जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

# लोगों को अंगदान के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के रिज मैदान पर सेव लाइफ मिशन व स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान के प्रति जागरूकता शिविर व रक्तदान शिविर लगाया गया।

सोटो टीम ने लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक किया और पेंफ्लेट बांटकर अंगदान करने के लिए शपथ पत्र भरने का आग्रह किया। इस दौरान सोटो टीम ने बताया कि लोग मृत्यु के बाद भी अपने अंगदान करके जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं। अंगदान करने वाला व्यक्ति ऑर्गन के जरिए आठ लोगों का जीवन बचा सकता है। किसी व्यक्ति की ब्रेन डेथ की पुष्टि होने के बाद, डॉक्टर उसके घरवालों की इच्छा से शरीर से अंग निकाल पाते हैं। इससे पहले सभी कानूनी प्रकियाएं पूरी की जाती हैं। इस प्रक्रिया को एक निश्चित समय के भीतर पूरा करना होता है। ज्यादा समय होने पर अंग खराब होने शुरू हो जाते हैं। देश में प्रतिदिन प्रत्येक 17 मिनट में एक मरीज ट्रांसप्लांट का इंतजार करते हुए जिंदगी से हाथ धो बैठता है। एक व्यक्ति जिसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष को स्वैच्छिक रूप से अपने करीबी रिश्तेदारों को देश के कानून व नियमों के दायरे में रहकर अंगदान कर सकता है। अंगदान एक महान कार्य है जो हमें मृत्यु के बाद कई जिंदगियां बचाने का अवसर देता है। अंगदान के संबंधित सही जानकारी व भ्रम होने की वजह से अधिकतर लोग अंगदान करने से पीछे हट जाते हैं। इसीलिए अगर लोगों में पहले से अंगदान को लेकर पर्याप्त जानकारी होगी तभी ऐसे मौके जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। कार्यक्रम में सोटो की आईईसी मीडिया कंसलटेंट रामेश्वरी, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार और प्रोग्राम असिस्टेंट भारती कश्यप मौजूद रहे।


रिज मैदान पर अंगदान के लिए जागरूक करते हुए।

### गीत-संगीत से बताया मतदान का महत्व

**शिमला।** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन विभाग ने भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलाकारों के माध्यम से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया। कलाकारों ने गीत-संगीत तथा करयाला व स्वांग के माध्यम से लोगों को मतदान का महत्व समझाया और सभी से पहली जून को आवश्यक रूप से मतदान करने का आवाहन किया। कलाकारों ने साधु और नेपाली के किरदार निभाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक रूप से मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान बिग एफएम से आरजे शालिनी ने लोगों से चुनाव के विषय पर वार्तालाप किया और युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्लिपकार्ट में गूगल करेगी 35 करोड़ डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में अल्पांश हिस्सेदारी हासिल करने के लिए करीब 35 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। गूगल का यह निवेश फ्लिपकार्ट द्वारा 2023 में शुरू की गई एक अरब डॉलर जुटाने की पहल का हिस्सा है। फ्लिपकार्ट ने न तो गूगल द्वारा किए जा रहे निवेश की वास्तविक रकम का खुलासा किया है और न ही उसने कंपनी के मूल्यांकन के बारे में बताया है। उसने एक बयान में कहा, 'वॉलमार्ट के नेतृत्व में ताजा निवेश दौर के तहत फ्लिपकार्ट ने आज गूगल को अल्पांश निवेशक के तौर पर शामिल करने की घोषणा की जो दोनों पक्षों द्वारा नियामकीय एवं अन्य मंजूरियों पर निर्भर करेगा।'




### शादियों के सीजन में फिर सस्ता हुआ सोना

**नई दिल्ली।** इस समय शादियों के सीजन चल रहे हैं। ऐसे में सर्राफा बाजार सजकर पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर लोग इस शादियों के सीजन में जमकर गहनों की खरीददारी करते हैं। ऐसे में अगर आप भी सोना-चांदी खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो यह आपके लिए अच्छा समय है। दरअसल, शनिवार सोने और चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। राजधानी दिल्ली में लगातार तीसरे दिन सोने के दामों में गिरावट आई है। सोना हाजिर 900 रुपए टूटकर 72,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इससे पहले गुरुवार को सोने के दाम में 1050 रुपए की गिरावट आई थी।



### जून महीने में 10 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** जून महीने में बैंकों में 10 दिन कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर 3 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इनके अलावा 5 रविवार और 2 शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे। महीने की शुरुआत छुट्टी के साथ होगी। 17 जून को बकरीद/ईद-उल-अजहा के मौके पर देशभर में बैंक बंद रहेंगे। वहीं 18 जून को भी जम्मू और श्रीनगर में बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

### 400 पार के नारे से घबराता है विपक्षी गठबंधन : योगी

**बलिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सलेमपुर लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार रविंद्र कुशवाहा के समर्थन में शनिवार को मनियर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम जब 400 की बात करते हैं तो विपक्षी गठबंधन के लोग घबरा जाते हैं। ये सभी लोग मिलकर भी 400 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनता इन्हें यह कह कर जवाब देगी कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। बोले, कश्मीर से कन्याकुमारी और असम के कामरूप से गुजरात के कच्छ तक एक ही नारा गूंज रहा है कि 4 जून को जब परिणाम आएगा तो कोई रामभक्त ही दिल्ली के सिंहासन पर बैठेगा।



### जम्मू-कश्मीर : सड़क हादसे में पंजाब के चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के निपोरा इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि सभी सात पर्यटक स्पोर्ट्स यूटेलिटी वाहन (एसयूवी) में सवार थे और काजीगुंड से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि चार पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी सात पर्यटक पंजाब के मोगा जिले से आए थे।

### मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पीवी सिंधू

**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मलेशिया मास्टर्स सुपर-500 के फाइनल में जगह बना ली है। महिला एकल वर्ग के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में सिंधू ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को शिकस्त दी। सिंधु ने 88 मिनट तक चले मुकाबले में ओंगबामरुंगफान को 13-21, 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। सिंधू एक साल से अधिक समय बाद अपने पहले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में जगह बनाई है, उनकी आखिरी उपस्थिति अप्रैल में 2023 स्पेन मास्टर्स में थी, जहां उन्हें ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजंग ने हराया था। मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में सिंधू का सामना वांग झी यी से होगा, जिन्हें सेमीफाइनल में हमवतन झांग यिमान को केवल 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-9, 21-11 से हराया।



### विश्व युवा चैंपियनशिप : बेदाब्रत भराली ने पुरुषों के 73 किग्रा भार वर्ग में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** असम के बेदाब्रत भराली ने शनिवार को पेरू के लीमा में अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) विश्व युवा चैंपियनशिप में पुरुषों के 73 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भराली ने दूसरे नंबर पर आए अपने प्रतिस्पर्धी से 12 किग्रा अधिक भार उठाया और कुल 296 (स्नेच में 136 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 160 किग्रा) किग्रा भार के साथ, जो कि पिछले साल उनके कुल वजन से 29 किग्रा अधिक है, स्वर्ण पदक हासिल किया। पिछले साल वह 67 किग्रा वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे थे। संयुक्त राज्य अमेरिका के रयान मैकडोनाल्ड कुल 284 किग्रा के भार के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि यूक्रेन के सेरही कोटेलेवस्की कुल 283 किग्रा के साथ तीसरे स्थान पर रहे।



### एएफसी अंडर-20 पुरुष एशियाई फुटबॉल कप 2025 की मेजबानी करेगा चीन

**दुबई।** चीन एएफसी अंडर-20 पुरुष एशियाई फुटबॉल कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने उक्त घोषणा की। एएफसी के एक बयान में कहा गया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल ऐन में आयोजित एक बैठक में एएफसी प्रतियोगिता समिति ने 2025 अंडर-20 एशियाई कप की मेजबानी के अधिकार चीनी फुटबॉल एसोसिएशन को देने का फैसला किया, जबकि 2025 एएफसी अंडर-17 एशियन कप सऊदी अरब फुटबॉल फेडरेशन को प्रदान किया गया है।

### टी-20 विश्व कप में टीम का नेतृत्व करेंगे बाबर

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार रात आईसीसी टी-20 पुरुष विश्व कप-2024 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। बाबर आजम टी-20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व करेंगे। टी-20 विश्व कप एक से 29 जून के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में खेला जाएगा। हालांकि पीसीबी ने न तो उप-कप्तान और न ही किसी यात्रा रिजर्व की घोषणा की है। **टीम :** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमां, हैरिस राऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।



### डब्ल्यूटीटी कंटेंडर : मानव ठक्कर-मयूश शाह की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो।** मानव ठक्कर और मयूश शाह की भारतीय जोड़ी डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में घरेलू जोड़ी फेलिप डोटी और लुकास रोमनस्की को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने मैच की शुरुआत से ही ब्राजीलियाई जोड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए गेम पर अपना दबदबा बनाए रखा। पहला गेम 11-4 से जीतने के बाद, भारतीय जोड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और विपक्षी जोड़ी पर अपना दबदबा कायम रखते हुए अगले दो गेम 11-6, 11-6 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।



# पश्चिम बंगाल में भीषण चक्रवात को लेकर एनडीआरएफ की टीमें तैनात

## सेना और नौसेना अलर्ट पर, 135 किमी की रफ्तार से चलेगी हवाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को अलर्ट जारी करते हुए कहा कि बंगाल में भीषण चक्रवात तूफान आने की आशंका है। इस तूफान के कारण 110-120 किमी प्रति घंटे से लेकर 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके रविवार आधी रात यानी 26 मई को पश्चिम बंगाल के तट से टकराने की संभावना है। आईएमडी ने चक्रवात के मद्देनजर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए बहुत भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है।




आईएमडी की रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल के उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में फूस के घरों, फसलों, पेड़ों के उखड़ने और निचले इलाकों में बाढ़ से बड़े नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस गंभीर चक्रवात के खतरे से बिजली और संचार लाइनों को भारी नुकसान हो सकता है।

**आईएमडी ने जारी अलर्ट**

**आईएमडी** ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। यह एक गहरे दबाव में बदल गया है। यह सुबह 5.30 बजे सागर द्वीप समूह (पश्चिम बंगाल) से लगभग 380 किमी दक्षिण-पूर्व में और कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से 530 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व में केंद्रित हो गया।

# केजरीवाल बोले-पाक नेता फवाद हुसैन हमारे अंदरुनी मामलों में न दें दखल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पाकिस्तान की इमरान सरकार में मंत्री रहे फवाद हुसैन को शनिवार करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहा चुनाव हमारा आंतरिक मामला है। आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।



फवाद हुसैन लगातार भारतीय चुनाव में भाजपा विरोधी पक्ष को समर्थन देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं। फवाद राहुल गांधी की भी प्रशंसा कर चुके हैं और आज उन्होंने अरविंद केजरीवाल की भी प्रशंसा की। केजरीवाल ने आज मतदान के बाद सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ मतदान किया। इस सोशल मीडिया पोस्ट पर फवाद हुसैन ने री ट्वीट करते हुए कहा कि भारत में चरमपंथ और नफरत फैलाने वालों को शांति और सौहार्द हरा पाए, इसकी वह कामना करते हैं।

जवाब में केजरीवाल ने कहा कि मैं और हमारे देशवासी अपने मसलों को संभालने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। आपके समर्थन की जरूरत नहीं है। हालांकि, फवाद की पोस्ट पर भाजपा नेता किरण रिजिजू ने कहा कि सिर्फ राहुल गांधी ही नहीं, अरविंद केजरीवाल को भी पाकिस्तान में भारी समर्थन है।

# वोटिंग के दौरान धरने पर बैठी महबूबा मुफ्ती

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती लोकसभा चुनाव के छठे चरण की वोटिंग के दिन धरने पर बैठ गई हैं। महबूबा का आरोप है कि उनकी पार्टी के पोलिंग एजेंटों और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बेवजह हिरासत में ले लिया है। महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।



उन्होंने देर रात एक ट्वीट में लिखा कि हमारे कई पीडीपी पोलिंग एजेंटों और कार्यकर्ताओं को वोटिंग से पहले हिरासत में लिया जा रहा है। जब उनके परिवार वाले पुलिस थाने गए तो उन्हें बताया गया कि ये सब अनंतनाग के एसएसपी और साउथ कश्मीर के डीआईजी के निर्देशों पर हो रहा है। हमने चुनाव आयोग को इस बारे में लिखा है, उम्मीद है कि समय पर हस्तक्षेप किया जाएगा।

# चारधाम यात्रा में 14 दिनों में बना नया रिकॉर्ड

## 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**एजेंसी, दिल्ली**

उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरुआत 10 मई से हुई तब से हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि यात्रा शुरू होने के 14 दिनों के भीतर ही 24 मई तक 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। सबसे ज्यादा केदारनाथ में 4 लाख 47 हजार 56 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए हैं।



अभी तक चारधाम यात्रा के लिए 31 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ ही 24 मई तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु धाम में दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन को बंद कर दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 31 मई के बाद चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो सकती है। बताया गया है कि 14 दिनों में 52 श्रद्धालुओं की हार्टअटैक से मौत हुई है।

**बिजली की समस्या से जूझ रहे चारधाम यात्रा मार्ग के व्यापारी**

**गोपेश्वर।** चारधाम यात्रा के बद्रीनाथ का मुख्य पड़ाव पीपलकोटी के व्यापारी बिजली कटौती की समस्या से जुझ रहे हैं। व्यापारियों ने शनिवार को एक बैठक कर विद्युत विभाग से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। व्यापार संघ पीपलकोटी के अध्यक्ष दीपक राणा ने कहा कि चारधाम यात्रा तेजी पर है और पीपलकोटी में व्यापारी बिजली की समस्या से जुझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की ओर से अचानक कभी भी बिजली की कटौती कर दी जा रही है, जिससे व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अचानक बिजली चले जाने और घंटों तक न आने से उनका फ्रीज में रखा सारा सामान खराब हो रहा है, वहीं बढ़ती गर्मी से यात्री भी परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों ने बैठक के माध्यम से विभाग से बिजली कटौती की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# पीएम के चुनावी क्षेत्र में प्रियंका-डिंपल का रोड शो

**एजेंसी, वाराणसी**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिंपल यादव का वाराणसी में रोड शो किया। पहली बार प्रियंका और डिंपल एक साथ रोड शो कर रही हैं। वे विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के लिए वोट मांग रही हैं।

इससे पहले प्रियंका गांधी और डिंपल यादव ने काल भैरव के दर्शन किए। काल भैरव मंदिर के महंत सुनील दुबे ने बताया कि प्रियंका और डिंपल आधा घंटा गर्भगृह में रहीं। दुर्गाकुंड के दुर्गा मंदिर से शुरू हुआ रोड शो रविदास मंदिर तक पहुंचा। शुरुआत में डिंपल और प्रियंका ने दुर्गा मंदिर में मां कूष्मांडा की पूजा की।


रोड शो दौरान प्रियंका गांधी व डिंपल यादव।

वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी दो बार से सांसद हैं और तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। पीएम मोदी ने यहां 13 मई को रोड शो और 14 मई को नामांकन किया था। यहां एक जून को मतदान होना है।

# खुलासा : भारत में 2004 के बाद कम हो गई बूथ कैप्चरिंग

**नई दिल्ली।** भारत में सन 2004 के बाद ईवीएम से चुनाव होने के कारण बूथ कैप्चरिंग कम हो गई है। सिडनी ऑस्ट्रेलिया स्थित एक स्वतंत्र थिंक टैंक लॉ इंस्टीट्यूट के लिए पॉलिटिया रिसर्च फाउंडेशन के चेयरपर्सन संजय पुलिपाका की ओर से लिखे गए एक लेख में शामिल असाधारण लॉजिस्टिक्स से यह तथ्य उद्घाटित हुआ है। इसमें बताया गया है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में यह एक बहुत बड़ा बदलाव आया है। संजय पुलिपका ने अपने लेख में लिखा है कि भारतीय चुनावों में एक उल्लेखनीय नवाचार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग है।

**तीरंदाजी विश्व कप चरण-2**

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक पर साधा निशाना

**एजेंसी, येचियोन**

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने शनिवार को यहां स्टेज-2 स्पर्धा में एकतरफा कंपाउंड महिला टीम फाइनल में तुर्की को 232-226 से हराकर लगातार तीसरा तीरंदाजी विश्व कप स्वर्ण पदक जीता।




दुनिया की नंबर-1 भारतीय कंपाउंड महिला टीम पहले छोर से ही तुर्की की हेजल बुरुन, आयसे बेरा सुजेर और बेगम युवा पर हावी रही और छह अंकों के अच्छे अंतर को बनाए रखते हुए बिना कोई सेट गंवाए स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने एक साथ विश्व कप स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। उन्होंने पिछले महीने शंघाई में विश्व कप स्टेज-1 के शुरुआती सीजन में इटली को हराकर स्वर्ण जीता था। इसके अलावा इन तीनों ने पिछले साल पेरिस में स्टेज-4 में स्वर्ण पदक हासिल किया था।

# रिंकू ने भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में जीता रजत

**एजेंसी, कोंबे**

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंता हेराथ के खिलाफ विरोध में जीत के बाद भारत ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

रिंकू हुडा और अजीत सिंह पुरुषों की एफ46 भाला फेंक के फाइनल में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहे, लेकिन भारत द्वारा विरोध दर्ज कराने के बाद परिणाम रोक दिया गया।

भारत ने इस श्रेणी में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंकाई हेराथ के प्रतिस्पर्धा करने पर अपना विरोध दर्ज कराया था। जांच के बाद पता चला कि हेराथ इस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अयोग्य थे। पैरा खेलों में, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की अनुमति देने के लिए एथलीटों को समान स्तर की शारीरिक क्षमता वाले समूहों में वर्गीकृत किया जाता है।




एफ46 वर्गीकरण, बांह की कमी, कमजोर मांसपेशियां या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है, जिसमें एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। भारत को अनुकूल फैसला मिला और हेराथ को अयोग्य घोषित कर दिया गया। रिंकू, जो मूल रूप से 62.77 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे, को दूसरे स्थान पर अपग्रेड किया गया, जबकि अजीत (62.11 मीटर) को कांस्य पदक दिया गया।

# सचिन सिवाच ने भारत को विजयी शुरुआत दिलाई

**एजेंसी, बैंकॉक**

राष्ट्रीय चैंपियन सचिन सिवाच (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक-2024 के लिए दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के शुरुआती दौर में न्यूजीलैंड के एलेक्स मुकुका पर प्रभावशाली जीत दर्ज की। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल के स्वर्ण पदक विजेता सिवाच ने पूरे मुकाबले के दौरान अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा और जजों के सर्वसम्मत 5-0 के फैसले से जीत दर्ज की।



सचिन पहले ही राउंड से आक्रामक हो गए थे और मुकाबले पर नियंत्रण कर लिया था।

# फाइनल : कोलकाता के सामने हैदराबाद की चुनौती

**एजेंसी, चेन्नई**

एक तरफ क्रिकेट के कुशल रणनीतिकार गौतम गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दूसरी तरफ आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ने वाले पैट कमिंस के सनराइजर्स हैदराबाद, इंडियन प्रीमियर लीग में इस सत्र का सरताज बनने के लिए आखिरी तिलिस्म पर दोनों बेहतरीन टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबले में दर्शकों के लिए रोमांचक क्रिकेट की गारंटी रहेगी।

आम तौर पर खेल में मुकाबले कप्तानों और उनकी टीमों के बीच होते हैं, लेकिन यह आईपीएल फाइनल दीगर है । इसमें एक तरफ 'कोरबो, लोड़बो, जीतबो' की सोच रखने वाले गंभीर का दिमाग है तो दूसरी तरफ एक ऐसा आस्ट्रेलियाई कप्तान है जिसने टीम को विजेताओं वाले तेवर दिए हैं। केकेआर के कप्तान के रूप में दूसरा आईपीएल फाइनल खेलने जा रहे श्रेयस अय्यर इस महामुकाबले में सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं।

एक दशक पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कमिंस छह महीने के भीतर वनडे विश्व कप, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एशेज जीतने वाले कप्तान बनेंगे । अब अगर वह सनराइजर्स को आईपीएल खिताब भी दिला देते हैं तो यह सोने पे सुहागा होगा। दोनों टीमों की टक्कर पहले क्वालीफायर में हुई थी जिसमें केकेआर ने सनराइजर्स को उम्दा गेंदबाजी के दम पर हराया था। केकेआर ने पिछली बार चेन्नई में 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेला था, जिसमें बतौर कप्तान गंभीर ने खिताबी जीत दर्ज की थी।

गौतम गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने फिर 2014 में खिताब जीता और अब वह बतौर मेंटोर भी इसी टीम को खिताब दिलाने की दहलीज पर हैं।

**आईपीएल** 71 विकेट के साथ रिकार्ड भुवनेश्वर कुमार के नाम

# पॉवरप्ले में ट्रेंट बोल्ट के नाम 62 विकेट

**एजेंसी, चेन्नई**

राजस्थान रॉयल्स के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के पॉवरप्ले में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। बोल्ट ने यह उपलब्धि शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ क्वालीफायर-2 में हासिल की।

बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग के चल रहे 17वें संस्करण के सबसे महत्वपूर्ण मुकाबले में अपने चार ओवर के स्पेल में 45 रन देकर तीन विकेट लिए। बोल्ट के नाम पॉवरप्ले में अब 62 विकेट है। वह हैदराबाद के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार से पीछे हैं जिन्होंने पॉवरप्ले में 71 विकेट लिए हैं। पॉवरप्ले में सर्वाधिक विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज संदीप शर्मा (59 विकेट), दीपक चाहर (58 विकेट), उमेश यादव (58 विकेट) और ईशांत शर्मा (57 विकेट) हैं।




**इस साल पॉवरप्ले में 12 विकेट झटके**

बोल्ट ने पॉवरप्ले में एक और रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया है। उन्होंने लीग के चल रहे 17वें संस्करण के पॉवरप्ले में सबसे अधिक विकेट दर्ज किए हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 में पावरप्ले में 12 विकेट लिए हैं। आईपीएल-2024 के पॉवरप्ले में सर्वाधिक विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज भुवनेश्वर (10 विकेट), मिशेल स्टार्क (9 विकेट), वैभव अरोड़ा (8 विकेट) और खलील अहमद (8 विकेट) हैं।

# जिनेवा ओपन : उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच

**एजेंसी, जिनेवा**

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच जिनेवा ओपन में उलटफेर का शिकार हो गए और सेमीफाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से 6-4, 0-6, 6-1 से हार गए। मचाक, जो अपने पहले एटीपी टूर-स्तरीय सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, ने पहले सेट में अपनी ताकत दिखाई जब वह 4-1 से पिछड़ने के बाद वापस आए और सेट 6-4 से अपने नाम किया।

सर्बियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट में बेहतरीन जवाब देते हुए 6-0 से जीत दर्ज की और तीसरे सेट में भी उसी लय को जारी रखते हुए 1-0 से बढ़त बना ली। हालांकि, यहां से मचाक ने फिर से वापसी की और सेट 6-1 से जीतने के साथ मैच भी अपने नाम कर लिया। 37 वर्षीय जोकोविच को अपने 23 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कई बार शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा और पहले सेट के अंत में उन्हें मेडिकल टाइमआउट मिला।

